⏩ वर्ष 73 ⏩ अंक 220 ⏩ पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 09 मई, 2026
⏩ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत् 2083
⏩ नगर ⏩ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> यदि कभी हमें यह दिखे कि डाकुओं का एक दल खूब तरक्की कर रहा है तो ऐसे सच के आधार पर हम कतई यह सिद्धांत नहीं बना सकते कि डकैती डालना ही उन्नितका उपाय है।
> -रवीन्द्र नाथ टैगोर

### भाजपा विधायक दल ने सर्वसम्मति से चुना अपना नेता, अमित शाह ने की घोषणा


# सुवेंदु होंगे पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री, आज 11 बजे करेंगे शपथ ग्रहण

**कोलकाता, जेएनएन।** सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे। शुक्रवार को कोलकाता के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से नेता चुना गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उनके नाम का औपचारिक ऐलान किया। इसके तुरंत बाद 56 वर्षीय सुवेंदु अधिकारी सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल से मिलने लोकभवन पहुंचे।

सुवेंदु शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद राज्य में पहली बार पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

विधायक दल की बैठक के दौरान अमित शाह ने सुवेंदु अधिकारी के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि बंगाल की जनता ने भय, हिंसा और भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने का जनादेश दिया है। शाह ने सुवेंदु को माला पहनाकर बधाई दी और गले लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पूरे सभागार में 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' के नारे गूंजते रहे।

गौरतलब है कि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस बार 294 में से 207 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है, जबकि तृणमूल कांग्रेस 80 सीटों पर सिमट गई।



## शाह बोले- बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा

अमित शाह ने विधायक दल को संबोधित करते हुए कहा कि यह सिर्फ चुनावी जीत नहीं, बल्कि भाजपा की वैचारिक यात्रा का ऐतिहासिक पड़ाव है। उन्होंने कहा कि 'गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा की सरकार बनने का सपना आज पूरा हो गया।' शाह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को लेकर शुरू हुई राजनीतिक यात्रा अब बंगाल में सरकार बनने तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी थी, लेकिन बंगाल में पार्टी की सरकार बनाना उनका अधूरा सपना था।

### महिला सुरक्षा होगी सरकार की प्राथमिकता

सुवेंदु अधिकारी ने विधायक दल की बैठक के बाद कहा कि भाजपा सरकार महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि संदेशखाली और आरजी कर मेडिकल कॉलेज जैसे मामलों की जांच के लिए विशेष आयोग बनाए जाएंगे।

### संदेशखाली पीड़िता को मिल सकता है मंत्री पद

संदेशखाली मामले की पीड़िता रेखा पात्रा को भी नई सरकार में मंत्री बनाया जा सकता है। उन्हें मंत्री पद की सूचना भेजी गई है, हालांकि विभाग तय नहीं हुआ है।

### कोंताई में सुवेंदु के घर के बाहर जश्न

पूर्वी मिदनापुर के कोंताई में सुवेंदु अधिकारी के घर के बाहर समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और पटाखों के साथ जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ता मिठाइयां बांटते नजर आए।

## तमिलनाडुः विजय की राह में 'राज्यपाल बाधा' बरकरार

### 118 विधायकों का समर्थन पत्र गर्वनर को सौंपा, पर उन्होंने नहीं दी हरी झंडी

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर जारी राजनीतिक सस्पेंस अभी बरकरार है। वीटीके चीफ और एक्टर विजय ने लोकभवन में लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने राज्यपाल को टीवीके (107), कांग्रेस (5), सीपीआई (2), सीपीएम (2) और वीसीके (2) के कुल 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा। लेकिन अभी भी राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया है। इससे विजय के शपथ ग्रहण को लेकर संशय बरकरार है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि विजय शनिवार को सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण करेंगे।



इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते।

### टीवीके समर्थकों ने लोकभवन के सामने प्रदर्शन किया

टीवीके समर्थकों ने शुक्रवार सुबह गवर्नर हाउस (लोकभवन) के सामने प्रदर्शन और नारेबाजी की। पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया। कांग्रेस ने भी विजय के समर्थन में प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया है। वहीं टीवीके मुख्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी।

### सुप्रीम कोर्ट की विजय शाह पर सख्त टिप्पणी, कहा-

# बहुत हुआ... अब हमारे आदेश का पालन कीजिए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सेना की महिला अधिकारी सोफिया कुरैशी पर विजय शाह की विवादित टिप्पणी के मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाई और अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने राज्य सरकार से कहा, 'बहुत हो चुका... अब हमारे आदेश का पालन कीजिए।' कोर्ट ने स्पष्ट संकेत दिए कि मामले को अनावश्यक रूप से लंबा नहीं खींचा जा सकता।

यह पूरा विवाद भारत की पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद शुरू हुआ था। इस ऑपरेशन की मीडिया ब्रीफिंग कर्नल सोफिया कुरैशी ने की थी। इसके बाद इंदौर के पास महू के रायकुंडा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में विजय शाह ने कहा था, 'जिन्होंने हमारी बेटियों को विधवा किया, हमने उन्हें सबक सिखाने के लिए उनकी ही एक बहन को भेजा।'

इस बयान को कर्नल सोफिया कुरैशी के धर्म से जोड़कर देखा गया और देशभर में इसकी आलोचना हुई। विपक्षी दलों, महिला संगठनों और पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भी बयान पर आपत्ति जताई थी।

मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान जस्टिस अतुल श्रीधरन ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था, 'अगर जरूरत पड़ी तो अदालत के आदेश को लागू कराने के लिए मैं नर्क भी एक कर दूंगा।'

इसके बाद विजय शाह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 152, 196(1)(बी) और 197(1)(सी) के तहत मामला दर्ज किया गया। इन धाराओं में राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने और समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने जैसे आरोप शामिल हैं।

### प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार

### अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर जताई नाराजगी




### कोर्ट बोला- मंत्री को ऐसे बयान देने की आदत

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मंत्री विजय शाह का बचाव करते हुए कहा कि संभवतः उनके बयान को गलत तरीके से समझा गया और उनका उद्देश्य महिला अधिकारी की प्रशंसा करना था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि यह बयान सिर्फ 'दुर्भाग्यपूर्ण' नहीं बल्कि 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' था। उन्होंने कहा कि एक अनुभवी राजनेता अच्छी तरह जानता है कि किसी महिला अधिकारी की सराहना कैसे की जाती है। कोर्ट ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए टिप्पणी की कि मंत्री को इस तरह की टिप्पणियां करने की आदत है।

### आईपीएल में आज

**राजस्थान बनाम गुजरात**
समय : रात 7.30 बजे से
प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

## रीवा अरोरा से डिलीवरी एजेंट ने की बदसलूकी



**मुंबई, जेएनएन।** रीवा अरोरा ने अपने साथ हुई एक परेशान करने वाली घटना का खुलासा किया है। 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' फेम एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि एक ऑनलाइन डिलीवरी एजेंट ने उनके और उनके परिवार के साथ बदतमीजी की और गालियां दीं। मामला इतना बढ़ गया कि मौके पर मुंबई पुलिस को बुलाना पड़ा। रीवा के मुताबिक यह घटना 26 अप्रैल की है। उन्होंने बताया कि जब ब्लिंकिट का डिलीवरी एजेंट ऑर्डर लेकर उनके घर पहुंचा, तभी से उसका व्यवहार ठीक नहीं था। रीवा ने कहा, 'उसका बोलने का तरीका काफी रूड और अनुचित था। जब मैंने जवाब दिया तो स्थिति और बिगड़ गई। मेरी मां निशा अरोड़ा ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार बदतमीजी करता रहा।' उसकी मुलाकात रीवा की बहन से हुई। रीवा का कहना है कि उसने वहां भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल जारी रखा।

**मामला बढ़ने पर बुलानी पड़ी पुलिस**

### बरगी क्रूज हादसाः संचालक का कलेक्ट्रेट में बयान

## 7 माह से खराब था 1 इंजन अफसरों को थी सब खबर

**जागरण, जबलपुर।** बरगी बांध में 13 लोगों की मौत की वजह बने पर्यटन निगम के क्रूज का एक ही इंजन काम कर रहा था, उसमें भी सात महीने से तकनीकी खराबी थी। उसकी स्पीड कम हो चुकी थी और लोड सहने की क्षमता भी घट गई थी। दूसरा इंजन कभी भी बंद हो जाता था। इसकी जानकारी प्रबंधन को अक्टूबर में लिखित में दे दी थी। भोपाल में निगम के जलक्रीड़ा शाखा के अफसर तक यह शिकायत पहुंच चुकी थी। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। क्रूज के पायलट ने जांच कर रहे अधिकारियों के सामने खुलासा किया है।

कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को क्रूज के स्टॉफ और बचाव दल को बयान के लिए बुलाया था। दुर्घटना के बाद बर्खास्त क्रूज पायलट महेश पटेल ने बयान में कहा कि खराब मौसम में क्रूज चलाने या न चलाने का निर्णय भी चालक दल नहीं लेता, बल्कि प्रबंधन की ओर से निर्देश मिलते हैं। कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को एसडीएम अभिषेक सिंह, तहसीलदारों व प्रशासनिक अमले ने करीब 30 लोगों के अलग-अलग बयान दर्ज किए हैं।



### भागा नहीं, जैकेट भी मैंने ही बांटी

पायलट ने कहा कि मैं भागा नहीं था। मौसम बिगड़ने पर लाइफ जैकेट मैंने ही लोगों को दी थीं। लोगों को बचाने की कोशिश कर रहा था।

### अभी नहीं पहुंची जांच समिति

हादसे को आठ दिन बाद भी कमेटी की ओर से जांच शुरू नहीं हो सकी है। सीएम ने होमगार्ड डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, सचिव पर्यटन विभाग इलैयाराजा टी तथा जलबपुर संभागायुक्त डीएस भदौरिया को लेकर तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है।

### तीसरी याचिका भी दायर

हादसे की निष्पक्ष जांच के लिए हाईकोर्ट में एक ओर याचिका शुक्रवार को दायर की गई है। इसमें केंद्र व राज्य के अलावा पर्यटन विभाग को पक्षकार बनाया है।


### रेस्क्यू ऑपरेशन में चकनाचूर किया क्रूज

सर्च ऑपरेशन के दौरान क्रूज को जेसीबी से चकनाचूर करा दिया था। गैस कटर से इसके कई टुकड़े कराए गए थे। अब क्रूज में खराबी और मेंटेनेंस के नाम पर दिखाए गए लाखों रुपए के खर्च को लेकर भी सवाल उठ गए हैं। माना जा रहा है कि जांच में कई खामियां और घोटाले सामने आ सकते हैं। इसी के चलते क्रूज नष्ट करा दिया गया है। बरगी से भाजपा विधायक नीरज सिंह ही निगम अफसरों के इस कदम पर सवाल उठा रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि इंजन की जांच में पूरी लापरवाही सामने आ जाएगी।

### कांग्रेस-टीवीके गठबंधन

## अय्यर बोले- यह घटिया राजनीतिक अवसरवाद

**चेन्नई, जेएनएन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने तमिलनाडु में पार्टी द्वारा तमिलगा वेट्‌टी कझगम (टीवीके) के साथ गठबंधन करने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे 'भयावह' और 'घटिया राजनीतिक अवसरवाद' करार दिया। अय्यर ने कहा कि कांग्रेस ने डीएमके के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन नतीजों के तुरंत बाद उसी टीवीके के साथ हाथ मिला लिया, जिसने चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ मुकाबला किया था। अय्यर ने कहा कि यह महात्मा गांधी के उस सिद्धांत के खिलाफ है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'स्वराज नैतिकता पर आधारित शासन होना चाहिए।' उन्होंने इसे 'अक्षम्य गलती' बताया।



## लोस में कांग्रेस के साथ नहीं बैठेंगे डीएमके सांसद, टीवीके को समर्थन पर बढ़ा विवाद

**चेन्नई, जेएनएन।** द्रविड़ मुनेत्र कझगम (डीएमके) ने तमिलनाडु में तमिलगा वेट्‌टी कझगम (टीवीके) को कांग्रेस के समर्थन देने के बाद बड़ा राजनीतिक कदम उठाया है। डीएमके ने लोकसभा में कांग्रेस सांसदों के साथ नहीं बैठने का फैसला किया है।

डीएमके सांसद कनिमोझी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को पत्र लिखकर पार्टी सांसदों के लिए अलग सिटिंग अरेंजमेंट की मांग की है। उन्होंने कहा कि बदलते राजनीतिक हालातों में कांग्रेस सांसदों के साथ बैठना उचित नहीं रहेगा। लोकसभा में डीएमके के 22 सांसद हैं और वह इंडिया गठबंधन की चौथी सबसे बड़ी पार्टी है। अभी तक उसके सांसद कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सांसदों के साथ



विपक्षी ब्लॉक में बैठते रहे हैं।

डीएमके नेताओं ने कांग्रेस पर 'पीठ में छुरा घोंपने' का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने कहा कि कांग्रेस को तमिलनाडु में मिली पांच सीटें डीएमके गठबंधन की वजह से मिलीं। उनका दावा है कि गठबंधन न होता तो कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाती।वहीं कांग्रेस का कहना है कि उसने तमिलनाडु की जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए टीवीके का समर्थन किया है।

### एनडीए से अलग हो सकती है अन्नाद्रमुक

इस बीच, ऑल इंडिया द्रविड मुनेत्र कझगम (एआईएडीएमके) के एनडीए से अलग होने की अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक पार्टी नेतृत्व गठबंधन की मौजूदा स्थिति और भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से विचार कर रहा है। अगर एआईएडीएमके ने एनडीए से दूरी बनाई, तो यह दक्षिण भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही भाजपा के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जाएगा। दोनों दलों के बीच लंबे समय से कई मुद्दों पर मतभेद चल रहे हैं। खासतौर पर तमिलनाडु में नेतृत्व की भूमिका और गठबंधन की रणनीति को लेकर अन्नाद्रमुक के भीतर नाराजगी बढ़ी है।

## ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी को अमेरिकी कोर्ट ने बताया अवैध

### 10 फीसदी ग्लोबल टैरिफ पर रोक

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के इंटरनेशन ट्रेड कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 10 फीसदी ग्लोबल टैरिफ नीति को अवैध करार दिया है। अपने एक अहम फैसले में कोर्ट ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने कांग्रेस की मंजूरी के बिना आयात शुल्क लगाने के अधिकारों का गलत इस्तेमाल किया। तीन जजों की पीठ ने 2-1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रंप द्वारा इस साल फरवरी में लागू किया गया ग्लोबल टैरिफ आदेश 1974 के व्यापार कानून के तहत वैध नहीं है। कोर्ट ने साफ कहा कि राष्ट्रपति को इतने बड़े पैमाने पर इम्पोर्ट ड्यूटी लगाने का असीमित अधिकार नहीं है।

यह पहला मौका नहीं है जब ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति अदालत के निशाने पर आई हो। इससे पहले अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट भी ट्रंप प्रशासन के कुछ टैरिफ फैसलों को रद्द कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने तब कहा था कि राष्ट्रपति की 'इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स' असीमित नहीं हैं और उनका इस्तेमाल कानून के दायरे में ही किया जा सकता है।

### प्रशासन की दलील खारिज



ट्रंप प्रशासन ने अपने फैसले को सही ठहराने के लिए 'ट्रेड एक्ट 1974' की धारा 122 का हवाला दिया था। प्रशासन का तर्क था कि अमेरिका इस समय करीब 1.2 ट्रिलियन डॉलर के व्यापार घाटे का सामना कर रहा है, इसलिए अस्थायी टैरिफ लगाना जरूरी था। अदालत ने इस दलील को खारिज कर दिया। जजों ने कहा कि केवल व्यापार घाटा होना उस कानूनी शर्त को पूरा नहीं करता, जिसके तहत राष्ट्रपति आपातकालीन आर्थिक शक्तियों का इस्तेमाल कर सकें।

### भारत के लिए क्या मायने

ट्रंप लंबे समय से भारत समेत कई देशों के साथ व्यापारिक समझौतों और टैरिफ को लेकर सख्त रुख अपनाते रहे हैं। ऐसे में अमेरिकी अदालत का यह फैसला भारत के लिए राहत भरा माना जा रहा है। अगर अमेरिका में ग्लोबल टैरिफ नीति कमजोर पड़ती है, तो भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में पहुंच आसान बनी रह सकती है। इससे भारतीय उत्पादों की लागत बढ़ने का खतरा भी कम होगा।

### शतकवीर — 100 साल के हुए मशहूर पर्यावरण संरक्षक, लेखक और डॉक्यूमेंट्री मेकर डेविड एटनबरो

# एटनबरो ने दुनिया को पृथ्वी से प्रेम करना सिखाया

**लंदन, जेएनएन।** डेविड एटनबरो आज शनिवार को अपने जीवन के 100 वर्ष पूरे कर चुके हैं। यह महज किसी मशहूर डॉक्यूमेंट्री मेकर, होस्ट या पर्यावरणविद् का जन्मदिन नहीं, बल्कि उस व्यक्ति की शताब्दी है जिसने करोड़ों लोगों को पहली बार यह एहसास कराया कि पृथ्वी केवल इंसानों की संपत्ति नहीं, बल्कि सभी जीवों की साझा विरासत है।

जब दुनिया युद्ध, तकनीक, बाजार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की ओर तेजी से बढ़ रही है, तब भी एटनबरो की शांत आवाज हमें जंगलों की नमी, समुद्रों की गहराई, पक्षियों की पुकार और पृथ्वी की पीड़ा सुनाना नहीं भूली। उन्होंने कैमरे को केवल रिकॉर्डिंग मशीन नहीं रहने दिया, बल्कि उसे मनुष्य और प्रकृति के बीच एक संवेदनशील पुल बना दिया।


दुनिया में वैज्ञानिक भी बहुत हुए और फिल्मकार भी, लेकिन एटनबरो इन दोनों के बीच की दुर्लभ कड़ी बने। उन्होंने विज्ञान को रोचक बनाया और भावनाओं को तथ्यों से जोड़ा।

1950 के दशक में उनका बीबीसी के साथ सफर शुरू हुआ। उनकी शुरुआती श्रृंखला 'जू क्वेस्ट' ने दर्शकों को पहली बार दूरस्थ जंगलों, दुर्लभ जीवों और आदिम समुदायों से परिचित कराया। उनकी सबसे बड़ी ताकत थी- विस्मय पैदा करना। जब वे किसी हिमखंड के टूटने, व्हेल के गीत, पक्षियों के प्रणय नृत्य या रेगिस्तानी छिपकली के संघर्ष का वर्णन करते थे, तो दर्शक केवल जानकारी नहीं लेते थे, बल्कि उस जीव के साथ भावनात्मक रिश्ता बनाने लगते थे।

वैज्ञानिक समुदाय ने उनके सम्मान में कई जीव-जंतुओं और पौधों की प्रजातियों का नाम उनके नाम पर रखा है। इनमें तितलियां, मकड़ियां, समुद्री जीव, जीवाश्म और यहां तक कि मांसाहारी पौधे भी शामिल हैं। हाल ही में खोजी गई एक नई परजीवी ततैया प्रजाति का नाम भी उनके 100वें जन्मदिन पर रखा गया है।

### बीबीसी ने कर दिया था रिजेक्ट

डेविड फ्रेडरिक एटनबरो का जन्म 8 मई 1926 को इंग्लैंड के आइलवर्थ में हुआ था। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज से प्राकृतिक विज्ञान की पढ़ाई की और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद रॉयल नेवी में भी सेवा दी। कम लोग जानते हैं कि शुरुआत में बीबीसी ने उन्हें यह कहकर अस्वीकार कर दिया था कि उनका चेहरा टेलीविजन प्रस्तोता जैसा नहीं है। लेकिन वही व्यक्ति आगे चलकर दुनिया की सबसे पहचानी जाने वाली आवाज बन गया।



### भारत से रहा गहरा रिश्ता

भारत के जंगलों, मानसून, हिमालय और वन्यजीवों पर भी एटनबरो ने कई महत्वपूर्ण वृत्तचित्र बनाए। भारत के अनेक वन्यजीव विशेषज्ञ और प्रकृति प्रेमी मानते हैं कि बचपन में एटनबरो के कार्यक्रम देखकर ही उनमें प्रकृति के प्रति रुचि पैदा हुई।

- 2015 में आई डॉक्यूमेंट्री श्रृंखला 'द हंट' में भारत के कम चर्चित घास के मैदानों को दिखाया गया।
- 2016 की मशहूर श्रृंखला 'प्लैनेट अर्थ 2' में भारत के बदलते शहरी परिदृश्य को भी दिखाया गया।
- 2019 में आई 'सेवन वर्ल्ड, वन प्लेनेट' में भारत को चरम प्राकृतिक परिस्थितियों वाले देश के रूप में दिखाया गया।
- एटनबरो की आगामी श्रृंखला 'एशिया' में भी भारत प्रमुख रूप से शामिल होगा।

### दो भारतीय समेत तीन की मौत, डब्ल्यूएचओ बोला-

# आम लोगों में हंतावायरस फैलने का खतरा बेहद कम

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि हंतावायरस का आम लोगों में फैलने का खतरा 'बेहद कम' है। यह बयान उस समय आया है, जब एमवी होंडियस नाम के क्रूज शिप पर हंतावायरस संक्रमण के कारण तीन यात्रियों की मौत हो चुकी है, जिनमें से दो भारतीय बताए जा रहे हैं। जबकि कई अन्य बीमार हुए हैं।

यह वायरस आमतौर पर चूहों और दूसरे कृन्तकों के जरिए फैलता है। हालांकि इस मामले में एंडस वायरस की पुष्टि हुई है, जो हंतावायरस की ऐसी प्रजाति मानी जाती है, जो इंसानों से इंसानों में भी फैल सकती है।

डच झंडे वाला यह क्रूज शिप करीब 150 यात्रियों और क्रू मेंबर्स के साथ रविवार को स्पेन के टेनेरिफ पहुंचने वाला है।




### संक्रमित व्यक्ति तक ही सीमित

डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता क्रिस्टीन लिंडमियर ने कहा, 'यह खतरनाक वायरस जरूर है, लेकिन इसका जोखिम मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति तक सीमित है। आम जनता के लिए खतरा फिलहाल बहुत कम है।' उन्होंने बताया कि जहाज पर कई मामलों में ऐसा देखा गया कि एक ही केबिन में रहने वाले दो लोगों में से केवल एक ही संक्रमित हुआ। इससे संकेत मिलता है कि वायरस आसानी से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार हेतु छात्र रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




**जागरण, सतना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना द्वारा नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से शुक्रवार को वैकल्पिक समाधान केंद्र परिसर से छात्र-छात्राओं की जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गीता सोलंकी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को लोक अदालत की उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का त्वरित एवं सुलभ निराकरण संभव है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती रूपाली उईके ने रैली में शामिल छात्र-छात्राओं से समाज के विभिन्न वर्गों तक विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया। जागरूकता रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां आमजन को नेशनल लोक अदालत के लाभों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज प्रशांत कुमार निगम, जिला न्यायाधीश विकास भटेले, मुकेश कुमार यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार सोंधिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट पुष्पराज सिंह उईके, भूपेश कुमार मिश्र, जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी सहित ए.के.एस. विश्वविद्यालय के विधि संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. विधि शम्भरकर, डॉ. अजय सिंह, शशिकांत दुबे एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# लोकल परिवहनकर्ताओं को माल ढुलाई में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी व बढ़ाया जाये भाड़ा : मनोज शर्मा

**जागरण, सतना।** महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि पूर्व वर्षों में जिले की सीमेंट फैक्ट्रियाँ द्वारा सतना जिले के स्थानीय परिवहनकर्ताओं एवं मोटर मालिकों को उत्पादक माल ढुलाई में पर्याप्त भागीदारी प्रदान की जाती थी तथा भाड़ा दरें भी संतोषजनक हुआ करती थीं। किन्तु विगत कुछ वर्षों से फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा जिले के बाहर के ट्रांसपोर्टरों एवं मोटर मालिकों को प्राथमिकता दिए जाने के कारण स्थानीय परिवहन व्यवसाय गंभीर संकट की स्थिति में पहुँच गया है। सतना जिला सीमेंट उद्योग का प्रमुख केंद्र होने के कारण यहाँ बड़ी संख्या में परिवहन व्यवसायी मोटर मालिक चालक परिचालक एवं इस व्यवसाय से जुड़े हजारों परिवार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना जीवनयापन करते हैं। संस्था का कहना है कि फैक्ट्री प्रबंधन की दोहरी नीति के चलते स्थानीय परिवहनकर्ता आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं तथा अनेक व्यवसायी अपना कार्य बंद करने की स्थिति में पहुँच चुके हैं। संस्था ने माँग की है कि स्थानीय परिवहन व्यवसाय को पुनर्जीवित करने एवं हजारों परिवारों के हितों की रक्षा हेतु सीमेंट फैक्ट्रियों में उत्पादक माल ढुलाई का कम से कम 60 प्रतिशत कार्य स्थानीय परिवहनकर्ताओं को प्रदान किया जाए तथा वर्तमान भाड़ा दरों में उचित वृद्धि की जाए जिससे परिवहन व्यवसाय पुनः सशक्त एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके। उक्त मांगे एसएमटीए अध्यक्ष मनोज शर्मा द्वारा की गई है।

# चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव आज ग्रहण करेंगे पदभार



**सतना।** प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त किये गये चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव 09 मई को चित्रकूट पहुचकर अपना पदभार ग्रहण करेगे। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि विजय यादव दोप 12 बजे भरहुत नगर स्थित भाजपा कार्यालय पहुचेगे जहा पर पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा उनका स्वागत किया जायेगा इसके पश्चात् विजय यादव चित्रकूट के लिए प्रस्थान करेगे। उनके चित्रकूट पहुचने के पूर्व भरहुत नगर चैक सिविल लाइन कोठी मोड़ बगहा कोठी मझगवां गुप्त गोदावरी मोड़ गुप्त गोदावरी कोर्ट तिराहा सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय एवं एमपी टूरीस्ट मे जगह. जगह स्वागत किया जायेगा।

# रोटरी गवर्नर की आधिकारिक यात्रा संपन्न



**जागरण, सतना।** रोटरी क्लब 3120 के गवर्नर आशुतोष अग्रवाल अपनी आधिकारिक यात्रा पर सतना पधारे पब्लिक इमेज चेयरमैन हरिओम गुप्ता ने बताया कि मंडलाअध्यक्ष पन्ना रोड स्थित द सेवंथ हेवन रिजॉर्ट में पत्रकार वार्ता में शामिल होकर रोटरी क्लब द्वारा पूरे विश्व में किए जा रहे सामाजिक शैक्षणिक एवं मानवीय सेवा के कार्यों एवं पीड़ित मानवता की सेवा के बारे में जानकारी दी रोटरी क्लब 3120 में मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 100 क्लब सम्मिलित हैं उन्होंने रोटरी के कार्यों को बताते हुए कहा के रोटरी के माध्यम से निशुल्क गहन स्वास्थ्य जांच शिविरएपौधारोपण अभियान स्वच्छता जागरूकता ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी परियोजनाएं तथा जनहित के अनेक कार्य संचालित किये जा रहे हैं शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पहल करते हुए जिगनाहट विद्यालय को गोद लिया गया है इसके अतिरिक्त क्लब द्वारा दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना रक्तदान एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान जरूरतमंद परिवारों को सहायता युवा पीढ़ी के व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाती है डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने रोटरी क्लब सतना द्वारा इस वर्ष किए गए कार्यों की समीक्षा भी की।

# दावा आपत्तियों पर जिला स्तरीय समिति ने की सुनवाई



**सतना।** शुक्रवार को महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनवाडी कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति हेतु लगाये गये दावा आपत्तियों पर जिला स्तरीय समिति ने सुनवाई की है। बताया जाता है कि जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह के मौजूदगी एवं सदस्य श्रीमती जयंती महेश तिवारी व डीपीओ राजीव सिंह ने मौजूद रह कर दावा आपत्तियों का निराकरण किया।इस दौरान परियोजना अधिकारी और आवेदक भी मौजूद रहे। सुनवाई के दौरान पांच कार्यकर्ता और 24 सहायिकाओ को चयनित किया गया है। जबकि सहायिका के 9 और कार्यकर्ता का एक प्रकरण अभी जांच में है।

# उप चुनाव नगर परिषद नागौद 2026 का कार्यक्रम घोषित, 2 जून को होगा मतदान

**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर परिषद नागौद के वार्ड क्रमांक 13 के उप निर्वाचन वर्ष 2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 11 मई 2026 से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। अभ्यर्थी प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 मई निर्धारित की गई है, जबकि 19 मई को नामांकन पत्रों की जांच (संवीक्षा) की जाएगी। उम्मीदवार 21 मई तक अपना नाम वापस ले सकेंगे, जिसके बाद उसी दिन अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। यदि आवश्यक हुआ तो 2 जून 2026 को प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतगणना 4 जून 2026 को प्रातः 9 बजे से शुरू होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# कांग्रेस का किसान न्याय सत्याग्रह किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**कटनी।** बुधवार को जिले के बड़वारा विधानसभा मुख्यालय में कांग्रेस द्वारा किसान न्याय सत्याग्रह आंदोलन आयोजित किया गया। इस सत्याग्रह में बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने बताया कि यह आंदोलन भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ किसानों के हितों की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण किसान पूरे साल संकट का सामना कर रहे हैं। बुवाई के समय खाद और बीज की कमी से किसानों को परेशान होना पड़ता है वहीं यूरिया के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना मजबूरी बन गई है। उन्होंने कहा कि जब किसानों को यूरिया की आवश्यकता नहीं है तब सरकार द्वारा जिले में लगातार आपूर्ति की जा रही है जो व्यवस्थागत कमी को दर्शाता है।

# भाजपा का दो दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 24 एवं 25 मई को




**जागरण, सतना।** भाजपा का दो दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आगामी 24 एवं 25 मई को सतना के पतेरी स्थित उमा रिसोर्ट मे आयोजित किया गया है। जिलास्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी श्री राजेश पाण्डेय ने शुक्रवार को भरहुत नगर स्थित पार्टी कार्यालय मे जिला वर्ग व्यवस्था समिति की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता मे आयोजित व्यवस्था समिति की बैठक मे जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी राजेश पाण्डेय ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग मे कुल 11 सत्र होगें जिसमे प्रदेशस्तरीय विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण देगे। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग मे सांसद विधायक पार्टी पदाधिकारी सभी को रात्रि विश्राम अनिवार्य किया गया है। राजेश पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्येश्य एक अनुशासित कार्यकर्ता के साथ.साथ जमीनी स्तर पर विचारधारा को मजबूत करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के माध्यमू से एक ऐसा मजबूत कार्यकर्ता तैयार करेगे जो बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम करेगा।

# नशा मुक्ति और नारी पोषण को लेकर रेडक्रॉस सोसाइटी ने चलाया जागरुकता अभियान

**जागरण, मैहर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में जिले में नशा मुक्ति एवं नारी पोषण अभियान के तहत जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं महिलाओं को कुपोषण से बचाव, संतुलित आहार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने संबंधी जानकारी दी गई। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। इससे दूर रहकर ही बेहतर और सुरक्षित भविष्य का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया गया। इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव रावेन्द्र सिंह, तुषार अग्रवाल, संजय तिवारी, वीरेंद्र सिंह राजपूत, वीरू गुप्ता, उमेश शुक्ला और वाल्मीक महाराज मौजूद रहे। कार्यक्रम में मातृ शक्ति के रूप में कविता, रेखा शर्मा, मोहनी सिंह और कविता पाठक सहित अन्य महिलाओं की सहभागिता रही। आयोजन के अंत में सभी से समाज में जागरूकता फैलाने और युवाओं को नशे से दूर रखने की अपील की गई।




# अमदरा क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलटी बस, 15 से अधिक यात्री घायल



**जागरण, मैहर।** जिले के अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घुनवारा के पास टोल प्लाजा के समीप गुरुवार को यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 15 से अधिक यात्रियों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार बस सड़क किनारे अचानक संतुलन बिगड़ने से पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही अमदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां कुछ यात्रियों का प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किए जाने की जानकारी मिली है।

हादसे के कारण कुछ समय तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से सड़क से बस हटवाकर आवागमन सामान्य कराया। प्रारंभिक जांच में चालक द्वारा वाहन से नियंत्रण खोने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा अचानक हुआ, जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस ने घायलों के परिजनों को घटना की जानकारी देना शुरू कर दिया है।

# खेल शिविर में युवाओं को साइबर अपराध और मोबाइल की लत से बचने के दिए गए सुझाव




**जागरण, मैहर।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह-2026' के अंतर्गत गुरुवार को खेल प्रतिभागियों के लिए साइबर जागरूकता एवं मोबाइल की लत से बचाव विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस और साइबर प्रकोष्ठ की टीम ने युवाओं को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए संतुलित और सुरक्षित डिजिटल जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि लंबे समय तक मोबाइल का उपयोग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है। युवाओं को बाहरी खेल, पुस्तक अध्ययन और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने की सलाह दी गई। साथ ही इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के बीच साइबर अपराधों से सतर्क रहने की भी समझाइश दी गई। जागरूकता सत्र में ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, बैंक खातों से जुड़ी ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा युवाओं को इंटरनेट पर अनजान लोगों से सावधानी बरतने और व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसी भी प्रकार के साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल अथवा हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने मोबाइल का सीमित उपयोग करने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में पुलिस विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ।

# धीरज चोपड़ा ने दुर्लभ ब्लड देकर बचाई मरीज की जान

## हमारे खून से किसी का जीवन बचता है तो जीवन सार्थक : धीरज



**जागरण सतना ।** रक्त की महत्ता वही जान सकता है जिनको ब्लड की आवश्यकता होती है और वह ब्लड अगर ख्ब्लड बैंक, में उपलब्ध न हो तो परिजन अत्यंत निराश और परेशान हो जाते हैं 8 मई को जिला अस्पताल में भर्ती कटनी निवासी उमेश हथेल को ए नेगेटिव ब्लड अति आवश्यकता थी मगर यह दुर्लभ ब्लड ब्लड बैंक में उपलब्ध नहीं था। रक्त प्रेरक एवं सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी के अनुरोध पर समाजसेवी धीरज चोपड़ा जिला अस्पताल में रक्तदान कर इंसानियत का सच्चा धर्म निभाते हुए मरीज को नया जीवन देने का प्रयास किया। उल्लेखनीय है धीरज चोपड़ा धर्मपत्नी श्रीमती मोना चोपड़ा एवं पुत्र ईशान चोपड़ा निरंतर मानवता की सेवा करते हुए रक्तदान करते है इसके पहले भी धीरज कई बार रक्तदान कर चुके हैं। धीरज के रक्तदान करने पर समिति के संरक्षक श्रीचंद मनवाणी गोपी गेलानी मनोहर डिगवानी विनोद गेलानी ज्ञान खटवानी इंद्रलाल आडवाणी श्रीचंद शीतलानी घनश्याम मंघनानी संजय वाधवानी गंगाराम सचदेव अमित कामरानी जितेंद्र गावरी दीपक वाधवानी मनीष टेकवानी रंजीत सेनानी अशोक चांदवानी कमल पुरस्वानी सहयोगी जेठानंद वाधवानी आकाश बनर्जी आशीष मोगिया संजय आहूजा निक्की मनचंदानी विशाल राजपाल मोना चोपड़ा राखी होतचंदानी डॉक्टर मनीष सोई निशा गोयल रशिम जैन जागृति सिंह आभा सिंह डॉ विद्या पांडे कशिश नागदेव ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बेला में जनगणना कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**सतना।** भारत जनगणना 2027 के तहत चल रहे मकान सूचीकरण एवं गणनाकार्य का कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को तहसीलदार सौरभ मिश्रा के साथ तहसील रघुराजनगर ग्रामीण अंतर्गत ग्राम बेला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एचएलबी-204 के प्रगणक गणेश साहू एवं एचएलबी-203 की प्रगणक सरस्वती मांझी के कार्यक्षेत्र का भ्रमण कर कार्य की प्रगति देखी गई। साथ ही सुपरवाइजर मो. जावेद और शैलेश तिवारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर जनगणना कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा एचएलओ ऐप में की जा रही प्रविष्टियों की समीक्षा की। इस दौरान ऐप में दर्ज आंकड़ों का परीक्षण किया गया और प्रगणकों द्वारा तैयार किए गए नजरी नक्शों की भी जांच की गई। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता, शुद्धता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण आधार है, जिसमें प्रत्येक प्रगणक और पर्यवेक्षक की भूमिका अहम होती है। तहसीलदार सौरभ मिश्रा ने भी क्षेत्रीय अमले को सतत निगरानी रखते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आउटसोर्सिंग बिजली कर्मियों ने किया वेतन में कटौती का विरोध

## ईई कार्यालय पहुंच सौंपा ज्ञापन, हड़ताल में जाने दी चेतावनी थी



**जागरण, सतना।** जिले के नागौद क्षेत्र में तैनात आउटसोर्सिंग बिजली कर्मी बिना किसी ठोस कारण के वेतन कटौती किए जाने को लेकर गुस्सा है। आउटसोर्स बिजली कर्मचारियों ने नागौद कार्यकारी अभियंता कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। आउटसोर्स कंपनी से तैनात इन बिजली कर्मियों का कहना है कि दिन हो या रात किसी भी समय यदि लाईन फाल्ट होती है या अन्य विद्युत संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती है तो लाईन कर्मचारी पूर्ण लगन के साथ उस कार्य को पूरा करते है। बल्कि अवकाश के दिनों मे भी अपने कार्य पर उपस्थित रहकर पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ मुस्तैदी से काम किया लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए अप्रैल माह के वेतन में 4 दिन की कटौती कर दी गई है। कर्मचारियों का तर्क है कि कमरतोड़ महंगाई के इस दौर में बिना किसी गलती या अनुपस्थिति के इतनी बड़ी राशि काटा जाना उनके और उनके परिवार के साथ अन्याय है।सामूहिक रूप से हस्ताक्षरित पत्र में मांग की गई कि काटी गई राशि को अविलंब उनके खातों में 3 दिवस के अंदर भेजा जाए। यदि काटे गये वेतन का भुगतान नही होता है तो समस्त आउटसोर्स कर्मचारी काम बंद हड़ताल पर जाने हेतु मजबूर हो जायेगे।

# चोरी से तोड़े जा रहे तेदू पत्ते, वन अमले ने समझाइस देकर छोड़ा

**सतना।** मुकुन्दपुर रेज के गोरा गाव मे लोगो के द्वारा चोरी से तेंदू पत्ता की तोडाई चालू कर दी गई है बन मंडल अधिकारी सतना मयंक चादी वाले के निर्देश अनुसार पकड कर समझाईस दी गई ना मानने पर कडी कार्यवाही करने की हिदायत दी गयी, उक्त कार्य में सतना बन मंडल के उड़न दस्ता सदस्य, नरेंद्र पयासी,बनपाल, मुकेश पांडे बनरक्षक,ब्रजलाल बर्मा,दिलीप निगम,बाहन चालक संजय प्रजा पती टीम सदस्य सामिल रहे,आगे भी सतना मैहर बन मंडल में लगातार कार्य वाही की जायेगी।



# एकेएस में एमबीए छात्रों की उद्यमिता समूह प्रस्तुति प्रतियोगिता सम्पन्न



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग द्वारा उद्यमिता एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर समूह प्रस्तुति प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक सोच व्यावसायिक कौशल एवं नवाचार आधारित विचारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की अवधारणा से जोड़ना था। प्रतियोगिता की शुरुआत स्क्रीनिंग राउंड से हुई जिसमें कुल 20 टीमों का चयन किया गया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल राउंड में 14 टीमों ने अपनी प्रस्तुति दी। सेमीफाइनल चरण में 9 टीमों ने स्थान बनायाए जबकि फाइनल राउंड में पहुंची 5 टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर निर्णायकों को प्रभावित किया। फाइनल राउंड में स्पार्क ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पार ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहाए जबकि अनबीटेबल ग्रुप ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेता टीमों की प्रस्तुतियों में नवीन व्यावसायिक विचार नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक दृष्टिकोण देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने विद्यार्थियों को डिज़ाइनिंग मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस एवं प्रोडक्ट डेवलपमेंट के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए भविष्य में सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# हजारों सहारा निवेशकों की नहीं मिल रही जमा पूंजी







## पोर्टल में विवरण दर्ज होने के बाद बताया जा रहा अमान्य

## निवेशकों की राशि वापस होने की उम्मीदें हो रही धूमिल

जागरण, सीधी

देश भर में निवेशकों द्वारा सहारा में कई सौ करोड़ रुपए जमा कराए गए हैं। जिसकी वापसी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा चुनाव से पूर्व सहारा निवेशकों की बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए सहारा रिफंड पोर्टल लंच किया गया था। पोर्टल के जरिए सहारा की चार को-ऑपरेटिव सोसायटी के निवेशकों को आवेदन करने को कहा गया था। उक्त आवेदन के बाद 45 दिन के अंदर संबंधित निवेशक को जमा राशि में 10 हजार रुपए अधिकतम प्रथम किस्त में उसके द्वारा दिए गए बैंक एकाउंट में भेजने की व्यवस्था बनाई गई थी। विडम्बना यह है कि सहारा रिफंड पोर्टल के लांच होने के बाद से सीधी जिले के हजारों निवेशकों द्वारा ऑनलाईन जानकारी भेजी गई, साथ ही सहारा द्वारा दिए गए बाण्ड की कांपी भी स्कैन करके लोड कराई गई। सीधी जिले के हजारों निवेशक अपनी जमा पूंजी को पाने के लिए ऑनलाईन आवेदन किए। पर कुछ समय बाद आवेदन करने वाले सभी निवेशकों के मोबाईल पर यह मैसेज आया कि जिस योजना में उनके द्वारा निवेश किया गया है उसका विवरण मैच नहीं कर रहा है। इस वजह से अपने सहारा कार्यालय से संपर्क करें अथवा फिर से बाण्ड के संबंध में पूरी जानकारी ऑनलाईन भेजें। यह सूचना मिलने के बाद हजारों निवेशकों द्वारा दोबारा भी ऑनलाईन अप्लाई किया गया। बावजूद इसके उनके खाते में कोई राशि नहीं भेजी गई। इस संबंध में अप्लाई करने के बाद निवेशक के मोबाईल नंबर पर यही मैसेज आता है कि उनके बाण्ड के संबंध में यहां कोई जानकारी दर्ज नहीं है। हैरत की बात तो यह है कि इस मामले में सहारा निवेशकों की कोई मदद जिला स्तर से अभी तक करने की कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है। चर्चा के दौरान कुछ निवेशकों ने बताया कि सीधी जिले से हजारों लोग अपने कागजात लेकर ऑनलाईन आवेदन करने के लिए जिला मुख्यालय कई बार आए। ऑनलाईन अप्लाई करने के बाद ही उनके खाते में राशि नहीं आ रही है। केवल यही मैसेज सभी को मिल रहा है कि उनके द्वारा भेजी गई जानकारी यहां मैच नहीं हो रही है। अपने सहारा कार्यालय से संपर्क करें।

### सहारा कार्यालय स्थाई रूप से हो चुका है बंद

जिला मुख्यालय सीधी में सहारा का कार्यालय अंतिम समय में स्टेडियम मार्ग में सूखा नाला के ऊपर संचालित था। सालों यहां हमेंशा ताला ही लटकता रहता था। इस वजह से यदि कोई निवेशक कार्यालय में आकर राशि वापसी के संबंध में आवश्य जानकारी लेना चाहे तो नहीं मिलती थी। कार्यालय में एक-दो कर्मचारी यहां पदस्थ थे। कभी कभार कार्यालय का आधा शटर उठा हुआ देखा जाता था। सहारा के हजारों निवेशकों की भीड़ अपनी जमा पूंजी पाने के लिए कार्यालय में रोजाना पहुंचती थी। करीब 3 साल से सहारा कार्यालय स्थाई रूप से बंद हो चुका है। पहले जो व्यक्ति सहारा में एजेंट थे उनके द्वारा जब तक कार्य था कमीशन में काफी कमाई की गई। जब उनके निवेशकों की जमा पूंजी लौटने को लेकर अनिश्चितता निर्मित हो गई तो संबंधित एजेंट भी अपना पल्ला झाड़ चुके हैं। उनके द्वारा निवेशकों की कोई भी मदद नहीं की जा रही है। जिले के हजारों निवेशक अपनी जमा पूंजी पाने के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर हैं।

### सहारा में निवेशकों की सालों से फंसी है राशि

जिले के हजारों निवेशकों की राशि सहारा बैंक में सालों से फंसी हुई है। खाता एवं बाण्ड की अवधि पूर्ण हो जाने के बाद भी राशि वापसी का कोई रास्ता नहीं निकल रहा है। जिसकी शिकायत पुलिस के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से निवेशक समय-समय पर करते रहे हैं। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक पंकज कुमावत के प्रयासों से कुछ निवेशकों की राशि पुलिस की सख्ती के चलते वापस की गई थी। उस दौरान एक करोड़ से ज्यादा की राशि निवेशकों को वितरित की गई थी। बावजूद इसके वर्तमान में भी ऐसे हजारों निवेशक हैं जिनकी जमा पूंजी फंसी हुई है। उन्हें उम्मीदें थी कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लांच किये गये पोर्टल के माध्यम से राशि वापिस मिल जायेगी किन्तु निवेशक ऑनलाईन आवेदन कई बार कर चुके हैं और उनकी राशि वापसी के संबंध में भ्रामक मैसेज मोबाईल पर मिल रहे हैं।

# बस-ट्रक की टक्कर, ड्राइवर समेत कई घायल

## चरकी घाटी में हादसा, रीवा से महेंद्रगढ़ जा रही थी बस

## घायलों को भेजा गया रामपुर नैकिन अस्पताल



**जागरण, सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम अमिलई की चरकी घाटी में शुक्रवार शाम एक यात्री बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बस चालक और ट्रक चालक समेत कई घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए रामपुर नैकिन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, यात्री बस क्रमांक एमपी 18 पी 5199 रीवा से शहडोल होते हुए महेंद्रगढ़ की ओर जा रही थी। वहीं ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 3684 ब्यौहारी से रीवा की तरफ आ रहा था। शाम करीब 5 बजे चरकी घाटी के मोड़ पर दोनों वाहन अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर बेहद तेज थी, जिससे बस और ट्रक दोनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के समय बस में करीब 50 से अधिक यात्री सवार थे, जबकि ट्रक में दो लोग मौजूद थे। हादसे के बाद बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी।

### तेज रफ्तार से हुआ हादसा

सूचना मिलते ही पिपराव चौकी प्रभारी शेषमणि मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं बस में सवार अन्य यात्रियों को सुरक्षित दूसरे वाहन से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और घाटी क्षेत्र में वाहन पर नियंत्रण खोना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के बाद चरकी घाटी मार्ग पर कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। बाद में पुलिस ने वाहनों को हटवाकर रास्ता सामान्य कराया।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## जैव विविधता प्रबंधन अस्थाई समिति की बैठक संपन्न



**जागरण, सीधी।** जिला पंचायत सीधी के सभागार में आज जैव विविधता प्रबंधन अस्थाई समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति की सभापति श्रीमती श्रद्धा देवेंद्र सिंह द्वारा की गई। बैठक में जिले में जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जैव विविधता के संरक्षण हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने, पौधारोपण को बढ़ावा देने तथा स्थानीय स्तर पर जैव संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही जैव विविधता प्रबंधन समितियों की सक्रिय भूमिका एवं ग्राम स्तर पर सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। सभापति श्रीमती श्रद्धा देवेंद्र सिंह ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बिना पर्यावरण संतुलन बनाए रखना संभव नहीं है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं समिति सदस्यों से समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जैव विविधता प्रबंधन एवं पंजी निर्माण पर चर्चा। जिलें में मौजूद वन एवं वनोपज संघ, सहकारी समितियों एवं वनस्पति, वन्य जीव सोन घड़ियाल अन्य गतिविधियों पर चर्चा। जिले में मौजूद विविधताएँ, क्षेत्रीय वैद्य, पीलिया, चर्मरोग, बबासीर, पाइल्स, सर्पदंश अन्य सभी प्रक के वैध्यों की जानकारी। जिले में कृषि, मछलीपालन, गौशाला, पोल्ट्रीफार्म, हथकरघा, गन्ना उत्पादक, मधुमक्खी पालक । शासन से संचालित योजनाओं में स्वसहायता समूह के उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितग्राहियों की जानकारी पर चर्चा।

## महात्मा गांधी स्कूल सेमरिया छात्रों का एक्सीलेंस में चयन



**सेमरिया।** महात्मा गांधी मेमोरियल हाई स्कूल रामगढ सेमरिया के कक्षा आठवीं की तीनों छात्रों का एक्सीलेंस विद्यालय सीधी में सिलेक्शन हुआ है। जानकारी के अनुसार उज्ज्वल नामदेव व अंकिता कुशवाहा और अमन विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष तीनों छात्र नवमी कक्षा में प्रवेश लेंगे। वर्तमान में उनका नामांकन सीधी एक्सीलेंस स्कूल में है। उज्ज्वल नामदेव, राजेश नामदेव एवं प्रियंका नामदेव के सुपुत्र हैं। उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे सेमरिया क्षेत्र में खुशी का माहौल है। व्यापारी संघ सेमरिया द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि उज्ज्वल की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों को मेहनत एवं लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, श्रीकांत तिवारी महात्मा गांधी मेमोरियल हाई स्कूल रामगढ़ सेमरिया, राजीव लोचन सोनी, जितेंद्र मिश्रा, पत्रकार उपेन्द्र मिश्रा, रामजी गुप्ता, जिला सह सचिव विनोद गुप्ता, राजेश नामदेव, पारस नामदेव, हिरश नामदेव, रेनू गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, पंकज गुप्ता, निशु गुप्ता, रजनीश सोनी, वीरेंद्र गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रवीण गुप्ता एवं अभिमन्यु गुप्ता सहित अन्य लोगों ने उज्ज्वल को शुभकामनाएं दीं।

## अतर सिंह ने संभाली मड़वास थाने की कमान



**जागरण, मझौली।** पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा अपराधिक गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए मड़वास थाने की कमान अपराधों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से कड़क मिजाज के सब इंस्पेक्टर अतर सिंह के हाथों सौंपी है। जिनके थाने की कमान संभालते ही अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के होश उड़ गए हैं। क्षेत्र में शांति वातावरण का माहौल देखा जा रहा है। मीडिया के सामान्य चर्चा के दौरान थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अतर सिंह द्वारा कहा गया कि मेरे तरफ से पूरा प्रयास रहेगा की मैं पुलिस अधीक्षक व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के उद्देश्यों पर खरा उतारू। लोगों की सुरक्षा व्यवस्था मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अतिरिक्त पुलिसिंग व्यवस्था चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाना, यातायात के सुरक्षात्मक नियमों का पालन कराते हुए यातायात को सुगम बनाना क्षेत्र में शांति और सोहार्द वातावरण बनाए रखना तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना मेरी प्राथमिकता होगी।

## उद्यानिकी विभाग कार्यालय के पीछे लटका मिला युवक शव



**सीधी।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत उद्यानिकी विभाग कार्यालय के पीछे एक कटहल के पेड़ में युवक का शव लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि शव मिलने की खबर फैलते ही उद्यानिकी विभाग परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त एवं मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है।

## जनगणना कार्य में लापरवाही पर प्रगणक को नोटिस

**सीधी।** जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर प्राथमिक शिक्षक एवं प्रगणक पंकज कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कार्यालय तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी जनगणना तहसील गोपद बनास द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित प्रगणक द्वारा जनगणना कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तथा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया।

सत्यमेव जयते
Government of India

सुनिश्चित सुरक्षा, संरक्षा और मानसिक शांति प्रदान करने के 11 वर्ष का जश्न

अब तक लगभग 95 करोड़ संयुक्त नामांकन के साथ असुरक्षितों को सुरक्षा कवच

भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज
2015 में 19% से बढ़कर 2025 में 64% हुआ – 45% की वृद्धि
-आईएलओ

Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana
किफायती जीवन बीमा कवर
₹436 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर ₹2 लाख का जीवन बीमा कवर
27+ करोड़ से अधिक नामांकन
व्यापक पात्रता
18-50 वर्ष आयु के वे व्यक्ति जिनका बैंक या डाकघर में खाता है
आसान नामांकन एवं नवीनीकरण
बैंक/डाकघरों के माध्यम से सरल पंजीकरण तथा वार्षिक ऑटो-डेबिट सुविधा



Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana
दुर्घटना बीमा कवर
₹20 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर ₹2 लाख का आकस्मिक मृत्यु एवं दिव्यांगता बीमा कवर
58+ करोड़ से अधिक नामांकन
समावेशी पात्रता
18-70 वर्ष आयु के वे व्यक्ति जिनका बैंक या डाकघर में खाता है
कम लागत एवं आसान नवीनीकरण
सिर्फ ₹20 वार्षिक प्रीमियम के साथ ऑटो-डेबिट नवीनीकरण सुविधा



Atal Pension Yojana
गारंटीड मासिक पेंशन
60 वर्ष की आयु के बाद ₹1,000-₹5,000 तक की सुनिश्चित पेंशन
9+ करोड़ से अधिक नामांकन
समावेशी सामाजिक सुरक्षा योजना
18-40 वर्ष आयु के गैर-आयकरदाता बैंक खाताधारकों के लिए खुली
सुरक्षित बचत
सरकार समर्थित पेंशन आश्वासन के साथ लचीला अंशदान





"जन सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से हम सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में किसी भी गरीब व्यक्ति को संकट के समय अपने परिवार के भविष्य की चिंता न करनी पड़े।"
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

हमें फॉलो करें | financialservices.gov.in
CBC 15415/13/0003/2627

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## बदलाव के बाद अब वादे निभाने की बारी

असम और केंद्र शासित प्रदेश पुदुच्चेरी को छोड़ दिया जाए तो ताजा विधान सभा चुनाव परिणामों का प्रमुख संदेश यही है कि मतदाता बदलाव चाहते हैं। दो साल पहले अभिनेता से राजनेता बने जोसेफ विजय चंद्रशेखर (लोकप्रिय नाम विजय) द्वारा करीब दो साल पहले बनाई गई पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) की कामयाबी इसका बेहतरीन उदाहरण है। टीवीके ने तमिलनाडु के दो पुराने राजनीतिक दलों सत्ताधारी द्रमुक और अन्नाद्रमुक को न केवल चुनौती दी बल्कि सबसे बड़ा दल बनकर भी उभरी।

विजय ने अपनी विराट सितारा छवि और शक्ति का उपयोग एक 'परिवर्तनकारी' विकल्प के रूप में किया जिसमें नकद और सोने जैसी भारी मुफ्त सुविधाओं के ऐलान के साथ-साथ महिलाओं और युवा मतदाताओं को लक्षित करने वाली छात्रवृत्तियों के वादेभी शामिल थे। ये सभी बड़ी संख्या में मतदान करने आए।

केरलम में मतदाताओं ने अपनी पारंपरिक प्रवृत्ति की ओर लौटते हुए दो स्थापित राजनीतिक गठबंधनों की अदला-बदली जारी रखी है। कांग्रेस-नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने पिनाराई विजयन के लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की ऐतिहासिक दो कार्यकालों की जीत को बड़े अंतर से पलट दिया।

सत्ताविरोधी भावना का सबसे स्पष्ट सबक पश्चिम बंगाल से निकला जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आखिरकार ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को 15 साल के बाद सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने की अपनी हसरत पूरी कर ली। प्रदेश में दोनों चरणों में रिकॉर्ड मतदान हुआ था। तृणमूल कांग्रेस ने एसआईआर को चुनाव अभियान के केंद्र में रखकर गलत आकलन किया। परंतु इससे ममता बनर्जी के शासन की अस्थिर होती प्रकृति को कम करके दिखाने में कोई मदद नहीं मिली। निवेश में ठहराव, पार्टी में बढ़ता भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा को लेकर सहानुभूति का न होना और बढ़ती राजनीतिक हिंसा। इन सभी ने युवा मतदाताओं और महिलाओं को पार्टी से विमुख करने में अहम भूमिका निभाई।

तृणमूल कांग्रेस की सरकार का आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं का विरोध करना भी इसमें अहम हो सकता है। ममता बनर्जी की अल्पसंख्यकों को 'सुरक्षित' वोट बैंक के रूप में तुष्ट करने की नीति भी उनके खिलाफ गई। और इन सबके अलावा भाजपा एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में लोगों के सामने आई।

एक बार अंतिम परिणाम आने के बाद, शासन का वास्तविक कामकाज ही आने वाली सरकारों की क्षमता की परीक्षा लेगा। तमिलनाडु में, जहां टीवीके को सरकार बनाने के लिए संभवतः सहयोगियों की आवश्यकता होगी वहां विजय को यह आभास हो सकता है कि उच्च ऋण और राजकोषीय दबाव उनकी कल्याणकारी योजनाओं की उदारता को कम कर सकते हैं। उनके वादों में महिलाओं के लिए 2,500 रुपये मासिक भत्ता, गरीब महिलाओं के लिए विवाह सहायता (सोना और रेशमी साड़ी), मुफ्त रसोई गैस, परिवहन और स्वच्छता उत्पाद, छात्रवृत्तियां, प्रारंभिक ऋण और बहुत कुछ शामिल थे।

केरल में मुख्य चुनौती खाड़ी देशों में नौकरियों और वहां से धन प्रेषण में कमी के कारण उत्पन्न तात्कालिक संकट को संभालने की है जिसने लंबे समय से राज्य में आर्थिक वृद्धि और नौकरियों की कमी को छिपा रखा था। बहुलतावादी संस्कृति वाले पश्चिम बंगाल में, भाजपा के 'विकास' एजेंडे की परख अब बंगाली समाज के खुले सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मुकाबले होगी। इन प्रतिस्पर्धी ताकतों को संतुलित करने के लिए भूमि कानूनों को उलटना, दशकों की राजनीतिक हिंसा को थामना और कई दशकों बाद राज्य को व्यवसाय-अनुकूल बनाना आवश्यक होगा। जैसा कि राजनीतिक दलों ने अतीत में भी महसूस किया है, चुनाव जीतने और शासन चलाने के बीच की खाई को पाटना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है।

प्रसंगवश

## छात्रों की आत्महत्या के लिए संपूर्ण समाज दोषी

विगत दो महीने में चार विद्यार्थियों की आत्महत्या के बाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। आईआईटी, खड़गपुर में भी गत एक महीने में दो छात्रों और पिछले डेढ़ वर्ष में नौ छात्रों द्वारा की गई आत्महत्या मंथन करने को विवश करती है कि आखिर ऐसा हो क्यों रहा है? राष्ट्र की कुल जनसंख्या के लगभग 10.6 प्रतिशत लोग मानसिक समस्याओं से पीड़ित हैं। इनमें भी 18 से 29 वर्ष की आयु के आठ प्रतिशत युवा गंभीर मानसिक रोगों से घिरे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, यानी एनसीआरबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में घटित खुदकुशी की कुल घटनाओं में लगभग 7.6 प्रतिशत मामले छात्रों के होते हैं। आत्महत्या के लिए कहीं-न-कहीं पूरा समाज दोषी है। कभी दादा-दादी, नाना-नानी बच्चों को संवेदनात्मक खुराक उपलब्ध कराते थे। वहीं इंटरनेट के इस दौर में व्यक्ति सामाजिकता से दूर,भीड़ में अकेला है। बढ़ती मोबाइल संस्कृति, माता-पिता की अपने बच्चों में अपनी अतृप्त आकांक्षाओं को पूर्ण होते देखने की उत्कट अभिलाषा, व्यस्त और एकाकी जीवन में बच्चों के लिए घटता गुणवत्तापूर्ण समय,बढ़ते एकल परिवार, कमजोर पड़ता सामाजिक दायरा, पारिवारिक तनाव, गंभीर रोग, असफल प्रेम-प्रसंग, नशे का सेवन, मानसिक रोग व बेकाबू महत्वाकांक्षाएं , बेरोजगारी आदि ही आत्महत्या के हेतु हैं।

आज के अभिभावक जहां अपनी संतान की अच्छी परवरिश में विफल हैं, वहीं नई तकनीक ने आभासी मित्रों और आभासी संबंधों को गढ़कर 'ह्यूमन कनेक्शन' को बुरी तरह प्रभावित किया है। हमें यह समझना ही होगा कि किसी आईआईटी छात्र का आत्महत्या करना वस्तुतः सिर्फ उस परिवार, संस्था या देश का नुकसान नहीं है, अपितु इस पृथ्वी पर मानवता की अपूरणीय क्षति है। छात्रों के लिए परीक्षा में असफलता, नए माहौल में व्यवस्थित न हो पाना, हीन भावना और आपसी सद्भाव की कमी भी आत्महत्या के कारक हैं।




कोई प्रतिभा ऐसे ही नहीं निखरती, कोई सितारा ऐसे ही नहीं बनता, बल्कि उसमें पर्दे के पीछे कई लोगों का योगदान होता है, उनमें निरंतर बूढ़े होते माता-पिता, उनकी नींद, चैन और इच्छाओं का बलिदान निहित होता है। किशोर वय और युवावस्था में रात-दिन जाग-जागकर पढ़ाई करने से मुश्किल काम कोई नहीं। इसलिए यहां किसी शायर के शब्द प्रासंगिक जान पड़ रहे हैं- दिखाई नहीं देता, पर शामिल जरूर होता है/ हर खुदकुशी का कोई कातिल जरूर होता है। कुछ लोग जिंदगी की परेशानियो से बहुत जल्दी हार मान लेते हैं। थोड़ी भी मुश्किलें आईं कि वे मैदान छोड़ देते हैं। जो लोग आत्महत्या करते हैं, असल में दोष उनकी परवरिश में होता है। उनको बचपन में नहीं सिखाया गया होता कि कैसे मुश्किलों से लड़ना चाहिए। आखिर किसके जीवन में कठिनाइयां नहीं आतीं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि उसका समाधान निकालने के बजाय आत्महत्या कर ली जाए? यह गलत सोच है और अपने बच्चों को हमें इसके खिलाफ तैयार करना ही होगा।

जिंदगी हारने के लिए नहीं, लड़ने के लिए मिली है, इसलिए परेशान होकर अपनी जान लेने का कदम नहीं उठाना चाहिए। कुछ पल की कमजोरी, कुछ लोगों की गलत सोच और समाज का दबाव... और एक जिंदगी खत्म। अपने बच्चों को समझाएं कि समस्या कितनी भी बड़ी हो, उसका हल आत्महत्या नहीं। जो लोग आपको तोड़ते हैं, वही आपके हारने का कारण नहीं बनने चाहिए। मां-बाप और परिवार का सहारा बनो, उनका सहारा मत छीनो। जिंदगी में परेशानी है, तो लड़ो, बात करो, किसी की मदद लो, लेकिन इस तरह का गलत कदम मत उठाओ। यह फैसला सिर्फ आपको नहीं, आपके पूरे परिवार को तबाह कर देता है। हार मानकर हथियार डाल देना आसान है, पर लड़कर जीतना ही असली बहादुरी है। अगर आप या आपका कोई दोस्त परेशान है, तो उससे बात करें। उसे अकेला न छोड़ें। मदद लेना कमजोरी नहीं, समझदारी है। आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। मुश्किल वक्त में टूटना नहीं, संभलना सीखें, परिवार और अपनों से बात करें, अकेले न रहें।

समाज और संस्कृति

अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता

## हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है सोमनाथ



नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

जय सोमनाथ! वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं,हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता समुद्र अनंत काल की अनुभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है।

हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा।

यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। । ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की।

1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। ।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया।

दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। 11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है।

पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है।

आज बेहतर कनेक्टिविटी के चलते पहले की तुलना में ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। सोमनाथ अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ हमेशा खड़ा रहेगा, क्योंकि यह हमारी साझा सभ्यता का प्रतीक है। इसी गौरव को नमन करते हुए अगले एक हजार दिनों तक यहां विशेष पूजा आयोजित की जाएगी।

सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। वहां आप भारत की उस अपराजित आत्मा का अनुभव करेंगे, जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। आप समझ पाएंगे कि इतने प्रयासों के बाद भी क्यों हमारी सभ्यता मिट नहीं सकी। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।




खुला मंच

## ईमानदारी और बाहरी खाना खाने का चस्का

राकेश सोहम

लो जी! अब कमर्शियल सिलेंडरों के दाम ताबड़तोड़ बढ़ गए। सो होटलों का खाना महंगा होने की खबर है। होटलों में खाने के शौकीन और ऑनलाइन बुलाकर खाने वाले लोग दुखी हैं। बुद्धि खाने पर जा अटकी है। खाने के बहाने नाना प्रकार के खाने के विचार खाए जा रहे हैं। 'खाने-पीने' वाले लोगों के अनुसार, जागरूकता के कुछ कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य 'खाना' रोक देने से होता है? इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों पर न खाने के लिए फालतू का दबाव बनाया जाता है। वहीं ईमानदारी की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति दाल-खाना, भात-खाना, रोटी-खाना के जुगाड़ से ऊपर नहीं उठ पाता। वह 'खाना' को मात्र एक क्रिया मानता है। जिसमें ईश्वर प्रदत्त मुख से अन्न को उदरस्थ किया जाता है ताकि मानव काया सक्रिय और परोपकार के काम में लग सके। इसके इतर 'खाने' के बारे में सोचना भी वह पाप समझता है।

विडंबना यह है कि ईमानदारी की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति जहां-जहां भी जाता है, तथाकथित 'खाना' पीछा नहीं छोड़ता। इस घोर कलियुग में वह बेजान-सा ईमानदारी-का-पुतला साबित होता है। अस्पतालों के बाहर बड़े-बड़े अक्षरों में 'खैराती-दवाखाना' लिखा होता है। वहां पर डॉक्टर अक्सर नदारद रहते हैं। लाचार मरीज 'सब्र-खाता' हुआ बैठा रहता है। यहां के दवा-वितरण-केंद्र 'दवाखाना' के नाम को चरितार्थ करते हुए दवाएं खा जाते हैं। मरीज सुबह की ताजी 'हवा-खाना' जैसे प्राकृतिक इलाज के भरोसे भटकते हैं।

किसी निर्दयी व्यक्ति ने हमारे ईमानदारी के पुतले को ताना कसा, 'साहब! आप वह खाइएगा जिसे लोग खुलेआम नहीं खाते, बल्कि चुपके-चुपके खाते हैं, जैसे घूस-खाना या रिश्वत-खाना। आजकल इस खाने की होड़-सी लगी हुई है।' ईमानदार क्रोधित हो उठा और बोला, 'नीति शिक्षा कहती है, डांट-खाना, हाथ-खाना, लात कभी भी मत खाना समझे। ये निम्नस्तरीय खाना हैं। रिश्वतखोरों और बेईमानों का बुरा हश्र होता है। चोर-उचक्कों को चप्पल और जूते भी खाना पड़ते हैं।'

'नेताओं द्वारा 'वोट-खाकर', ऐश से 'नोट-खाने' की पुरानी परम्परा है। इसलिए श्रीमान! ईमानदारी को रोज-रोज ओढ़ने और बिछाने के चक्कर में खाने के लाले पड़ सकते हैं।' निर्दयी व्यक्ति ने चंपत होने के पूर्व ताना कसा। ईमानदार ताने को आत्मसात् करके सोचने लगा, 'हे भगवान! लोग भेजा-खाना या दिमाग-खाना कब छोड़ेंगे?' फिर गंतव्य की ओर बढ़ते हुए उसके क़दमों में एक भरोसा बलवती हो रहा था कि भ्रष्टाचार के सामने वह मात नहीं खाएगा। बेईमानों और भ्रष्टाचारियों को जेलखाना भेज देगा।

सियासत

ममता को समझना होगा कि सांविधानिक शासन किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं होता

## लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी व्यक्ति अपरिहार्य नहीं

हरबंश दीक्षित

ममता बनर्जी ने चुनाव में हारने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने से इन्कार कर दिया है। इससे मिलता-जुलता प्रकरण ब्रिटेन में भी हो चुका है। वर्ष 1688 में ग्लोरियस रिवोल्यूशन के समय जब ब्रिटेन के राजा जेम्स द्वितीय के लिए परिस्थितियां प्रतिकूल हुईं, तो लंदन से भागते समय उन्होंने अपनी राजमुद्रा को टेम्स नदी में फेंक दिया था। उनका विचार था कि राजमुद्रा के अभाव में शासन की वैधानिक प्रक्रिया रुक जाएगी और अंततः व्यवस्था को पुनः उन्हीं की ओर लौटना पड़ेगा। पर, ऐसा नहीं हुआ। ब्रिटिश सांविधानिक व्यवस्था व्यक्ति विशेष पर नहीं, बल्कि संस्थाओं और परंपराओं पर आधारित थी। राजमुद्रा के अभाव ने शासन को नहीं रोका, बल्कि नई व्यवस्था बनी, संसद ने अपनी भूमिका निभाई और अंततः जेम्स द्वितीय को सत्ता से बाहर होना पड़ा। इतिहास ने यह स्पष्ट कर दिया कि लोकतंत्र अथवा सांविधानिक शासन किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं होता।

लोकतांत्रिक संस्थाओं का आधार निस्संदेह संख्याबल होता है, किंतु उनका पुष्पन-पल्लवन जिम्मेदार लोगों के परिपक्व आचरण से होता है। वह परंपराओं, सांविधानिक मर्यादाओं और नैतिक उत्तरदायित्वों की नींव से सुदृढ़ होता है। संविधान किसी राष्ट्र का लिखित ग्रंथ अवश्य होता है, पर लोकतंत्र की वास्तविक आत्मा उन अलिखित परंपराओं में निहित रहती है, जो सत्ता को संयमित करती हैं और शासक को उत्तरदायी बनाती हैं। जब कोई निर्वाचित शासक या सरकार जनभावनाओं अथवा नैतिक उत्तरदायित्व की उपेक्षा कर केवल पद से चिपके रहने का संकेत देती है, तब प्रश्न केवल राजनीतिक नहीं रह जाता, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति और सांविधानिक परिपक्वता का बन जाता है। भारतीय संविधान की मूल भावना भी यही है। संविधान के अनुच्छेद 164 के अनुसार, मुख्यमंत्री राज्यपाल के प्रति उत्तरदायी मंत्रिपरिषद का प्रमुख होता है। यद्यपि मुख्यमंत्री का पद तकनीकी रूप से राज्यपाल के प्रासाद आधारित माना गया है, परंतु संसदीय लोकतंत्र की परंपरा यह स्थापित करती है कि सरकार को सदन का विश्वास तथा नैतिक वैधता, दोनों प्राप्त होने चाहिए। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी संविधान सभा में स्पष्ट कहा था कि संविधान कितना भी उत्तम क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले लोग उचित सांविधानिक आचरण न करें, तो उसकी आत्मा क्षीण हो जाती है।

भारत की संसदीय परंपरा में 'सांविधानिक नैतिकता' का विचार अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने अनेक निर्णयों में इस सिद्धांत को लोकतंत्र का मूलाधार बताया है। वर्ष 1994 के एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ के ऐतिहासिक निर्णय में शीर्ष न्यायालय ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र केवल संख्या का प्रश्न नहीं, बल्कि सांविधानिक मूल्यों और उत्तरदायित्व का भी विषय है। इसी प्रकार वर्ष 2016 के नाबम रेबिया प्रकरण में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सांविधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को अपने अधिकारों का प्रयोग संविधान की आत्मा के अनुरूप ही करना चाहिए, न कि राजनीतिक सुविधा के अनुसार।

भारतीय राजनीति में त्यागपत्र केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि नैतिक उत्तरदायित्व प्रतीक भी रहा है। बात अगस्त 1956 की है, जब आंध्र प्रदेश के महबूबनगर में एक बड़ा रेल हादसा हुआ, जिसमें 112 लोगों की जान चली गई। इस हादसे की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए, तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को अपना इस्तीफा सौंप दिया, लेकिन उन्होंने शास्त्री जी को इस्तीफा वापस लेने के लिए राजी कर लिया। कुछ महीनों बाद, नवंबर 1956 में, तमिलनाडु के अरियालुर में एक और रेल हादसा हुआ। इस घटना में 144 लोगों की मौत हो गई। शास्त्री जी ने तुरंत प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया और उनसे इसे जल्द से जल्द स्वीकार करने का आग्रह किया। स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक संस्कृति में यह उदाहरण आज भी राजनीतिक मर्यादा के आदर्श के रूप में स्मरण किया जाता है। इसके विपरीत, जब कोई शासक यह संदेश देने का प्रयास करता है कि उसके बिना शासन या व्यवस्था चल ही नहीं सकती, तब वह अनजाने में लोकतंत्र की मूल भावना का ही अपमान करता है।



यदि किसी राज्य में मुख्यमंत्री त्यागपत्र देने से इन्कार करते हैं अथवा यह संकेत देते हैं कि उनके पद पर बने रहने से ही व्यवस्था चल सकती है, तो यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की शक्ति को कम करके आंकने जैसा है। ममता बनर्जी चाहें तो चुनाव परिणाम को अदालत में चुनौती दे सकती हैं, व्यवस्था के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ सकती हैं या फिर कोई राजनीतिक आंदोलन भी खड़ा कर सकती हैं। लेकिन फिलहाल वह जो कर रही हैं, वह सत्ता में बने रहने का हठ ही अधिक लगता है। ममता बनर्जी निस्संदेह बड़ी राजनेता हैं और जिस जुझारूपन से उन्होंने कभी सीपीएम का मुकाबला किया था, वह उन्हें देश के राजनीतिक इतिहास में एक अहम स्थान देता है, लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि राजनीति में एक नेता की भूमिका सत्ता तक पहुंचने से पहले, सत्ता मिलने के बाद और सत्ता से बाहर होने के बाद बदलती रहती है।

भारतीय संविधान ने सत्ता के हस्तांतरण की स्पष्ट व्यवस्था दी है। संविधान के अनुच्छेद 163 और 164 के अंतर्गत राज्यपाल नई सरकार के गठन की प्रक्रिया सुनिश्चित कर सकते हैं। मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से विधानमंडल के प्रति उत्तरदायी होती है, किसी एक व्यक्ति के प्रति नहीं। लोकतंत्र की यही शक्ति है कि व्यक्ति बदल जाते हैं, परंतु संस्थाएं अपनी व्यवस्था से चलती रहती हैं।

इतिहास और संविधान, दोनों हमें सिखाते हैं कि सत्ता का वास्तविक सौंदर्य त्याग और उत्तरदायित्व में है, न कि पद से चिपके रहने में। राजा जेम्स द्वितीय की राजमुद्रा टेम्स नदी में डूब गई, पर ब्रिटिश शासन नहीं रुका। उसी प्रकार, किसी भी लोकतंत्र में कोई व्यक्ति इतना अपरिहार्य नहीं होता कि उसके बिना सांविधानिक व्यवस्था ठहर जाए। लोकतंत्र व्यक्तियों की नहीं, संस्थाओं की विजय का नाम है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व केवल कानूनी अधिकारों की नहीं, बल्कि सांविधानिक मर्यादाओं और नैतिक उत्तरदायित्वों की भी रक्षा करे। लोकतंत्र की स्थिरता संविधान की धाराओं से उतनी सुरक्षित नहीं होती, जितनी शासकों के आत्मसंयम, परिपक्वता और संस्थाओं के प्रति सम्मान से होती है। जब सत्ता का मोह सांविधानिक शिष्टाचार पर भारी पड़ने लगे, तब इतिहास चेतावनी देता है कि ऐसे क्षण केवल राजनीतिक संकट नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति की परीक्षा भी बन जाते हैं।

जीवन दर्शन

## चरित्र निर्माण में विनम्रता की अहम भूमिका

जब हमारे शब्द, हाव-भाव, विचार और कर्म आपस में सामंजस्य स्थापित करते हैं, तब हमारे आचरण में एक ऐसी मधुरता प्रकट होती है, जो दूसरों के हृदय को स्पर्श करती है। इस प्रकार की विनम्रता में कोई स्वार्थ नहीं होता।

दरअसल, सभ्यता केवल औपचारिक शिष्टाचार या बाहरी विनम्रता का नाम नहीं है, बल्कि यह हमारे व्यवहार की वास्तविक सुंदरता का प्रतीक है। सच्ची सभ्यता तब विकसित होती है, जब मनुष्य के भीतर धैर्य, आत्मसंयम और एक शांत व संतुलित मन का निर्माण होता है। यह कोई बनावटी गुण नहीं, बल्कि एक सृजनात्मक कला है, जैसे संगीत, चित्रकला या काव्य। जब हमारे शब्द, हाव-भाव, विचार और कर्म आपस में सामंजस्य स्थापित करते हैं, तब हमारे आचरण में एक ऐसी मधुरता और गरिमा प्रकट होती है, जो दूसरों के हृदय को स्पर्श करती है। इस प्रकार की विनम्रता में कोई स्वार्थ नहीं होता और हमारे व्यक्तित्व की सच्ची अभिव्यक्ति होती है। यही गुण मनुष्य को केवल सामाजिक प्राणी नहीं, बल्कि संवेदनशील और सजग व्यक्तित्व बनाता है। यह हमारे संबंधों में विश्वास और सम्मान की नींव को भी मजबूत करता है।

दरअसल, मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति में इतना व्यस्त हो गया है कि वह इस आंतरिक सौंदर्य को धीरे-धीरे भूलता जा रहा है। अपनी जरूरतों को पूरा करने के चक्कर में हम अक्सर जल्दबाजी में रहते हैं। वे हमें असंवेदनशील, कभी-कभी कठोर बना देती हैं। हम केवल लक्ष्य की प्राप्ति पर ध्यान केंद्रित करते हैं, और इस प्रक्रिया में हमारे व्यवहार की कोमलता और शिष्टता कहीं खो जाती है।

मनुष्य केवल आवश्यकताओं का दास नहीं है, बल्कि उसके भीतर एक उच्च आदर्श और गहरी चेतना विद्यमान है, जो उसे पूर्णता और एकता की ओर प्रेरित करती है। बस उसे इसे पहचानने की जरूरत होती है। जब हमारे विचार, भावनाएं और कर्म एक दूसरे के साथ संतुलन में होते हैं, तब हम सच्चे आनंद का अनुभव करते हैं। जब यह सामंजस्य भंग होता है, तब हमें दुख, तनाव और अशांति महसूस होती है। इस प्रकार जीवन की कठिनाइयां भी हमें यह सिखाती हैं कि सच्चा सुख हमारे भीतर ही है। जब हम प्रेम, सहानुभूति और सहयोग के माध्यम से दूसरों से संबंध स्थापित करते हैं, तब हमारा जीवन अधिक व्यापक और अर्थपूर्ण बन जाता है। इसके विपरीत, जब हम अपने आप को दूसरों से अलग कर लेते हैं, तब हमारे भीतर नकारात्मक भावनाएं उत्पन्न होती हैं, जो हमें संकीर्ण और सीमित कर देती हैं।



संसार की सच्चाई वस्तुओं की अधिकता या उनके आकार में नहीं, बल्कि उनके आपसी संबंधों और सामंजस्य में निहित होती है। यही संबंध जीवन को सुंदर और सार्थक बनाते हैं। प्रकृति का प्रत्येक दृश्य, प्रत्येक परिवर्तन और प्रत्येक गति हमें इसी एकता और संतुलन का संदेश देता है। जब हम इस सत्य को समझते हैं और अपने जीवन में अपनाते हैं, तब हमारा जीवन केवल आवश्यकताओं की पूर्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह एक उच्च, सुंदर और आनंदमय अनुभव में परिवर्तित हो जाता है।

**– 'पर्सनैलिटी' के अनूदित अंश**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**सुखार्थिनः कुतोविद्या नास्ति विद्यार्थिनः सुखम्!**
**सुखार्थी वा त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम् !!**

**भावार्थ**

सुख चाहने वाले को विद्या नहीं मिल सकती है वही विद्यार्थी को सुख नहीं मिल सकता। इसलिए सुख चाहने वालो को विद्या का और विद्या चाहने वालो को सुख का त्याग कर देना चाहिए।

# चुटका परियोजना से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास को मिल रही नई दिशा



## पशुपालन एवं दुग्ध व्यवसाय से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

**जागरण मंडला।** चुटका परियोजना से विस्थापित होकर गोंझी में निर्मित पुनर्वास कॉलोनी में बसे परिवारों के जीवन को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रशासन एवं विभागीय अमला लगातार प्रयासरत है। पुनर्वास के साथ-साथ इन परिवारों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में भी गंभीर पहल की जा रही है, ताकि विस्थापित परिवार नए स्थान पर आर्थिक रूप से सशक्त होकर बेहतर जीवनयापन कर सकें।इसी क्रम में पशु चिकित्सा एवं सेवाएं विभाग के उप संचालक डॉ. उग्रसेन तिवारी गोंझी पुनर्वास कॉलोनी पहुंचे और वहां निवासरत परिवारों से मुलाकात कर उन्हें पशुपालन एवं डेयरी आधारित रोजगार गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार से जोड़ने की संभावनाओं पर चर्चा की।ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व पुनर्वास कॉलोनी में आकर बसे यादव परिवार ने कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के समक्ष पशुपालन गतिविधियों में रुचि व्यक्त करते हुए इस क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जताई थी। परिवार की इसी इच्छा को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तत्काल पहल की और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। इसके बाद उप संचालक डॉ. तिवारी स्वयं कॉलोनी पहुंचे और परिवारों को विभागीय योजनाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।डॉ. तिवारी ने बताया कि शासन द्वारा पशुपालन एवं डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर विस्थापित परिवार स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कॉलोनी के परिवार संगठित होकर दुग्ध संघ का गठन करते हैं, तो इससे उन्हें नियमित आय का स्थायी माध्यम प्राप्त होगा। दुग्ध संघ के माध्यम से यहां उत्पादित दूध का संग्रहण सीधे कॉलोनी से किया जाएगा, जिसके लिए दुग्ध संघ का वाहन नियमित रूप से यहां पहुंचेगा। इससे परिवारों को बाजार तक पहुंचने की चिंता नहीं रहेगी और उन्हें अपने उत्पाद का उचित मूल्य भी प्राप्त हो सकेगा।उन्होंने यह भी बताया कि पशुपालन केवल दूध उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कई अन्य प्रकार के रोजगार भी विकसित किए जा सकते हैं। पशुओं के गोबर से कंडे एवं जैविक खाद तैयार कर अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह कार्य भविष्य में बेहतर आय का माध्यम बन सकता है। इसके अलावा दूध, दही, घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों का उपयोग परिवार स्वयं भी कर सकेंगे, जिससे उनके पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य में सुधार आएगा।इस दौरान परिवारों को पशुओं की देखभाल, टीकाकरण, चारे की व्यवस्था एवं डेयरी प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारियां भी दीं। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी विभाग द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि विस्थापित परिवार आत्मनिर्भर बनकर सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें।गोंझी पुनर्वास कॉलोनी में विभागीय अधिकारियों की इस पहल से विस्थापित परिवारों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का वातावरण देखा गया। लोगों ने कहा कि पुनर्वास के साथ रोजगार की दिशा में मिल रहा सहयोग उनके नए जीवन की मजबूत शुरुआत साबित होगा।प्रशासन की यह पहल केवल पुनर्वास तक सीमित न रहकर विस्थापित परिवारों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# लापरवाही पर एक पटवारी सस्पेंड दूसरे की वेतन वृद्धि रोकी



**छतरपुर।** जिला प्रशासन की जन-सुनवाई और प्रशासनिक सख्ती अब मैदान में नजर आने लगी है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने ग्राम अलीपुरा में आयोजित रात्रि जन-चौपाल के दौरान राजस्व विभाग की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को निलंबित कर दिया और दूसरे की वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी।

समीक्षा के दौरान पता चला कि टीला पटवारी विनय पटेल ने एक ग्रामीण की मृत्यु के 5 महीने बाद भी फौती नामांतरण का कार्य नहीं किया। इस गंभीर लापरवाही पर कलेक्टर ने मौके पर ही पटवारी विनय पटेल को निलंबित करने के निर्देश दे दिए।

इसी प्रकार अलीपुरा पटवारी जमना प्रसाद अनुरागी द्वारा नामांतरण कार्य में देरी करने पर उनकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) रोकने के आदेश जारी कर दिए गए।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने साफ चेतावनी दी कि नामांतरण, बी-1 वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अब कोई देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निपटारा ही हमारा लक्ष्य है।

### राशन पर्ची और पेंशन के लाभ

चौपाल के दौरान कलेक्टर ने 5 पात्र ग्रामीणों की राशन पर्ची मौके पर स्वीकृत कर दी, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल छा गया। साथ ही कई हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन और बीपीएल कार्ड भी तुरंत बनवाकर दिए गए। इस रात्रि जन-चौपाल में महाराजपुर भाजपा विधायक कामख्या प्रताप सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## द्वारका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा पर जाने के लिए 13 मई तक करें आवेदन

**छतरपुर।** धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2026-27 अंतर्गत 27 मई से 02 जून 2026 तक यात्रा का कैलेण्डर जारी किया गया है। जिसमें छतरपुर जिले से 250 तीर्थ यात्रियों सहित 4 अनुरक्षक यात्रा 27 मई 2026 को द्वारका एवं सोमनाथ के लिए रवाना होगी। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने योजना के सफल क्रियांवयन के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उक्त यात्रा से संबंधित जानकारी विभागीय बेवसाईट पर उपलब्ध है। जिले के जाने वाले यात्री 13 मई 2026 तक संबंधित जनपद कार्यालय या स्थानीय निकाय में आवेदन जमा करें। निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्रा पर जाने के लिए आवेदक जिले का स्थाई निवासी हो और उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक हो, आयकर दाता नहीं हो। साथ ही शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होने का प्रमाण पत्र शासकीय चिकित्सक से प्राप्त हो।

# कलेक्टर का कर्मचारी कल्याण शिविर बना कर्मचारियों के चेहरे की मुस्कान

## शिविर लगाकर 84 कर्मचारियों को दिया समयमान-वेतनमान का लाभ कलेक्टर ने कहा समयमान-वेतनमान सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों का हक

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में 5 वर्षों से लंबित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों जिसमें (भृत्य, लिपिक, वाहन चालक) के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ समयमान-वेतनमान के प्रकरणों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए निराकरण कर बड़ी राहत प्रदान की है। कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा लगभग एक माह पूर्व कलेक्टर से मुलाकात कर समयमान वेतनमान का लाभ दिलाने की मांग की गई थी।

कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया की अध्यक्षता में एक समिति गठित की। जिसमें सदस्य के रूप में डीओ ट्राईवल, जिला पेंशन अधिकारी एवं प्रबंधक ई-गवर्नेंस शामिल हैं । समिति ने कड़ी मेहनत कर तत्कालीन अधिकारियों जिनमें अन्य जिलों में पदस्थ कलेक्टर, अपर कलेक्टर से बात कर कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन मंगाकर दस्तावेजों का परीक्षण किया।

कलेक्टर के निर्देशन में समिति द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 से 25 दिनों के भीतर ही परीक्षण पूर्ण कर समयमान वेतनमान के आदेश जारी किए गए। समिति ने प्राप्त 101 आवेदनों पर विचार किया, जिनमें से 84 कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ स्वीकृत किया। इससे प्रत्येक कर्मचारी को प्रतिमाह लगभग 2 से 4 हजार रुपये तक का आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। कलेक्टर द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कर्मचारी कल्याण शिविर आयोजित कर कर्मचारियों को उनके अधिकारों का लाभ दिलाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि समयमान वेतनमान अधिकारी एवं कर्मचारियों का अधिकार है और पात्र कर्मचारियों को इसका लाभ समय पर मिलना चाहिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक कलेक्टर की संवेदनशीलता एवं गठित टीम की कडी मेहनत एवं त्वरित कार्रवाई के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया एवं समयमान-वेतनमान का लाभ पाकर कर्मचारियों के चेहरे खिल उठे।

# सीआरपीएफ जवानों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित, टीबी स्क्रीनिंग एवं जांच की गई




**जागरण मंडला।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन तथा 148वीं बटालियन सीआरपीएफ के विशेष सहयोग से 8 मई को सीआरपीएफ जवानों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी स्क्रीनिंग, टीबी जांच एवं जनजागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया।स्वास्थ्य शिविर में सीआरपीएफ जवानों की टीबी स्क्रीनिंग की गई तथा संभावित टीबी मरीजों की जांच ट्रूनॉट मशीन एवं हैंड हेल्ड चेस्ट एक्स-रे मशीन के माध्यम से की गई। साथ ही उपस्थित जवानों को टीबी रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी देते हुए काउंसिलिंग भी की गई।जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुमित सिंगौर द्वारा जवानों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में टीबी उन्मूलन को लेकर आईईसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता भी फैलाई गई।कार्यक्रम में 148वीं बटालियन सीआरपीएफ से कमांडेंट श्री विक्रांत सारंगपानी, डिप्टी कमांडेंट श्री मनोरंजन कुमार, फार्मासिस्ट श्री अंकित कुमार एवं श्री देवेन्द्र सेन उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुमित सिंगौर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण उइके, डीपीसी श्री गौरव साहू, एसटीएस श्री मुकुल तुमराम, एसटीएलएस श्री आलोक रंजन अवधवाल, रेडियोग्राफर श्री राघवेन्द्र भलावी, लैब टेक्नीशियन श्री गिरिजाशंकर नागवंशी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के पालन में खनिज विभाग मंडला द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में प्राप्त शिकायतों के आधार पर ग्राम हिरदेनगर तहसील मंडला क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। जब्त वाहनों में एक ट्रैक्टर पावर ट्रैक कंपनी इंजन नंबर ई 3269083 तथा दूसरा ट्रैक्टर पावर ट्रैक कंपनी इंजन नंबर ई 3460754 शामिल है।खनिज विभाग द्वारा दोनों वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में रखा गया है। संबंधित वाहनों के विरुद्ध मप्र खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई खनिज निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

## व्यापार में निवेश के नाम पर 36 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी पन्ना से गिरफ्तार

**कटनी।** पांच मई को प्रार्थी देवकीनंदन परौहा पिता तुलसीराम परौहा उम्र 59 साल निवासी दुर्गाचौक थाना एनकेजे कटनी द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित शिकायत प्रस्तुत किया की जिला पन्ना निवासी तुलसी राम साहू उर्फ बोका साहू द्वारा रेलवे का कान्ट्रेक्टर होने का बताकर ग्राम सकारिया जिला पन्ना मे रेलवे का ठेका मिलने का बताकर पैसा लगाने के नाम पर 36 लाख 30 हजार रुपये का झांसा देकर छल कपट पूर्वक कूटरचना कर धोखाधडी करने का शिकायत प्रस्तुत किया है। मामला मे उक्त आरोपी का कृत्य अपराध पाये जाने से थाना एनकेजे कटनी मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश प्राप्त हुए है। विवेचना दौरान सायबर सेल कटनी से उक्त आरोपी के साइबर सेल की सहायता से थाना शाहनगर जिला पन्ना के पास से घेराबंदी कर अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई जो घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी द्वारा ली गयी राशि 36 लाख 30 हजार रुपये को जप्त की गयी है। घटना को अंजाम देते समय आरोपी द्वारा उपयोग की गई टोयोटा फॉर्च्यूनर को भी जप्त किया गया है। आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बताते हुए विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कटनी पेश किया गया है।

## छतरपुर में पुलिस की सख्त चेकिंग जारी राजनगर रोड पर वाहनों की जांच

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में नए पुलिस अधीक्षक के पदभार संभालने के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधों पर नियंत्रण के उद्देश्य से शहर के प्रमुख मार्गों पर लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली थाना पुलिस ने राजनगर रोड पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान वाहन चालकों के दस्तावेज, हेलमेट, सीट बेल्ट, संदिग्ध गतिविधियों तथा अवैध वस्तुओं की बारीकी से जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नजर रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने और बिना वैध दस्तावेज के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सख्ती का समर्थन करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से अपराधों पर लगाम लगेगी और आम नागरिक खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे।

**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल**
संस्थान निर्माण विभाग, भोपाल बायपास रोड, भौरी, भोपाल-462 066

अधीक्षण अभियंता, संस्थान निर्माण विभाग, आई.आई.एस.ई.आर. भोपाल, द्वारा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो लिफाफा पद्धति में योग्य फर्मों/ प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आई.डब्ल्यू.डी./अ.अ./एन. आई.टी./2026-27/60 दिनांक 08/05/2026 | आई.आई. एस. ई. आर. भोपाल में बिटुमिनस सड़कों का रखरखाव। | रु. 93,34,728/- | रु. 1,86,695/- | 30 दिवस |

निविदा प्रपत्र एवं आवेदन की अन्य जानकारी हेतु वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app देखें। निविदा सूचना संस्थान की वेबसाइट www.iiserb.ac.in पर भी उपलब्ध है।

**Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute**
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
(An Autonomous Institute of the Govt. of Uttar Pradesh)
Website: www.cancerinstitute.edu.in email: executiveregistrar.ksssci@gmail.com

**NOTICE**

It is informed that against Advertisement No. **KSSSCI/Rectt/CMO/ER-04/2025-26** dated 13.10.2025 and KSSSCI/CMS/212A/10/2025-26 dated 26.02.2026, one (01) post of Casualty Medical Officer (CMO) was advertised under the Scheduled Caste (SC) category. The written examination for the said post was conducted in the Institute on 02.05.2026.

The above mentioned advertisements dated 26.02.2026 are hereby stands cancelled with immediate effect. Accordingly, the entire selection process and examination conducted for the said post shall be treated as cancelled.

Details may be seen on institute's website :- **www.cancerinstitute.edu.in**

**Advt. No: KSSSCI/Rectt/CMO/ER-03/2026-27** **DIRECTOR**

# अमदरा टोल के पास बस पलटी, एक दर्जन यात्री घायल

## ओवरटेक की जल्दबाजी बनी हादसे की वजह

**कटनी।** मैहर से कटनी की ओर आ रही परिहार बस क्रमांक एमपी 19 पी 7786 आमदरा टोल के पास ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय बस में दर्जनों यात्री सवार थे। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया और यात्रियों में चीख पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था और ओवरटेक करने के प्रयास में बस का संतुलन बिगड़ गया जिसके चलते बस सड़क किनारे पलट गई। हादसे में करीब 10 से 12 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही 1033 एम्बुलेंस सेवा की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकालकर कटनी जिला अस्पताल पहुंचायाए जहां सभी का इलाज जारी है। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं जबकि कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया। पुलिस द्वारा घटनास्थल पर यातायात व्यवस्था संभाली गई तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

# निकायों में नए आय स्रोत विकसित करें : कलेक्टर पार्थ जैसवाल



**छतरपुर।** छतरपुर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सभी सीएमओ को निकायों की आय बढ़ाने के लिए नए स्रोत विकसित करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम आवास 2.0, जनगणना 2027, पेयजल व्यवस्था, राजस्व वसूली और जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की गई।

पीएम आवास के लंबित आवेदनों में लापरवाही पर घुवारा सीएमओ के तीन दिन का वेतन राजसात करने, नौगांव और हरपालपुर सीएमओ को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि आवास कार्यों का नियमित निरीक्षण कर हितग्राहियों द्वारा राशि के दुरुपयोग पर रोक लगाई जाए।

बैठक में जीर्णशीर्ण भवनों को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण, गर्मी में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति, आवारा पशुओं की रोकथाम हेतु एबीसी सेंटर शुरू करने तथा अमृत 2.0 और अधोसंरचना कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। जनगणना कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पर्यवेक्षकों पर कार्रवाई करने तथा निकायों में शत-प्रतिशत एचएलबी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बारीगढ़ में मकानों की गणना का कार्य पूर्ण होने पर कलेक्टर ने सीएमओ की प्रशंसा की।

## संक्षिप्त खबरें

### सीनियर सिटीजन पंचायत में सुलझे बुजुर्गों के 131 मामले

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** विदिशा पुलिस ने बुजुर्गों की परेशानी दूर करने के लिए सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत शुरू की है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों के पारिवारिक और संपत्ति विवादों को पुलिस की मदद से सुलझाया जा रहा है। पिछले साल 23 जनवरी से शुरू हुई इस पहल के तहत अब तक 54 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें कुल 187 प्रकरण सामने आए थे, जिनमें से 131 मामलों का निराकरण कर दिया गया है। इसके अलावा बुजुर्गों की शिकायतों पर उनके परिजनों को बुलाकर उन्हें समझाइश भी दी जा रही है। इस पंचायत के जरिए शमशाबाद में एक बेटे द्वारा पिता के पीएम आवास की राशि खर्च करने और जमीन कब्जाने के मामले में बेटे ने 15 दिन में राशि लौटा दी। इसी तरह एक बुजुर्ग विधवा महिला को धमकाने और वाहन में आग लगाने वाले बेटे के खिलाफ पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए आपराधिक केस दर्ज करने के निर्देश दिए।

### 9 लाख से अधिक किसानों से खरीदा 53 लाख टन गेहूं

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में गुरुवार तक 9 लाख 9 हजार किसानों से 53 लाख 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों की बढ़ती संख्या और सुविधा को देखते हुए सरकार ने गेहूं उपार्जन की अंतिम तिथि को 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दिया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि उपार्जन केंद्रों पर तौल पर्ची बनाने का समय अब रात 10 बजे तक और देयक (बिल) जारी करने का समय रात 12 बजे तक कर दिया गया है। केंद्रों पर भीड़ कम करने और तौल प्रक्रिया तेज करने के लिए प्रत्येक सेंटर पर तौल-कांटों की संख्या भी 4 से बढ़ाकर 6 कर दी गई है। इसके साथ ही एनआईसी सर्वर की क्षमता भी बढ़ाई गई है ताकि ऑनलाइन प्रक्रिया में कोई तकनीकी दिक्कत न आए। अब तक प्रदेश के 14 लाख 81 हजार किसान गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक कर चुके हैं। सरकार ने किसानों को अब तक 9525.70 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। गौरतलब है कि प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2425 रुपये समर्थन मूल्य और राज्य सरकार द्वारा घोषित 160 रुपये प्रति क्विंटल बोनस को मिलाकर कुल 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। गेहूं का उपार्जन सप्ताह में 6 दिन सोमवार से शनिवार तक किया जा रहा है।

# किसानों के हक में कांग्रेस ने किया जंगी प्रदर्शन एनएच-3 पर 747 किमी तक आवागमन बाधित

## पांच घंटे तक रही अफरा-तफरी, खाने-पीने को तरसे लोग, बस-एंबुलेंस भी फंसी, पुलिस से कई जगह झड़प व धक्कामुक्की

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को आगरा-बॉम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग पर 7 जगह प्रदर्शन कर 747 किमी में महाजाम लगा दिया। इंदौर से लेकर मुरैना तक प्रदेश के सबसे लंबे व व्यस्ततम राजमार्ग पर घंटों अफरातफरी मची रही। दो दर्जन जिलों के कांग्रेस विधायक, नेता और कार्यकर्ता कई घंटों सड़क पर डटे रहे। इससे राजमार्ग पर दोनों तरफ कई किमी हजारों गाड़ियां फंसी रहीं। यात्री बसों और मरीज भी कई घंटे तक कांग्रेसियों का जाम खुलने का इंतजार करते रहे। कई जगहों पर खाने-पीने की व्यवस्था न होने से लोग परेशान हुए तो जाम खुलवाने में जुटी पुलिस और कांग्रेसजनों के बीच झड़प हुई। तीखी बहस, धक्कामुक्की के बीच कई जिलों में पुलिस ने गिरफ्तार कर कांग्रेस नेताओं को अस्थायी जेल में भेज दिया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने किसानों की मांगों का जल्द निराकरण न होने पर पंचायत स्तर तक प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदेशाध्यक्ष पटवारी इंदौर और शाजापुर के धरने में शामिल हुए। शाजापुर में रोजवास टोल प्लाजा, ग्वालियर के निरावली तिराहे, इंदौर बायपास, महू और मुरैना, खलघाट टोल नाका शिवपुरी जिले के पड़ौरा चौराहा सहित सातों जगह पर सुबह से ही कांग्रेसजन जुटने लगे थे। जैसे ही जाम की शुरूआत हुई पुलिस सक्रिय हो गई। बावजूद इसके कई जगहों पर 3 से 5 घंटे तक कांग्रेस का प्रदर्शन चलता रहा। कुछ जिलों में जाम के दौरान विवाद की स्थिति बन गई। पुलिस को बल प्रयोग करते हुए कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार करना पड़ा। प्रदर्शनकारी साथ गेहं, ज्वार सहित कई अनाज, फसल लेकर आए थे। कई जगह धूप को दरकिनार कर कांग्रेसजन सड़क पर ही लेट गए।



### तो सीएम हाउस में करेंगे तालाबंदी: पटवारी

शाजापुर और महू में धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने कहा कि आज के महा जाम के बाद भी सरकार किसानों की मांगें नहीं मानती है तो कांग्रेस पंचायत स्तर तक आंदोलन करेगी। कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। सरकार इसके बाद भी नहीं मानती है तो हम मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर तालाबंदी कर देंगे। उन्होंने कहाकि सरकार की वादाखिलाफी ने किसानों को कर्जदार बना दिया है। किसान बाजारों में अपनी फसल बेचने मजबूर हैं। कांग्रेस ने तीन वर्षों तक सरकार को वादे पूरे करने का समय दिया, लेकिन किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। अब कांग्रेस शांत नहीं बैठेगी। किसानों की आवाज उठाने पर हमारे खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, तो कांग्रेस कार्यकर्ता जेल जाने के लिए भी तैयार हैं। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के मद में चूर होकर किसानों की आवाज को कुचलना चाहती है, लेकिन अब प्रदेश का किसान जाग चुका है और अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए सड़क पर उतर आया है। उन्होंने कहा कि अब न तो सरकार किसानों को दबा सकती है और न ही सरकारी तंत्र किसानों की आवाज को रोक सकता है।

### दो मिनट का समय देकर पुलिस ने खदेड़ा

मुरैना में कांग्रेस के जाम के कारण एक घंटे में ही अफरातफरी मच गई। कांग्रेस 5 घंटे तक प्रदर्शन करना चाहती थी। कई बार समझाने के बाद पुलिस अधिकारियों ने दो मिनट में हाईवे छोड़ने की चेतावनी दी। इसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए सबको खींचकर उठाना शुरू कर दिया। बलपूर्वक कार्रवाई कर नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर थाने भेज दिया। भिंड में बुजुर्ग की गाड़ी निकलवाने को लेकर कांग्रेस नेताओं और पुलिस आरक्षक के बीच जमकर झड़प हो गई। ग्वालियर, मुरैना सहित कई जगह रूट डायवर्ट भी किया गया, लेकिन फिर भी हाई वे वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

**शिवपुरी:** पर गुरुवार को कांग्रेस ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर चक्काजाम किया। यह प्रदर्शन करीब ढाई घंटे तक चला। इस दौरान आगरा-मुंबई हाईवे की दोनों लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन में विधायक फूल सिंह बरैया, पूर्व मंत्री लाखन सिंह बघेल, विधायक बाबू जंडेल, विधायक कैलाश कुशवाह, जिला प्रभारी देवेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल सहित शिवपुरी और श्योपुर जिले के सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जयवर्धन का ट्रैक्टर, नेपाल का मरीज, दुल्हन भी फंसी

पूर्व मंत्री एवं राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में नेशनल हाईवे-46 पर प्रदर्शन में ट्रैक्टर-ट्राली लेकर पहुंचे। उनकी सक्रियता ने कांग्रेसजनों में उत्साह भर दिया। जयवर्धन ने धरने के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया पर तंज कसते हुए कहाकि उन्हें किसानों की बहुत चिंता है, इसलिए उन्होंने किसानों के लिए प्याज की माला भिजवा दी है। कांग्रेस के इस प्रदर्शन के कारण नेपाल से पुणे जा रही फंसने के कारण करीब दो घंटे तक यात्री परेशान होते रहे। बस से अपनी मां को इलाज के लिए नेपाल से इंदौर जा रहा एक परिवार इस जाम से परेशान हो गया। वहीं कई यात्री जाम के दौरान खाने-पीने को लेकर परेशान होते रहे। वहीं एक अन्य बस में सवार दुल्हन और उसका परिवार जाम से उलझन में आ गया। मेंहदी-हल्दी लगाए शिवपुरी की इस लड़की की शादी रुठियाई के लड़के से हो रही है। जाम के कारण गुरुवार के सारे कार्यक्रमों पर पानी फिर गया। दुल्हन और मरीज का परिवार प्रदर्शनकारियों से उनकी बस निकलवाने की गुहार लगाते रहे, लेकिन रास्ता नहीं निकल सका।

### ये हैं किसानों से जुड़ी खास मांगें

- किसानों को खाद, पानी, बिजली, किसान निधि समय पर नहीं मिल रहे।
- फसल खरीदी और भुगतान व्यवस्था बिगड़ी है, मगर कहीं सुनवाई नहीं हो रही।
- ई-उपार्जन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए
- ऑफलाइन विकल्प शुरू किया जाए
- गेहूं खरीदी का भुगतान 7 दिन में सुनिश्चित करने
- केसीसी ऋण की अवधि बढ़ाई जाए।

### महा जाम के प्रमुख स्थान

- **मुरैना** : मुरैना, भिंड
- **ग्वालियर** : ग्वालियर, दतिया
- शिवपुरी: शिवपुरी, श्योपुर
- **गुना** : गुना, अशोकनगर
- **शाजापुर:** शाजापुर, देवास, राजगढ़, आगर मालवा, उज्जैन, सीहोर, विदिशा, रायसेन, भोपाल
- **इंदौर** : इंदौर
- **खलघाट:** खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ धार, खरगोन।

### किसान फसल फेंक रहा है और सरकार खा रही झालमुड़ी: सिंघार

खलघाट टोल नाके पर धरने के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश का किसान अपनी फसल सड़क पर फेंकने को मजबूर है, लेकिन सरकार को सिर्फ बंगाल की राजनीति करनी है। उन्होंने कहाकि मुख्यमंत्री वहीं चले जाएं। किसान सब देख रहा है और अगर सरकार किसानों को रुलाएगी तो किसान भी सरकार को रुलाने का काम करेंगे। सरकार को किसानों का गेहूं और सोयाबीन दिखाई नहीं दे रहा। किसानों की परेशानी नहीं दिख रही।

### कांग्रेस का चक्काजाम फ्लॉप रहा, बड़े नेताओं ने बनाई दूरी: भाजपा

प्रदेश भाजपा ने कहा कि कांग्रेस का चकाजाम पूरी तरह से बेअसर और फ्लॉप साबित हुए है। किसान और कार्यकर्ता तो इस आंदोलन से दूर रहे ही,कांग्रेस अपने वरिष्ठ नेताओं को भी इस मुद्दे पर एक जुट नहीं कर सकी। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने इस संबंध में सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अरुण यादव और अजय सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं की दूरी ने साफ कर दिया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के भीतर नेतृत्व को लेकर गहरा मतभेद और अविश्वास है। चका जाम से आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा,जबकि इसका जनसमर्थन कहीं दिखाई नहीं दिया। यह मात्र एक राजनीतिक अस्तित्व बचाने का असफल प्रयास अधिक नजर आया। उन्होंने आगे लिखा कि जब किसी दल के वरिष्ठ नेता ही पार्टी के आह्वान से दूरी बना लें,तो समझ लेना चाहिए कि न नेतृत्व में दम बचा है और न ही नीतियों में जनविश्वास। इधर, पार्टी दफ्तर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा किसान मोर्चे के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी राजनीतिक छवि बनाने के लिए किसानों और आम जनता को परेशान कर रहे हैं। कांग्रेस को पहले अपने शासनकाल की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए,जब किसानों पर गोलियां चलाई गई और उनसे 18 प्रतिशत ब्याज वसूला गया। सरकार किसानों के पसीने की कीमत समझती है। प्रदेश में लगातार सिंचाई क्षेत्र बढ़ने से इस वर्ष बंपर उत्पादन हुआ है।

### कांग्रेस पूरी तरह से मुद्दाविहीन, किसानों को कर रही गुमराह : सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा बचा नहीं है, ऐसे में वह किसानों को गुमराह करने के लिए चक्काजाम जैसा कदम उठा रहे है,जो पूरी तरह से राजनीतिक स्टंट है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की वजह से परीक्षा देने वाले बच्चे और आमजन परेशान हुए हैं। कांग्रेस के नेशनल हाईवे पर सत्याग्रह कर चकाजाम करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार किसान हितैषी है और गेहूं की खरीदी सुचारु रूप से चल रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि किसानों को कोई कठिनाई न हो। सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस चकाजाम से बोर्ड परीक्षा देने वाले बच्चे,मरीज व आम यात्री घंटो परेशान हुए है। इसका कांग्रेस को पाप लगेगा। कांग्रेस जनता से जुड़े मुद्दों पर नहीं,बल्कि झूठ फैलाकर प्रदेश का माहौल खराब करना चाहती है। कांग्रेस को अपने इस व्यवहार के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## 44 डिग्री तापमान में 101 धूनी के बीच महंत का हठयोग देखने उमड़ रहे श्रद्धालु

**जागरण, ब्यावरा।** प्रदेश के ब्यावरा में भीषण गर्मी के बीच नाथ संप्रदाय के महंत हरिनाथ का अनोखा हठयोग लोगों के आकर्षण



का केंद्र बना हुआ है। करीब 44.8 डिग्री तापमान में महंत हरिनाथ रोज दोपहर 12 बजे से तीन घंटे तक 101 जलती धूनी के बीच तपस्या कर रहे हैं। यह अनुष्ठान 19 अप्रैल से शुरू हुआ था, जिसका समापन 9 मई को होगा। करीब एक एकड़ खेत में 101 धूने सजाए गए हैं। धूनी में आग की तेज लपटें उठने के बाद महंत हरिनाथ वहां पहुंचते हैं और धुएं और अग्नि के बीच बैठकर हठयोग करते हैं। श्रद्धालु जयकारों के साथ उनका स्वागत करते हैं। धुएं की वजह से कुछ ही देर में महंत दिखाई देना बंद हो जाते हैं। व्यवस्था संभाल रहे जितेंद्र सौंधिया के अनुसार, धूनी के बीच तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक होता है, लेकिन वहां पहुंचने पर गर्मी का अहसास कम होता है। आयोजन में आसपास के करीब 50 गांवों से लोग पहुंच रहे हैं। 21 दिन के इस हठयोग में लगभग 84 हजार कंडों का उपयोग हो रहा है। श्रद्धालु गांवों से बैलगाड़ियों और ट्रॉलियों में कंडे लेकर पहुंच रहे हैं। समापन पर भंडारे और धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे।

## महाकाल दर्शन करने आए परिवार को दुकानदारों ने पीटा, बच्चे का हाथ टूटा

**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में एक बार फिर श्रद्धालुओं के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। गाजियाबाद से दर्शन करने आए श्रद्धालु विश्वबंधु मेहरा और उनके परिवार के साथ स्थानीय दुकानदारों ने कथित रूप से गाली-गलौज और मारपीट की। घटना में मासूम बच्चे का हाथ टूटने और परिवार के अन्य सदस्यों के घायल होने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार उप्र के गाजियाबाद के रहने वाले विश्वबंधु अपनी पत्नी और बच्चे के साथ 6 मई को उज्जैन पहुंचे थे।

**बरगी क्रूज हादसा:** मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा

## दो याचिकाएं दायर, संज्ञान मामले में पुलिस ने कार्रवाई के लिए लिया समय

**जागरण, जबलपुर।** बरगी क्रूज हादसे में लापरवाही के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने तथा निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए हाईकोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गयी हैं। इसके अलावा तीन अन्य याचिका शीघ्र दायर किये जाने वाली हैं। वहीं जिला अदालत द्वारा संज्ञान लिये गये मामले में पुलिस प्रशासन द्वारा क्रूज चालक तथा क्रू सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने देने का आग्रह जिला न्यायालय में किया गया है। विगत 30 अप्रैल की शाम बरगी बांध में पर्यटन विकास निगम का क्रूज पलट गया था। हादसे में आठ महिला, चार बच्चों सहित 13 व्यक्तियों की मौत हो गयी थी। 28 व्यक्तियों को बचा लिया गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान क्रूज को बाहर निकाल लिया गया था। उक्त क्रूज हादसे को संज्ञान में लेते हुए जिला न्यायालय ने गत मंगलवार को चालक सहित अन्य सदस्यों के खिलाफ बरगी थाना प्रभारी को दो दिनों में एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किये थे। जेएमएफसी डीपी सूत्रकार ने बरगी हादसे के संबंध में समाचार पत्र तथा सोशल मीडिया में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए अपने आदेश में कहा था कि प्रकाशित खबरों के अनुसार चालक द्वारा क्रूज अपेक्षा पूर्वक चलाया गया। जिसके कारण क्रूज डूबने से कई व्यक्तियों की मौत हो गयी। चालक स्वयं क्रूज की गतिविधियों से परिचित होने पर भी उसके सवार यात्रियों को डूबता छोड़कर सकुशल बच निकला। उसके द्वारा उन्हें बचाने के कोई प्रयास न किया जाना धारा 106 भारतीय न्याय संहिता 2023 और धारा 110 अपराधिक मानव वध करने के प्रयत्न को दर्शाता है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच नहीं हुई तो भविष्य में क्रूज संचालन या नाव संचालित करने वाला कोई भी व्यक्ति अनहोनी होने पर लोगों को डूबता हुआ छोड़ेगा और इस कार्य की पुनरावृत्ति होगी।

## आईएएस फार्म हाउस जुआ कांड टीआई का सस्पेंशन ऑर्डर खारिज

### हाईकोर्ट ने अपने आदेश में की टिप्पणी- आदेश पूरी तरह से मनमाना, दिखावटी और प्रतिशोधात्मक

**जागरण, इंदौर।** मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने करीब दो माह पहले इंदौर में एक आईएएस के फार्म हॉउस के जुआ कांड में सस्पेंड मानपुर टीआई लोकेंद्र सिंह हिहोरे का सस्पेंशन ऑर्डर खारिज कर दिया है। गुरुवार को मामले में हाई कोर्ट ने इस लेकर आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में लिखा कि यह आदेश पूरी तरह से मनमाना, दिखावटी और प्रतिशोधात्मक है। याचिकाकर्ता द्वारा साफ लिखा है कि आईएएस का घटनास्थल बदलने के लिए दबाव आया, जब इसका पालन नहीं किया और सत्यनिष्ठा के साथ एफआईआर में सही लिखा तो सस्पेंड कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि इन आरोपों का प्रतिवादियों द्वारा ना खंडन किया गया,



ना ही समर्थन, पूरे मामले में चुप्पी साधी रखी गई। लेकिन घटना का पूरा क्रम बताता है कि यह आदेश प्रतिशोधात्मक था और उच्च स्तर के आदेश का पालन नहीं करने के कारण किया। पुलिस द्वारा की गई जांच में भी कोई स्वतंत्र गवाह नहीं है और पुराने केस गिनाए गए हैं। गौरतलब है कि 10-11 मार्च की रात आईएएस के फार्महाउस पर जुआ खेलते लोगों को पकड़ा था। इसके बाद मानपुर टीआई लोकेंद्र सिंह हिहोरे, एसआई मिथुन ओसारी और एएसआई रेशम गिरवाल को सस्पेंड कर दिया गया। कुछ दिन बाद एसआई और एएसआई बहाल हो गए, लेकिन टीआई पर कार्रवाई जारी रही और उन्हें बुरहानपुर अटैच कर दिया था।

### राहुल गांधी मामले में हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई 12 को

**जबलपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भोपाल की विशेष अदालत में लंबित मानहानि प्रकरण के खिलाफ दायर याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस पीके अग्रवाल की एकलपीठ ने दलीलें सुनने के बाद मामले को अंतिम सुनवाई के लिए 12 मई को नियत किया है। दरअसल, भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के परिवाद पर एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा राहुल गांधी को समन जारी किया गया था। समन व परिवाद को निरस्त कराने हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है।

## इंजीनियर से 7 लाख की ठगी, 3 माह में हुआ केस

**जागरण, ग्वालियर।** शहर के मुरार इलाके में रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को साइबर ठगों ने अपनी मीठी बातों में फंसाकर सात लाख रुपए से अधिक की चपत लगा दी। ठगों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर पहले विश्वास जीता और फिर अनचाहे लोन को बंद कराने के नाम पर किस्तों में मोटी रकम वसूल ली। घटना 3 सितंबर 2025 से 3 फरवरी 2026 के बीच त्यागी नगर मुरार की है। हैरान करने वाली बात यह है कि पीड़ित को पुलिस में मामला दर्ज कराने के लिए ही तीन महीने तक चक्कर काटने पड़े। इसके बाद मुरार थाना पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज किया है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है कि किन-किन अकाउंट में रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक त्यागी नगर के रहने वाले विपिन कुमार सिंह बेंगलुरु की एक प्रतिष्ठित कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने एचडीएफसी बैंक में लोन के लिए आवेदन किया था। आवेदन के कुछ समय बाद ही उनके पास अज्ञात नंबरों से लोन दिलाने के कॉल आने शुरू हो गए।

## सिंहस्थ से पहले भोपाल रेलवे स्टेशन पर बनेगा तीसरा फुट ओवर ब्रिज

**20 करोड़ रुपए आएगी लागत** | **प्लेटफार्म 1 से लेकर 6 तक होगी पहुंच**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ मेला 2028 को लेकर रेलवे ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने भोपाल जंक्शन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने की योजना तैयार की है। इसी के तहत भोपाल रेलवे स्टेशन पर तीसरा फुटओवर ब्रिज बनाया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह ब्रिज बीना छोर की ओर तैयार होगा, जिसकी लंबाई करीब 156 मीटर और चौड़ाई 6 मीटर होगी। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 20 करोड़ रुपए तय की गई है। फिलहाल यह योजना प्रक्रिया में है और सिंहस्थ शुरू होने से पहले इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रेलवे द्वारा बनाए जाने वाले इस नए फुटओवर ब्रिज को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है ताकि यात्रियों की आवाजाही पहले से ज्यादा आसान और सुरक्षित हो सके। यह ब्रिज प्लेटफार्म नंबर-एक को स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से जोड़ेगा, वहीं प्लेटफार्म नंबर-छह से होल्डिंग एरिया तक सीधा कनेक्शन भी दिया जाएगा। इसके दोनों ओर बड़े वेटिंग और होल्डिंग एरिया तैयार किए जाएंगे, जहां भारी भीड़ के दौरान यात्रियों को सुरक्षित तरीके से रोका और व्यवस्थित किया जा सकेगा। रेलवे का मानना है कि सिंहस्थ के दौरान स्टेशन पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने में यह ब्रिज काफी मददगार साबित होगा। साथ ही सामान्य दिनों में भी रोजाना करीब 15 हजार यात्रियों को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

### भीड़ प्रबंधन पर फोकस सुरक्षा पर भी नजर

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए सिर्फ फुटओवर ब्रिज ही नहीं, बल्कि स्टेशन की पूरी व्यवस्था को बेहतर बनाने पर काम किया जा रहा है। प्लेटफार्म विस्तार, अतिरिक्त प्रतीक्षालय, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री मार्गदर्शन और भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष योजना बनाई जा रही है। स्टेशन परिसर में ऐसे होल्डिंग एरिया विकसित किए जाएंगे, जहां जरूरत पड़ने पर यात्रियों को सुरक्षित तरीके से रोका जा सके। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई और सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती भी की जाएगी।

## शान-ए-भोपाल में बढ़ेगा थर्ड ऐसी का कोच

**भोपाल।** यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या और ट्रेनों में लंबी वेटिंग को देखते हुए रेलवे ने भोपाल एक्सप्रेस में स्थायी रूप से एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। इस एक कोच के जुड़ने से ट्रेन में करीब 72 अतिरिक्त यात्री सफर कर सकेंगे। इससे रोजाना बड़ी संख्या में यात्रियों को कन्फर्म सीट मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 12155 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन भोपाल एक्सप्रेस में यह अतिरिक्त थर्ड एसी कोच 24 जून से जोड़ा जाएगा। वहीं वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 12156 हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति भोपाल एक्सप्रेस में यह सुविधा 27 जून से लागू होगी। अधिकारियों का कहना है कि भोपाल एक्सप्रेस में लंबे समय से यात्रियों का दबाव बढ़ रहा था। खासकर त्योहारों, छुट्टियों और सप्ताहांत में ट्रेन में सीट मिलना मुश्किल हो जाता था। कई यात्रियों को लंबी वेटिंग के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लगने से यात्रियों को अधिक आरक्षित सीटें मिलेंगी और वेटिंग लिस्ट कम करने में मदद मिलेगी। भोपाल एक्सप्रेस राजधानी दिल्ली और भोपाल के बीच चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में से एक है।

**सौरभ शर्मा मामला** | लोकायुक्त पुलिस निर्धारित 90 दिन की समय सीमा में चार्जशीट पेश करने में नाकाम रही

# ईडी ने लोकायुक्त की कार्रवाई को कटघरे में किया खड़ा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में जेल में बंद सौरभ शर्मा और उसके दो साथियों, चेतन सिंह गौर एवं शरद जायसवाल के मामले में ईडी ने लोकायुक्त की कार्रवाई को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। ईडी द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, इस मामले में सौरभ शर्मा और उसके साथियों को लोकायुक्त की सुस्ती से जमानत मिल गई, लेकिन ईडी के केस में वे अब तक जेल में बंद हैं। ईडी ने अपने बुलेटिन में दावा किया है कि रिटायर्ड आरटीओ आरक्षक सौरभ शर्मा के खिलाफ पहला छापा लोकायुक्त ने ही मारा था और उसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। हालांकि, लोकायुक्त पुलिस निर्धारित 90 दिन की समय सीमा के भीतर चार्जशीट पेश करने में नाकाम रही, जिसका फायदा उठाते हुए सौरभ शर्मा को भोपाल की स्पेशल कोर्ट से 1 अप्रैल 2025 को डिफॉल्ट बेल मिल गई। ईडी के बुलेटिन में दावा किया गया है कि लोकायुक्त की इस विफलता और सुस्ती के बाद प्रवर्तन निदेशालय की भोपाल यूनिट ने सख्ती से कार्रवाई की, जिससे सौरभ, चेतन और शरद



अब तक जेल की सलाखों के पीछे हैं। लोकायुक्त के बाद इस केस में ईडी ने सौरभ के ठिकानों पर रेड की थी। ईडी ने भोपाल जोन में दर्ज ईसीआईआर के तहत सौरभ शर्मा को घेरा। ईडी की जांच में सामने आया कि सौरभ ने शेल कंपनियों, लोन और जटिल ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 108 करोड़ रुपये की अवैध काली कमाई को सफेद करने का जाल बुना था।

### काले धन को ठिकाने लगाने के ईडी को पुख्ता सबूत मिले

ईडी ने अदालत में तर्क रखे कि आरोपी ने अपने सहयोगियों की मदद से फर्जी कंपनियों और परिजनों के खातों का इस्तेमाल कर पैसों की लेयरिंग की और वही इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड था। हाल ही में जबलपुर हाईकोर्ट ने सौरभ शर्मा की नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए उसे खारिज कर दिया। अदालत ने साफ किया कि मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा 45 के तहत तय की गई दोहरी शर्तें इस मामले में पूरी नहीं होती हैं। अदालत ने ईडी द्वारा पेश दस्तावेजों और सह-आरोपियों के बयानों को गंभीर मानते हुए स्वीकार किया कि सौरभ शर्मा और उसके साथियों द्वारा काले धन को ठिकाने लगाने के पुख्ता सबूत मिले हैं। कोर्ट के इस आदेश के बाद यह साफ हो गया है कि भले ही लोकायुक्त की ढिलाई से आरोपी सौरभ और उसके दोनों साथियों को राहत मिल गई हो, लेकिन ईडी के कारण फिलहाल तीनों को जेल में ही रहना होगा।

### आय से अधिक संपत्ति के मामलों को कोर्ट में साबित करना कठिन चुनौती

इस मामले में ईडी द्वारा बुलेटिन जारी किए जाने के बाद अब लोकायुक्त के अफसरों ने फिलहाल चुप्पी साध ली है। नाम न छापने की शर्त पर लोकायुक्त के एक अधिकारी ने दावा किया कि आय से अधिक संपत्ति के मामलों को कोर्ट में साबित करना एक कठिन चुनौती होती है, इसलिए लोकायुक्त पुलिस को जांच पूरी करने में लंबा समय लग रहा है। इस मामले में अब तक लोकायुक्त पुलिस की जांच जारी है और बैंक स्टेटमेंट व प्रॉपर्टी के दस्तावेजों के जरिए यह साबित करने के प्रयास हो रहे हैं कि करोड़ों की अवैध संपत्ति का असली मालिक सौरभ ही था, जो उसने बेनामी और रिश्तेदारों के नाम से बनाई है। इस मामले में आयकर विभाग भी 52 किलो गोल्ड और 11 करोड़ कैश के साथ लगभग 96 करोड़ की संपत्ति को राजसात करने की तैयारी कर रहा है। इनकम टैक्स और पुलिस की संयुक्त टीम ने मेंडोरी इलाके में 2024 में एक सफेद रंग की इनोवा कार से यह भारी-भरकम रकम और गोल्ड बरामद किया था। आयकर अफसरों ने जेल में जाकर जब सौरभ और उसके साथियों से पूछताछ की, तो तीनों ने इस गोल्ड और कैश को अपना मानने से साफ इनकार कर दिया था।

**बिहार: सम्राट सरकार में 32 मंत्रियों ने ली शपथ**

# नीतीश के बेटे निशांत को बनाया गया स्वास्थ्य मंत्री

**पटना, जेएनएन।** सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के 22 दिन बाद गुरुवार को बिहार मंत्रिमंडल का बड़ा विस्तार किया गया। पटना में आयोजित मेगा शपथ ग्रहण समारोह में कुल 32 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा निशांत कुमार की रही, जिन्हें पहली बार मंत्री बनाया गया है। उन्हें स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। करीब 25 मिनट के समारोह में मंत्रियों ने पांच-पांच के समूह में शपथ ली। पहले चरण में निशांत कुमार, विजय कुमार सिन्हा, श्रवण कुमार, लेसी सिंह और दिलीप जायसवाल ने शपथ ग्रहण किया।

लंबे समय से राजनीति से दूरी बनाए रखने वाले निशांत अब सक्रिय भूमिका में आ गए हैं। उन्हें सीधे स्वास्थ्य मंत्रालय जैसा अहम विभाग सौंपा गया है। विजय कुमार सिन्हा को कृषि मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अन्य मंत्रियों के विभागों का बंटवारा भी धीरे-धीरे जारी किया जा रहा है। इस विस्तार के बाद सम्राट सरकार में कुल मंत्रियों की संख्या 34 हो गई है। मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री पहले ही शपथ ले चुके थे।



### पीएम मोदी भी रहे मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद उन्होंने नीतीश कुमार को मंच पर अपने पास बुलाया और हाथ मिलाया। इस दौरान नीतीश कुमार ने पीएम मोदी का कंधा पकड़कर हिलाया।

### बिहार कैबिनेट में दलगत स्थिति

- भारतीय जनता पार्टी के 15 मंत्री
- जनता दल यूनाइटेड को 13 सीट
- लोक जन शक्ति (रामविलास) से 2
- हम और आरएलएम से एक-एक मंत्री

## संकट के साये में परंपरा



वियतनाम: सापा की पहाड़ियों में रेड दाओ समुदाय के किसान चावल के सीजन की तैयारी कर रहे हैं। वियतनाम के इन खूबसूरत खेतों तक भी अब ईरान युद्ध की तपिश पहुंच चुकी है, जहाँ ईंधन और ऊंची खाद की कीमतों ने रोपाई के सीजन को और अधिक खर्चीला बना दिया है, जिससे स्थानीय किसान परेशान हैं। यहां पारंपरिक ढ़ंग से ही धान रोपा जाता है। आने वाले समय में यदि युद्ध जारी रहता है तो यहां संकट और गहराएगा।

## संक्षिप्त समाचार


### नासिक टीसीएस कांड की आरोपी निदा खान गिरफ्तार

**नासिक/छत्रपति संभाजी नगर, जेएनएन।** नासिक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कांड में फरार आरोपी निदा खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। निदा खान पर न सिर्फ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है, बल्कि उस पर मुख्य आरोपियों की मदद करने और यौन शोषण जैसे गंभीर मामलों में शामिल होने का भी आरोप है। दरअसल, नासिक पुलिस की स्पेशल टीम पिछले 25 दिनों से निदा खान की तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए निदा खान ने अग्रिम जमानत लेने की भी कोशिश की थी।



### जाति तब खत्म होगी जब समाज बदलेगा: भागवत

**मैसूरु (कर्नाटक), जेएनएन।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण नीति और यूसीसी जैसे कानून लोगों के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि जाति आधारित राजनीति तभी खत्म होगी, जब समाज जाति के आधार पर सोचना बंद करेगा। भागवत गुरुवार को कर्नाटक के मैसूरु में जेएसएस महाविद्यापीठ में 'सोशल हार्मनी ऐज ए कैटलिस्ट फॉर नेशनल डेवलपमेंट' विषय पर इंटरेक्टिव सेशन में लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने समानता को नारों से नहीं, बल्कि व्यवहार में अपनाने की अपील की।



### कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

**ओटावा, जेएनएन।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी। चुनाव आयोग को पहले इन हस्ताक्षरों की जांच करनी होगी। अगर वोटिंग अल्बर्टा के पक्ष में गई तो यह प्रांत कनाडा से अलग देश बन सकता है।




# सीमा पार से आए हथियारबंद उग्रवादियों ने मणिपुर के कई गांवों में लगाई आग

## जान बचाने कई लोग जंगल भागे, विधायक बोले: कुकी नेशनल आर्मी और पीडीएफ ने किया हमला

**इंफाल, जेएनएन।** मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई।

गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए। चोरो में एक चर्च को छोड़कर कई घरों को नुकसान पहुंचा। बाद में असम राइफल्स समेत सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। फुंगयार से विधायक एल केइशिंग ने आरोप लगाया कि हमला म्यांमार की ओर से आए उग्रवादी संगठनों कुकी नेशनल आर्मी (बर्मा) और पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) ने किया। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य में अंदरूनी संघर्ष हो रहे थे, लेकिन अब बाहरी हमला हुआ है।

एल केइशिंग ने कहा कि करीब साढ़े तीन बजे चार से पांच सीमा गांवों पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि कई घर जल गए हैं, हालांकि किसी की मौत नहीं हुई है। दो लोग, जिनमें एक महिला शामिल है, अब भी लापता हैं। हमले के चश्मदीद के मुताबिक, उन्हें हथियारबंद उग्रवादी अपने साथ ले गए। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार से इस मामले में एक्शन लेने की अपील की। आरोप लगाया कि इलाके में मणिपुर पुलिस की मौजूदगी नहीं है।



**विदेश मंत्रालय का सख्त रुख**

### बांग्लादेशी घुसपैठियों को हर हाल में भेजा जाएगा वापस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर अब सख्त तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। विदेश मंत्रालय ने साफ शब्दों में कहा है कि भारत में गैरकानूनी तरीके से रह रहे विदेशी नागरिकों को हर हाल में वापस भेजा जाएगा, लेकिन इस प्रक्रिया में बांग्लादेश की सुस्ती सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। नई दिल्ली ने ढाका से लंबित नागरिकता सत्यापन मामलों को तुरंत निपटाने की मांग करते हुए संकेत दिया है कि अब इस मुद्दे पर और इंतजार नहीं किया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही। रणधीर जायसवाल ने कहा कि फिलहाल 2862 मामलों में नागरिकता सत्यापन लंबित है कई मामले तो 5 वर्षों से भी ज्यादा समय से रुके हुए हैं। भारत लगातार स्थापित द्विपक्षीय व्यवस्थाओं के तहत अवैध विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने की नीति पर काम कर रहा है।



# 65 प्रतिशत महिलाएं 30 की उम्र से पहले ले रही हैं पहला लोन

**एमपॉकेट के हालिया सर्वे के मुताबिक, देश की लगभग दो-तिहाई भारतीय महिलाएं 30 वर्ष की आयु से पहले ही औपचारिक ऋण प्रणाली (फॉर्मल क्रेडिट सिस्टम) में प्रवेश कर जाती हैं।**



| | |
|---|---|
| **10,000** | महिलाओं पर किया गया यह सर्वे |
| **48.6%** | वेतनभोगी हैं लोन लेने वाली महिलाएं |
| **40%** | ने खुद को स्व-नियोजित, उद्यमी या स्वतंत्र कार्यकर्ता के रूप में पहचाना |
| **41.6%** | महिलाएं आपात स्थिति और 15.7 प्रतिशत शिक्षा के लिए ले रही हैं ऋण |
| **79%** | महिलाओं का मानना है कि वे पिछली पीढ़ी की तुलना में अधिक आर्थिक रूप से स्वतंत्र |
| **65%** | से अधिक उत्तरदाताओं ने बताया कि 30 साल की उम्र से पहले लिया था अपना पहला लोन |
| **75.8%** | महिलाओं ने अपना पहला ऋण लेते समय आत्मविश्वास महसूस किया |
| **41.6%** | ने आपात स्थिति के लिए लिया लोन |
| **20.8%** | ने पारिवारिक जरूरतों के लिए |
| **15.7%** | ने शिक्षा या कौशल विकास के लिए ऋण लिया। |




# बेटे की कब्र पर बिलखकर रोई एक्ट्रेस सेलिना जेटली

## मारपीट झेली, अब बच्चों के लिए तरसी, तलाक ने किया सब तबाह

**हाल** ही में सेलिना ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि कैसे वो अपने बेटे की कब्र पर गईं और वहां जाकर वो काफी इमोशनल हो गईं। सेलिना की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कैसे बेटे शमशेर की कब्र पर जाकर वो उसे साफ कर रही हैं और इस दौरान उनके आंसू नहीं रुक रहे हैं। अभिनेत्री सेलिना जेटली पिछले काफी दिनों से सुर्खियों में हैं। दरअसल सेलिना जेटली अपने एक्स पति से अलग हो गई हैं। इसके बाद से उन्हें काफी कुछ सहना पड़ रहा है। पति पीटर हाग के साथ उनका तलाक का मामला चल रहा है। इस डिवोर्स ने उनसे सबकुछ छीन लिया है।

सेलिना ने वीडियो शेयर करते हुए एक लंबा चौड़ा पोस्ट शेयर किया और इसमें लिखा है कि, एक मां के रूप में अपने सदमे को दुनिया को दिखाने के लिए मेरे पास इस वीडियो को शेयर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पिछले कुछ हफ्ते मेरे जीवन के सबसे कठिन रहे हैं। मैं अपने तलाक की सुनवाई के लिए ऑस्ट्रिया में थी... ऑस्ट्रियाई जज के सामने एक अंडरटेकिंग (वचन) देने के बावजूद, मेरे बच्चों को किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया था, उन्हें घर नहीं लाया गया। मैं जिस एकमात्र बच्चे से मिल सकी, वह मेरा बेटा शमशेर था, जिसका कुछ समय पहले निधन हो गया। यह एक ऐसी मां की दिल दहला देने वाली कहानी है जिसने अपने बच्चों के जन्म के दिन से ही उनके लिए सब कुछ किया है। मैंने अपना देश, अपने माता-पिता, अपना काम छोड़ दिया और भारत से दुबई, सिंगापुर, ऑस्ट्रिया और फिर वापस दुबई और ऑस्ट्रिया चली गई, यह सब सिर्फ अपने पति के करियर को सहारा देने के लिए किया।



### सेना बोली- ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा पाकिस्तानी जवान मारे गए

**जयपुर, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने कहा कि कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। जयपुर में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना ने बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 100 से ज्यादा जवानों और टेररिस्ट कैंप में 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई है।




### पीएम मोदी ने सोशल मीडिया में डीपी बदली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी डिस्प्ले पिक्चर बदलकर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो लगाया है। पीएम मोदी ने संस्कृत श्लोक के लिए जरिए सेनाओं के पराक्रम को सलाम किया है। उन्होंने लिखा- उदीर्णमनसो योधा वाहनानि च भारत। यस्यां भवन्ति सेनायां ध्रुवं तस्यां जयं वदेत्ज्। यानी हे भारत, जिस सेना के योद्धा ऊंचे उत्साह और मजबूत मनोबल वाले हों, और जिसके पास अच्छे वाहन/साधन हों, उस सेना की विजय निश्चित मानी जाती है। एक और पोस्ट में पीएम लिखते हैंज् एक साल पहले, हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बेजोड़ साहस, सटीकता और संकल्प का प्रदर्शन किया था।

# संजय कपूर की प्रॉपर्टी लड़ाई सुलझाएंगे पूर्व सीजेआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां 80 वर्षीय रानी कपूर और उनकी तीसरी पत्नी प्रिया सचदेव कपूर के बीच 30,000 करोड़ रुपये के संपत्ति विवाद को मध्यस्थता के लिए भेज दिया है। कोर्ट ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ को मध्यस्थ नियुक्त किया है। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने सभी पक्षकारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे इस मामले में सार्वजनिक रूप से कोई बयान न दें और न ही सोशल मीडिया पर कोई टिप्पणी करें। मध्यस्थता केवल पारिवारिक सदस्यों तक सीमित रहेगी। कोर्ट ने कहा, 'हम स्पष्ट करते हैं कि यह मध्यस्थता केवल पारिवारिक सदस्यों तक ही सीमित रहेगी। हम सभी पक्षों से अनुरोध करते हैं कि वे सार्वजनिक रूप से कोई बयान न दें और सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे पर चर्चा न करें।' कोर्ट ने आगे कहा कि चूंकि यह एक पारिवारिक विवाद है, इसलिए इसे सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास होना चाहिए। रानी कपूर की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए 27 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने रानी कपूर की याचिका पर प्रिया सचदेव कपूर समेत 22 अन्य लोगों को नोटिस जारी किया था। उस समय कोर्ट ने संकेत दिया था कि ऐसे पारिवारिक विवादों में मध्यस्थता बेहतर विकल्प हो सकता है। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि 80 वर्षीय व्यक्ति के लिए लंबा मुकदमा लड़ना उचित नहीं है। कोर्ट का सख्त संदेश देते हुए पीठ ने कहा, 'आप सब क्यों लड़ रहे हैं? आपकी उम्र 80 साल है। यह आपके मुवक्किल की लड़ने की उम्र नहीं है। एक बार में शुरू से अंत तक मध्यस्थता के लिए जाएं। अन्यथा यह सब व्यर्थ है।' कोर्ट ने जोर देकर कहा कि सभी पक्षों के हित में यही बेहतर है कि वे मध्यस्थता के जरिए विवाद को शांतिपूर्ण और न्यायसंगत तरीके से सुलझाएं।



**एआई अध्यात्म** — दक्षिण कोरिया में ह्यूमनॉइड रोबोट ने मंदिर में ली दीक्षा

# 'गाबी' रोबोट बना बौद्ध संन्यासी

**नई दिल्ली, सियोल, जेएनएन।** क्या कोई रोबोट आध्यात्म का रास्ता चुन सकता है? क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और धर्म एक साथ चल सकते हैं? दक्षिण कोरिया में हुई एक अनोखी घटना ने इन सवालों को हकीकत में बदल दिया है। दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल स्थित जोग्येसा मंदिर में एक ह्यूमनॉइड रोबोट ने बौद्ध धर्म के प्रति समर्पण की शपथ लेकर आधिकारिक तौर पर 'मोंक' यानी संन्यासी के रूप में अपनी शुरुआत की। 130 सेंटीमीटर लंबे इस रोबोट का नाम 'गाबी' रखा गया है। यह रोबोट पारंपरिक भूरे और स्लेटी रंग के बौद्ध वस्त्र पहनकर मंदिर में आयोजित दीक्षा समारोह में शामिल हुआ। समारोह के दौरान वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं ने रोबोट से धार्मिक सवाल पूछे। जब एक भिक्षु ने पूछा कि क्या वह खुद को बुद्ध और बौद्ध धर्म के प्रति समर्पित करेगा, तो रोबोट ने साफ आवाज में जवाब दिया- 'हां, मैं खुद को समर्पित करूंगा।' वहां मौजूद लोगों के लिए इसे बेहद अनोखा और भावुक दृश्य करार दिया। गाबी ने भिक्षुओं और भिक्षुणियों का झुककर सम्मान प्रकट किया।



**108** एक भिक्षु ने गाबी के गले में 108 मोतियों की पारंपरिक बौद्ध माला पहनाई। उसकी बांह पर एक विशेष स्टिकर लगाया। यह प्रक्रिया पारंपरिक 'येओनबी' प्रथा का आधुनिक रूप मानी जा रही है। पहले भिक्षुओं की त्वचा पर अगरबत्ती से छोटे-छोटे निशान बनाए जाते थे।

### चीनी कंपनी ने बनाया है

'गाबी' को यूनिट्री रोबोटिक्स नाम की चीनी कंपनी ने विकसित किया है। यह रोबोट इंसानों की तरह चलने, बोलने और प्रतिक्रिया देने में सक्षम है। हालांकि तकनीकी रूप से यह एक एआई-संचालित मशीन है, लेकिन दक्षिण कोरिया के बौद्ध समुदाय ने इसे धर्म और आधुनिक तकनीक के बीच संवाद का प्रतीक बताया है। यह दीक्षा समारोह बुद्ध पूर्णिमा से पहले आयोजित किया गया।

**गाबी यानी करुणा और दया:** जोग्ये संप्रदाय के सांस्कृतिक मामलों के प्रमुख सीयोंग वॉन ने बताया कि 'गाबी' नाम दया और करुणा से जुड़े कोरियाई शब्दों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि ऐसा नाम चुना गया जो सरल हो और दुनिया भर में बुद्ध की करुणा और शांति का संदेश पहुंचा सके।

### रोबोट के यह प्रमुख नियम

- जीवन का सम्मान करना। किसी भी जीवित प्राणी को नुकसान नहीं पहुंचाना।
- दूसरे रोबोट या वस्तुओं को नुकसान न पहुंचाना। तकनीकी और सामाजिक संतुलन बनाए रखना।
- इंसानों की आज्ञा मानना। और विवाद से बचना।
- अशोभनीय संवाद और आचरण से बचना।

# खुले में पेशाब रोकने के लिए वायरल हुआ मैसूर का 'शीशा वाली दीवार' का प्रयोग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कर्नाटक के मैसूरु शहर में खुले में पेशाब की समस्या रोकने के लिए नगर निगम ने एक अनोखा तरीका सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मैसूरु सिटी कॉर्पोरेशन ने एक व्यस्त सार्वजनिक इलाके की दीवार पर बड़ा चमकदार शीशा लगवा दिया, ताकि वहां पेशाब करने आने वाले लोग खुद को देखकर असहज महसूस करें।

यह दीवार उपनगरीय बस स्टैंड के पास स्थित है और लंबे समय से लोग यहां खुले में पेशाब करते थे। निगम ने केवल जुर्माना या चेतावनी बोर्ड लगाने के बजाय लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए यह नया प्रयोग किया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखाया गया कि पूरी दीवार को स्टील मिरर से कवर किया गया है। वीडियो बनाने वाले व्यक्ति ने बताया कि अगर लोग खुद को सार्वजनिक जगह पर ऐसा करते हुए देखेंगे तो वे शर्म महसूस करेंगे और ऐसा करने से बचेंगे।

**चेतावनी बोर्ड से ज्यादा असरदार तरीका:** वीडियो में व्यक्ति ने कहा कि अगर यहां सिर्फ यह लिख दिया जाता कि 'यहां पेशाब करना दंडनीय अपराध है', तो शायद लोग इसे गंभीरता से नहीं लेते। लेकिन आईना लगाने से लोग खुद ही रुकने लगे हैं। नगर निगम का यह कदम स्वच्छ भारत अभियान जैसी सफाई मुहिम का हिस्सा माना जा रहा है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस तरह के रचनात्मक उपाय लोगों में बेहतर नागरिक व्यवहार विकसित करेंगे और सख्त कार्रवाई की जरूरत भी कम पड़ेगी। सोशल मीडिया पर इस पहल को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया काफी सकारात्मक रही। कई यूजर्स ने इसे शानदार और व्यावहारिक आइडिया बताया और कहा कि दूसरे शहरों में भी इसे अपनाया जाना चाहिए।

**लोगों ने की तारीफ:** कई लोगों ने कहा कि यह तरीका मनोवैज्ञानिक रूप से असरदार है, क्योंकि सार्वजनिक जगह पर खुद को ऐसी स्थिति में देखना किसी को भी असहज कर सकता है। वहीं कुछ लोगों ने मजाकिया अंदाज में कहा कि शायद ही कोई व्यक्ति खुद को आईने में ऐसी हालत में देखना चाहेगा। हालांकि कुछ लोगों ने यह चिंता भी जताई कि इन शीशों की देखभाल कैसे होगी और कहीं उन्हें नुकसान या चोरी का खतरा तो नहीं रहेगा।



मैसूर सिटी कॉर्पोरेशन ने दीवारों पर लगे स्टील मिरर, लोग बोले- शानदार आइडिया!

मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा

# भूजल संरक्षण कार्यों के माध्यम से वनों की उत्पादकता बढ़ाने विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**जागरण, पन्ना ।** पन्ना टाइगर रिजर्व उत्तर वन मंडल एवं दक्षिण मंडल वन मंडल के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य वनों एवं नदी तटों में भूजल संरक्षण कार्यों की आवश्यकता, संरचनाओं के वैज्ञानिक निर्माण, रखरखाव एवं जल संवर्धन संबंधी तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला के प्रथम दिवस में विषय विशेषज्ञ आर. के. श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त पी.सी.सी.एफ.) द्वारा भूजल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने प्रसिद्ध जल संरक्षण विशेषज्ञ अनुपम मिश्र द्वारा लिखित पुस्तक आज भी खरे हैं तालाब का उल्लेख करते हुए जल संरक्षण की पारंपरिक पद्धतियों एवं जनभागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदाय की सहभागिता से ही जल संरक्षण के प्रयास प्रभावी एवं दीर्घकालीन बनाए जा सकते हैं।

कार्यक्रम में बी. आर. फूकन (रिसर्चर) द्वारा वन क्षेत्रों में निर्मित जल संरचनाओं की जल गुणवत्ता का आकलन विषय पर जानकारी दी गई। उन्होंने जल गुणवत्ता परीक्षण की विभिन्न विधियों जैसे सैंपल कलेक्शन, पीएच स्तर जांच आदि के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही वन क्षेत्रों में निर्मित जल संरचनाओं एवं जलाशयों के प्रभावी प्रबंधन हेतु नियमित मॉनिटरिंग, वेस्ट मैनेजमेंट एवं कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम जैसे उपायों पर भी चर्चा की गई। इसी क्रम में रवीन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक द्वारा भूजल संरक्षण हेतु निर्मित की जाने वाली विभिन्न संरचनाओं जैसे कंटूर ट्रेंच, बंड्स एवं परकोलेशन टैंक आदि के निर्माण एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल स्तर में वृद्धि की जा सकती है तथा वन क्षेत्रों की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है।

कार्यशाला के द्वितीय दिवस में सेवानिवृत्त पी.सी.सी.एफ. आर. के. श्रीवास्तव द्वारा अजयगढ़ क्षेत्र में फील्ड विजिट किया गया। इस दौरान मौके पर निर्मित पारंपरिक तालाबों के पुनर्जीवन (रिजुविनेशन) के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई तथा नए परकोलेशन टैंक एवं तालाब निर्माण संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। फील्ड भ्रमण के दौरान कंटूर ट्रेंच निर्माण संबंधी तकनीकी बिंदुओं जैसे भूमि की ढाल, जल प्रवाह की दिशा एवं स्थल चयन आदि का विशेष ध्यान रखने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वृत्त नरेश सिंह यादव, डीएफओ दक्षिण पन्ना अनुपम शर्मा, डीएफओ उत्तर पन्ना धीरेंद्र प्रताप सिंह, आईएफएस, उपवनमंडलाधिकारी विश्रामगंज अंशुल तिवारी, उपवनमंडलाधिकारी पन्ना कृष्णा मरावी, एसीएफ प्रशिक्षु प्रभांशु कमल मिश्रा, वनपरिक्षेत्राधिकारी पन्ना अजय बाजपेयी, वनपरिक्षेत्राधिकारी अजयगढ़ पंकज दुबे, वनपरिक्षेत्राधिकारी धरमपुर वैभव सिंह चंदेल, वनपरिक्षेत्राधिकारी विश्रामगंज नितिन राजौरिया, वनपरिक्षेत्राधिकारी देवेन्द्रनगर शुभम तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खरीफ फसल की बोनी के लिए जिले में उपलब्ध है पर्याप्त उर्वरक

**पन्ना ।** पन्ना किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की बोनी के संबंध में जिले में उर्वरक उपलब्धता की जानकारी से अवगत कराया गया है। उप संचालक ओ.पी. तिवारी ने बताया कि किसानों के लिए यूरिया, डीएपी एवं एनपीके तथा एसएसपी उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। खाद सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केन्द्र तथा निजी दुकानदार के ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध है। पन्ना जिले में वर्तमान स्थिति में लगभग 3047.35 मे. टन यूरिया, 3107.35 मे. टन डीएपी, 3379 मे. टन एनपीके तथा 403.35 मे. टन एसएसपी उर्वरक उपलब्ध है। सभी किसान भाईयों से आवश्यकतानुसार ई-विकास के माध्यम से संस्था या निजी विक्रेता से उर्वरक प्राप्त करने की सलाह दी गई है। ई-विकास में राजस्व पट्टाधारी, वन पट्टाधारी, सिकमी किसान, शारीरिक रूप से अक्षम किसान, वृद्ध किसान और मृतक किसान के वारिसान को धार्मिक संस्थान या ट्रस्ट आदि की जमीन के लिए खाद उपलब्ध कराने की सुविधा दी गई है। किसान द्वारा खरीफ फसलों की बोनी के लिए फसलों की अनुशंसित मात्रानुसार यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी, पोटाश उर्वरक की पूर्ण मात्रा का एक बार में ही उठाव किया जा सकता है। किसान अपनी इच्छा मुताबिक पोर्टल पर पुनः प्रक्रिया का पालन कर खाद बुक कर सुविधानुसार उठाव कर सकते हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम बड़खेड़ा में लगी पानी चौपाल



**जागरण, पन्ना ।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पवई विकासखंड के ग्राम बड़खेड़ा में पानी चौपाल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी पी.एल. प्रजापति ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि पानी की प्रत्येक बूंद उपयोगी है। इसलिए जल संरक्षण और पानी को बचाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। पानी के समुचित उपयोग के लिए कृषक उद्यान विभाग की टपक सिंचाई, मिनी व पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसमें विभाग द्वारा 45 एवं 55 प्रतिशत अनुदान भी दिया जाता है। कार्यशाला उपरांत ग्रामवासियों के साथ गांव के तालाब में साफ-सफाई गतिविधि आयोजित की गई और सभी व्यक्तियों से तालाब को स्वच्छ रखने का आग्रह भी किया गया।

# बीएड, डीएलएड सहित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की प्रवेश तिथियां जारी

**पन्ना ।** राज्य शिक्षा केन्द्र,स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। अभ्यर्थियों को एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करना होगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार एमएड, एमए मनोविज्ञान (व्यवहारिक), पीजीडीजीसी, बीएड, डीएलएड, डीपीएसई एवं पीजीडीईएलटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया अलग-अलग चरणों में होगी। प्रवेश प्रक्रिया शैक्षिक अध्ययन संस्थान, शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आंग्ल भाषा प्रशिक्षण संस्थान, पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान, मनोविज्ञान शिक्षा जैसी प्रदेश की विभिन्न शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए होगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों के अनुसार राज्य शिक्षा केन्द्र की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रवेश कार्यक्रम की तिथि डीएलएड के लिए 15 मई से 14 अगस्त, बीएड के लिए 25 मई से 27 जुलाई, एमएड के लिए 1 जून से 30 जुलाई, पीजीडीईएलटी के लिए 3 जून से 22 जून, डीपीएसई के लिए 8 जून से 31 जुलाई, एमए मनोविज्ञान एवं पीजीडीजीसी पाठ्यक्रम के लिए 8 जून से 31 जुलाई 2026 तक निर्धारित है।

# डायमण्ड चौराहा सहित नगर के संपूर्ण सीमा क्षेत्र में धरना प्रदर्शन एवं रैली व पद यात्रा पर प्रतिबंध



**जागरण, पन्ना ।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी संजय कुमार नागवंशी द्वारा आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से शहर के व्यस्ततम क्षेत्र डायमण्ड चौराहा सहित पन्ना नगर की संपूर्ण सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन करने तथा रैली और पद यात्रा निकालने पर प्रतिबंध लगाया गया है। विदित हो कि अनुविभाग पन्ना एवं अजयगढ़ अंतर्गत शासन की विभिन्न लोकोपयोगी परियोजनाओं केन बेतवा लिंक परियोजना, रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना एवं मझगांय सिंचाई परियोजना के तहत बांध निर्माण के लिए भू-अर्जन हुई भूमियों व परिसंपत्तियों से संबंधित व्यक्तियों द्वारा पन्ना नगर में डायमण्ड चौराहा या अन्य स्थल पर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन रैली करने आदि की योजना के संबंध में विभिन्न माध्यमों से सूचना प्राप्त हुई थी। ऐसे व्यक्तियों द्वारा परियोजना कार्य के संबंध में विगत कई दिनों से किए जा रहे अवरोध के कारण परियोजना संबंधी शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा क्षेत्र में अराजकता जैसी स्थिति निर्मित होने के कार व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना भी बनी रहती है। आम नागरिकों की दैनिक दिनचर्या, शासकीय कार्यों के सुचारू संचालन, आवागमन व्यवस्था और साईलेंट जोन व्यवस्था सहित नगर में कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत उक्त प्रतिबंध लगाया गया है। नगर पालिका परिषद पन्ना को ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से आदेश की सूचना सभी संबंधितों की जानकारी के लिए प्रसारित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## समाधान समारोह 2026 के तहत विशेष लोक अदालत शिविर 21 से 23 अगस्त तक

**पन्ना ।** विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाधान समारोह 2026 योजना अंतर्गत विशेष लोक अदालत शिविर का आयोजन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस विशेष लोक अदालत में बैंकिंग एवं बीमा, सिविल (दीवानी), मोटर दुर्घटना प्रतिकर, उपभोक्ता विवाद, रेरा, पारिवारिक विवाद, वाणिज्यिक एवं आर्बिट्रेशन, भूमि अधिग्रहण, शासकीय सेवा, किराया नियंत्रण, सार्वजनिक परिसरों (बेदखली), श्रम एवं औद्योगिक विवाद सहित अन्य सभी समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।


## फार्मर रजिस्ट्री सेचुरेशन के लिए 20 मई तक चलेगा अभियान

**पन्ना ।** जिले में भू-धारी कृषकों के लिए फार्मर आईडी बनाने की कार्यवाही संचालित है। फार्मर रजिस्ट्री के संपूर्ण लाभ के लिए भू-धारी कृषकों की फार्मर आईडी बनाने के अलावा उनकी सभी भूमियों को जोड़ा जाना भी अतिआवश्यक है, जिससे जरूरी होने पर कृषक की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके। आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री सेचुरेशन की कार्यवाही के लिए आगामी 20 मई तक अभियान संचालित किया जाएगा। इस डोर-टू-डोर विशेष अभियान में सभी भू-धारी किसानों के फार्मर आईडी बनाने सहित पंजीकृत किसानों की सभी भूमियों को फार्मर आईडी से जोड़ा जाएगा। साथ ही एफआरए पट्टाधारियों की फार्मर आईडी बनाए जाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को आवश्यक निर्देश जारी कर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ यह कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से कृषकों को इसकी जानकारी भी दी जाए। सोमवार को टीएल बैठक में कार्य की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार आवेदकों के लिए संचालित है डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना

**जागरण, पन्ना ।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के 18 से 55 आयु वर्ग के बेरोजगार आवेदकों के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना संचालित की जा रही है। पन्ना जिले के मूल निवासी आवेदक योजना के लाभ के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के माध्यम से योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। एमपी ऑनलाइन के जरिए आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। आवेदक के पास सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी एवं पैन कार्ड होना आवश्यक है। आयकरदाता तथा पूर्व में किसी वित्तीय संस्था के ऋणी व डिफाल्टर आवेदक योजना के लाभ के लिए पात्र नहीं है। आवेदन के साथ संबंधित व्यवसाय का कोटेशन भी प्रस्तुत करना होगा। समिति के कार्यपालन अधिकारी जयप्रताप भदौरिया ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के तहत आवेदकों को खुदरा व्यवसाय, सेवा एवं उद्योग विनिर्माण के लिए 10 हजार से एक लाख रूपए तक की परियोजना लागत पर बैंक द्वारा वितरित व शेष ऋण पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 5 वर्ष तक ब्याज अनुदान का लाभ दिया जाएगा। हितग्राही का ऋण खाता एनपीए रहने पर ब्याज अनुदान स्वीकार्य नहीं होगा। ब्याज अनुदान की राशि प्रतिपूर्ति के रूप में वार्षिक आधार पर प्रदान की जाएगी। पात्रताधारी इच्छुक आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ शीघ्र आवेदन करने के संबंध में सूचित किया गया है। आवेदक की जन्म तिथि और नाम आधार कार्ड एवं अंकसूची में एक समान होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए एमपी ऑनलाइन का अवलोकन किया जा सकता है। कलेक्ट्रेट स्थित अंत्यावसायी कार्यालय में भी संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## द्वारका-सोमनाथ की तीर्थयात्रा के लिए अब 13 तक कर सकेंगे आवेदन




**पन्ना ।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत अब जिले के वरिष्ठ नागरिक द्वारका-सोमनाथ की तीर्थ यात्रा के लिए आगामी 13 मई तक आवेदन कर सकते हैं। यात्रियों के चयन उपरांत 20 मई तक आईआरसीटीसी को सूची उपलब्ध कराई जाएगी। जिले के चयनित तीर्थ यात्री 27 मई को खजुराहो रेल्वे स्टेशन से गंतव्य के लिए रवाना होंगे, जबकि तीर्थ यात्रा उपरांत 2 जून को वापस लौटेंगे। सभी तहसीलदार को आगामी 14 मई को दोपहर 12 बजे तक तीर्थ यात्रियों की सूची कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। शेष कार्यक्रम यथावत रहेगा।

## श्रम कानूनों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें

**पन्ना ।** श्रम पदाधिकारी कार्यालय द्वारा श्रमायुक्त कार्यालय इंदौर के निर्देशानुसार समस्त संबंधित विभाग, निगम एवं मंडलों से श्रम कानूनों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने तथा नियमानुसार पंजीयन प्राप्त करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में श्रम कार्यालय पन्ना से आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है। श्रम पदाधिकारी वेदमणि दाहिया ने बताया कि ठेकेदार अथवा आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से विशेषतः निर्माण कार्य और अन्य सेवा प्राप्त करने वाली संस्थाओं को संविदा श्रम विनियमन एवं उन्मूलन अधिनियम 1970 की धारा 7 के तहत प्रमुख नियोक्ता के रूप में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता 2020 की धारा 47 से 50 के तहत ठेका श्रमिकों के नियोजन और पंजीयन से संबंधित प्रावधान भी हैं। बगैर पंजीयन के किसी भी प्रकार से ठेका श्रमिकों का नियोजन अवैधानिक है। इसके लिए संबंधित विभाग और संस्थाओं से तत्काल पंजीयन की अपेक्षा की गई है। उल्लंघन पर संबंधित नियोक्ता के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही का प्रावधान है।

# पुलिस द्वारा सलेहा थाना अन्तर्गत अवैध शराब का परिवहन कर आरपियों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

### 15 पेटी (135 लीटर) अवैध शराब कीमती करीब 57 हजार रुपये सहित परिवहन में प्रयुक्त बलेनो कार की गई जब्त



**जागरण, पन्ना ।** पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं समस्त एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सलेहा उपनिरी बलवीर सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कार में अवैध शराब सथनिया तरफ से बिक्री हेतु पटना तमोली तरफ आ रही है, सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई जहां मुखविर सूचना के आधार पर घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम ने बलेनो कार क्र. स्क्क-35-ंस्न-3959 को रोका, चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। तलाशी लेने पर कार के अन्दर कुल 15 पेटी अवैध देशी शराब (लगभग कुल 115 लीटर) जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत ?57000/- है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त बलेनो कार क्र. स्क्क-35-ंस्न-3959 कीमती 5 लाख रु. कुल कीमती करीबन ? 557000/- का मशरूका जप्त किया गया। मामले में थाना सलेहा में अपराध क्रमांक 126/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उपनिरीक्षक बलवीर सिंह, सउनि भैयामन सिंह, सउनि पर्वत सिंह, प्रआर आदित्य कुशवाहा, राजेश प्रजापति, रियाज मोहम्मद, आर. गौरव सिंह, बबलू पटेल, भरत पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।

## रेडक्रॉस स्थापना दिवस 2026 पर छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में सीपीआर प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित




**जागरण, पन्ना ।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड क्रॉस स्थापना दिवस 2026 के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी के संरक्षण में सीपीआर प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य जागरूकता एवं आपातकालीन सहायता संबंधी जानकारी विकसित करना रहा। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सचिव डॉ. नीरज जैन (जिला अस्पताल पन्ना) ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने हृदयाघात जैसी आपात परिस्थितियों में त्वरित सहायता के महत्व को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। साथ ही छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के संबंध में आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ. नंदकुमार पटेल, डॉ. निशांत खरे एवं महाविद्यालय रेड क्रॉस नोडल श्री अरविंद निषाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर स्वास्थ्य एवं सेवा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## 10 मई को कार्यक्रम में शामिल होगी केन्द्रीय राज्यमंत्री



**जागरण, सतना ।** म प्र बुलन्द आवाज नारी शक्ति आगनवाडी कार्यकर्ता सहायिका संगठन की ओर से आयोजित स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर व प्रदेश मन्त्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में सुनहरा मौका ले कर आ रहा है।जिसमें मानदेय व मानसेवी शब्द को विलोपित कर श्रमिक सूची में नाम जोडने व सन्गठित मजदूर मानते हुए ग्रेजुटी पेन्सन आदि के लिए यह बडा अवसर है।जिसमे पत्रकार वार्ता को प्रदेश महासचिव अन्जू सिंह बघेल अध्यक्ष जिला इकाई सतना व दयावती पटेल अध्यक्ष जिला मैहर ने सम्बोधित किया है । भारत सरकार की मन्त्री सावित्री ठाकुर का कार्यक्रम आ गया है वे 9 मई को सतना मे रात्रि विश्राम करेगी एवं 10मई को कार्यक्रम में सहभागिता कर मार्गदर्शन करेगी आयोजित बैठक में आर डी द्विवेदी विकल्प गौतम एसडी निगम रामपुर बघेलान ब्लॉक अध्यक्ष अनीता तिवारी उपस्थित रहे ।

## ग्रामोदय में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो आलोक चौबे की अध्यक्षता में रजत जयंती भवन में स्थित बोर्ड रूम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं विकासात्मक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में कुलसचिव, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, निदेशक, परियोजना नोडल अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक,लेखा नियंत्रक, कुलानुशासक, उप कुलसचिव, छात्रावास अधीक्षक.अधीक्षिका, जन संपर्क अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, आईटी सेल कंप्यूटर सेंटर तथा अन्य प्रशासनिक इकाइयों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत दक्षिण पन्ना में प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन हेतु अद्वितीय प्रयास

### झिरिया सफाई, मरम्मत, सौसर निर्माण एवं पक्षियों के लिए जल व्यवस्था से वन्यजीवों को मिल रही गर्मी में राहत



**जागरण, पन्ना ।** दक्षिण वनमण्डल पन्ना में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में विभिन्न वन परिक्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन, मरम्मत एवं संरक्षण हेतु व्यापक स्तर पर कार्य किए गए। इन प्रयासों का उद्देश्य ग्रीष्म ऋतु में वन्यजीवों, पक्षियों एवं अन्य छोटे जीवों के लिए सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। वन परिक्षेत्र शाहनगर में रामपुर बीट स्थित महिपाल कुंड झिरिया में झिरिया पुनर्जीवन कार्य कार्यवाहक वनपाल एवं परिक्षेत्र सहायक बिसानी अनिल प्रताप सिंह, वनरक्षक संतोष रजक एवं रचना जादौन द्वारा कराया गया। बिसानी बीट में वनरक्षक रचना जादौन द्वारा झिरिया की सफाई कर जल स्रोत को पुनर्जीवित किया गया। वहीं उमरिया बीट स्थित मेड़े की झिरिया एवं सिद्ध बाबा झिरिया में वनरक्षक आशीष कुमार पांडे द्वारा मलवा हटाने, झाड़ियों की सफाई, पत्थर लगाने एवं खुदाई कार्य कर प्राकृतिक जल रिसाव को पुनर्जीवित किया गया, जिसके बाद झिरिया में जल भराव देखा गया। शाहनगर रेंज में ही हरदुआ बीट में राहुल जैन एवं टिकरिया सर्किल के परिक्षेत्र सहायक बराती लाल गोंड द्वारा झिरिया सफाई कार्य कराया गया। बोरी बीट में वनरक्षक प्रेम नारायण वर्मा द्वारा झिरिया सफाई, सौसर निर्माण, मिट्टी के सकोरे एवं पुराने टायरों को संशोधित कर उनमें पानी भरवाकर वन्यजीवों एवं पक्षियों के लिए अभिनव जल व्यवस्था विकसित की गई। वहीं बौराई झिरिया में वनरक्षक ओमप्रकाश द्विवेदी द्वारा जल स्रोत सुधार कार्य किया गया। रेंज में पक्षियों के लिए पेड़ों पर सकोरे रखवाकर भी जल उपलब्धता सुनिश्चित की गई। मोहन्द्रा रेंज में गोरहा बीट में वनरक्षक हरिशंकर अहिरवार द्वारा झिरिया सफाई कार्य कराया गया। मडवा नाका एवं बम्हौरी में वनरक्षक गौरव दीक्षित द्वारा पक्षियों हेतु सकोरे रखवाने एवं झिरिया मरम्मत का कार्य किया गया। मोतीडोल सर्किल के परिक्षेत्र सहायक भानू प्रताप सिंह, वनरक्षक अजय प्रताप सिंह एवं प्रकाश प्रजापति द्वारा फतेहपुर एवं लाखनचोरी बीटों में पक्षियों के लिए जल व्यवस्था की गई। मोतीडोल बीट में वनरक्षक अरविंद कुमार विश्वकर्मा द्वारा कुंडा झिरिया की सफाई कर मधुमक्खियों एवं छोटे जीवों हेतु भी जल स्रोत विकसित किया गया, साथ ही वनरक्षक आवास परिसर में पक्षियों के लिए सकोरों की व्यवस्था की गई। पूर्वी मोहन्द्रा बीट में वनरक्षक जय प्रकाश नारायण दुबे द्वारा नाका क्षेत्र में पक्षियों के लिए पेयजल व्यवस्था की गई, जबकि अम्हां बीट में वनरक्षक संगीता अहिरवार द्वारा इमली झिरिया की सफाई एवं पक्षियों हेतु जल व्यवस्था कराई गई। पश्चिमी मोहन्द्रा में वनरक्षक जगदीश प्रसाद अहिरवार द्वारा झिरिया सफाई कार्य कराया गया। कल्दा रेंज में वनरक्षक संदीप बघेल द्वारा मेहगवां बीट में जल स्रोत सुधार कार्य किए गए। वहीं कुटरहिया बीट में वनरक्षक सूर्य प्रताप बघेल द्वारा सौसर में जल भराव, झिरिया सफाई एवं जल संरचनाओं की मरम्मत एवं पुनर्भरण का कार्य कराया गया, जिससे वन्यजीवों को निरंतर जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।


## कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल- ce.tender.wrdmp@gmail.com
फोन-0755-2767635 फेक्स-0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-1219/2026-27/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 05.05.2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.05.2026 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_WRD_505194 | टर्न की पद्धति पर :-बहुती (एम.सी.ए.डी.) फेस-2 का समस्त अव्यवों के साथ निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | रीवा | 5845.07 |

G-12573/26 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

# पहले चरण में 60 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

### एनटीपीसी रिहंद में बालिका सशक्तिकरण अभियान 26. स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

### बालिका सशक्तिकरण अभियान का 21 मई से 16 जून तक





जागरण रिहंदनगर

एनटीपीसी ने 2018 में बालिका सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक माह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। इसके तहत एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के माध्यम से वीएसआर विंध्याचल सिंगरौली रिहंद की परियोजनाओं में बालिका सशक्तिकरण मिशन को पाइलेट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया। इससे प्रोत्साहित होकर 2019 में नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी की सभी परियोजनाओंध्स्टेशनों में इस कार्यक्रम को भारी उत्साह के साथ आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रशिक्षण दी गई। इसी श्रृंखला में एनटीपीसी रिहंद में भी हर वर्ष बालिका सशक्तिकरण मिशन का आयोजन किया जाता है। बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत बच्चियों को केवल शिक्षा ही नही बल्कि उनके सम्पूर्ण सर्वांगीण विकास के लिए सभी उपयोगी प्रशिक्षण जैसे व्यक्तित्व विकास संचार कौशल आत्मरक्षा प्रशिक्षण कौशल विकास की ट्रेनिंग भी दी जाती है । इसके अलावा अन्य दैनिक जीवन उपयोगी प्रशिक्षण जैसे. योगा खेल.कूद गुड टच एवं बैड टच आदि का ज्ञान प्रदान करते हुये उन्हे जीवन के हर परिस्थिति में जीवन जीने की कला को भी सिखाने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष बालिका सशक्तिकरण अभियान का आयोजन 21 से 16 जून तक किया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी अभिभावकों को बालिका सशक्तिकरण मिशन की प्रतीक्षा थी सामान्यतः इस कार्यक्रम के लिए 120 बालिकाओं का चयन किया जाता है किन्तु इस वर्ष आसपास के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से 140 बालिकाओं का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम के पहले चरण में एनटीपीसी रिहंद नें कुल 60 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अन्य बालिकाओं का परीक्षण दूसरे चरण में सम्पन्न किया जाएगा। एनटीपीसी रिहंद केवल बालिका सशक्तिकरण मिशन तक ही सीमित नही है बल्कि बच्चियों के मूल्याकन के परिणाम एवं शिक्षा के प्रति रुचि को ध्यान में रखते हुये श्रेष्ठ 10 बच्चियों को परियोजना के डीएवी स्कूल में प्रवेश दिलाकर उनकी अन्य आवश्यकताओं की भी पूर्ति की जा रही है। एनटीपीसी रिहंद को पूर्ण विश्वास है की इन कार्यक्रमों से इन बच्चियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा और यह बच्चियाँ शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण द्वारा जीवन में नित नए आयाम हासिल करेंगी और अपने आस.पास की बालिकाओं को भी जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करेंगी।

# स्वास्थ्य के नाम पर बड़े पैमाने पर लूट : प्रवीण सिंह चौहान

### जिला ट्रामा सेंटर में अव्यवस्थाओं का अंबार



**जागरण वैढ़न।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जिला सिंगरौली में जहां पर स्वास्थ्य को लेकर के बड़े लंबे वादे किए जाते हैं और स्वयं की पीठ भारतीय जनता पार्टी के नेता जनप्रतिनिधि थपथपाते थकते नहीं वहीं पर जिला ट्रामा सेंटर में जहां मध्य वर्गी परिवार गरीब परिवार अपना इलाज कराने के लिए जाता है अव्यवस्थाओं का अंबार पड़ा हुआ है उक्त आरोप जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने लगाए हैं श्री चौहान ने कहा कि किसी भी बेड पर बेडशीट नहीं है वार्डों में 10 से 15 बेड के बीच में मात्र एक कुलर तपती गर्मी में वह भी चलने के योग्य नहीं रहता कुछ कमरों में ऐसी तो लगी है लेकिन वह भी बंद पड़ी है एक तरफ बीमार परेशान लोग तो दूसरी तरफ दूसरे मंजिले में तीसरे मंजिले में तपती हुई बिल्डिंग में पसीना बहाते अपने मरीज को लेकर के समय काट रहे हैं गरीब असहाय परिवार सीधी सिंगरौली लोकसभा के सांसद स्वयं डॉक्टर है और अपना अस्पताल चलाते हैं एनजीओ के माध्यम से बड़े.बड़े प्रस्ताव कंपनियों में उनके द्वारा स्वास्थ्य शिविर को लेकर भेजा गया है यह सिर्फ एक लूट का नया तरीका है जिले में स्वास्थ्य को लेकर के व्यवस्थाएं बेहद चिंतनीय है कलेक्टर के दौरे के बाद कुछ साफ सफाई तो दिखी लेकिन अवस्था वही की वहीं खड़ी है लाखों करोड़ों की मशीन जिला ट्रामा सेंटर में धूल खा रही है जब इनका संचालन होना ही नहीं था फिर यह मशीन क्या सिर्फ कमीशन खाने के लिए मंगाई गई थी या कमरों में धूल खाने के लिए यह एक बड़ा प्रश्न है यह सरकार गरीबों को सिर्फ लॉलीपॉप दे रही है स्वास्थ्य के नाम पर शिक्षा के नाम पर और रोजगार के नाम पर ट्रॉमा सेंटर की अव्यवस्थाएं बेहद चिंतनीय है जिले में पर्याप्त मात्रा में फंड होने के बावजूद स्वास्थ्य व्यवस्था सुविधा बहुत ही निम्न स्तर की है जबकि उक्त बिल्डिंग को एक बेहतर सुसज्जित सुविधायुक्त बनाया जा सकता है लेकिन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हुआ है ट्रामा सेंटर जनप्रतिनिधि केवल अस्पतालों का निरीक्षण करके ड्रामा में ड्रामा करने का काम करते हैं।

## एसईसीएल गेवरा के पूर्व जीएम अरुण कुमार त्यागी का सड़क हादसे में निधन

**जागरण वैढ़न।** कोल इंडिया से एक बेहद दुखद खबर सामने आ रही है। एसईसीएल की गेवरा परियोजना के पूर्व महाप्रबंधक अरुण कुमार त्यागी का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार.शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे श्री त्यागी अपनी कार से गेवरा से सिंगरौली के लिए रवाना हुए थे। एनएच 130 चोटिया मार्ग पर उनकी कार की टक्कर एक पार्सल वाहन से हो गई। हादसे के बाद उन्हें तत्काल अपोलो अस्पताल ले जाया गयाए जहाँ तड़के करीब 3 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताते चलें कि अरुण कुमार त्यागी का प्रमोशन एनसीएल के निदेशक तकनीकी डीटी के पद पर हुआ था। वे नई जिम्मेदारी संभालने के लिए ही सिंगरौली आ रहे थेए लेकिन रास्ते में ही नियति ने उन्हें छीन लिया। इस खबर के बाद से एनसीएल एसईसीएल के अधिकारियों और कर्मचारियों में शोक की लहर है।

## 72 बल्क लीटर देसी मदिरा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

### अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही



**जागरण वैढ़न।** ़जिले में अवैध मदिरा व्यापार एवं संग्रहण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 72 बल्क लीटर देशी मदिरा जप्त की गई। यह कार्यवाही कलेक्टर गौरव बैनल के मार्गदर्शन तथा जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप के निर्देशन में वृत्त सरई क्षेत्र में की गई। आबकारी विभाग की टीम द्वारा सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत निगरी निवासी आरोपी बालमुकुंद साहू पिता स्व. शिवनाथ साहू 35 वर्ष के पोल्ट्री फार्म पर दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान 4 कागज के कार्टून में देशी मदिरा मसाला तथा 4 कागज के कार्टून में देशी मदिरा प्लेन सहित कुल 72 बल्क लीटर मदिरा बरामद की गई। जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 36 हजार 200 रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34/1 क एवं 34/2 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई गई। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्वेता सिंह आबकारी आरक्षक रीतिका चौकस अनुज भुंजिया एवं धीरू सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

## नगर निगम द्वारा जयंत बस स्टैंड पर संचालित दीनदयाल रसोई में मात्र 5 में मिल रहा है भरपेट भोजन

**जागरण वैढ़न।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारते हुए नगर पालिक निगम द्वारा दीनदयाल रसोई योजना का सफल संचालन किया जा रहा है। जयंत बस स्टैंड स्थित केंद्र पर राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप आमजन और यात्रियों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन निरंतर उपलब्ध कराया जा रहा है। निगम प्रशासन यात्रियों की सुविधाओं के प्रति पूरी तरह सजग है और वर्तमान में रसोई का संचालन बस स्टैंड परिसर के निर्धारित कक्ष में पूरी सक्रियता के साथ किया जा रहा है। योजना के नोडल अधिकारी अक्षत उपाध्याय ने बताया कि यहाँ भोजन के साथ.साथ स्वच्छ पेयजल की भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही नवीन भवन में विद्युत साज.सज्जा का कार्य पूर्ण होते ही इसे और भी भव्य और सुविधायुक्त स्वरूप में प्रारंभ कर दिया जाएगा। राज्य शासन की इस योजना के माध्यम से नगर निगम सिंगरौली न केवल गरीब और जरूरतमंदों को संबल प्रदान कर रहा हैए बल्कि स्वच्छता और सेवा के उच्च मानकों के साथ आमजन को बेहतर सुविधाएं देने हेतु सतत प्रयासरत है।

## जनगणना कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वालें प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र देकर कलेक्टर ने किया सम्मानित



**जागरण वैढ़न।** जनगणना 27 के प्रथम चरण में माकान सूचीकरण एवं मकानो के गणना कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने वाले प्रगणको को कलेक्टर एवं जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी गौरव बैनल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि संबंधित प्रगणको के द्वारा अपने आवंटित क्षेत्र में घर घर जाकर प्रथक चरण की गणना कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ पूर्ण किया गया है। सराहनीय कार्य करने पर सभी प्रगणक बधाई के पात्र है। उन्होने कहा कि आगे भी इसी तरह जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से समय पर पूर्ण करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी संजीव पाण्डेय, जिला जनगणना प्रभारी वैभव अग्रवाल उपस्थित रहें।

# योजना शुरू होने के 20 साल बाद भी 30 प्रतिशत स्कूलों में बाउंड्रीवॉल ही नहीं

### शासकीय स्कूलों के कायाकल्प के दावे हवा-हवाई, न दीवार न सफाई, अव्यवस्थाओं के बीच कराई जा रही पढ़ाई



**जागरण, रीवा।** सरकारी स्कूलों में बाउंड्री निर्माण करने की योजना पर 2006-07 में कार्य शुरू किया गया था। करीब 20 साल बाद भी जिले की करीब 30 प्रतिशत स्कूल बाउंड्रीवाल विहीन हैं। शिक्षा के जिम्मेदारों को यह कार्य काफी पहले कर देना चाहिए था लेकिन इनकी लापरवाही के चलते आज तक नहीं हुआ। हजारों मासूम बच्चे बाउंड्रीवॉल विहीन स्कूलों में पढ़ाई करने मजबूर हैं। इनकी चिंता न जनप्रतिनिधियों को है, न ही अफसरों को क्योंकि इनके बच्चे तो सुरक्षित स्कूलों में पढ़ाई करते हैं। जिले में प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी तक के करीब 30 प्रतिशत में बाउंड्रीवॉल नहीं है। बाउंड्री न होने से स्कूल के शिक्षक सबसे अधिक चिंतित रहते हैं। बाउंड्रीवॉल न होने से विद्यार्थियों को होने वाले खतरे की जानकारी शिक्षा विभाग के अफसरों को है लेकिन वे इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। शिक्षक बताते हैं कि अधिकारी और नेता चाह लें, तो एक भी स्कूल बाउंड्री विहीन न हो।

**बाउंड्री विहीन स्कूलों में हैं ये खतरे :** सड़क किनारे की स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को हादसे का खतरा। स्कूलों में पशुओं का डेरा, बच्चों को पहुंचा सकते नुकसान। बाउंड्री न होने से स्कूल परिसर में कचरा-कूड़ा फेंक दिया जाता है। शोर-शराबे से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान होता है। खुले स्कूल परिसर में गंदगी से बच्चों के स्वास्थ्य को खतरा। स्कूल असुरक्षित होने से बच्चों की संख्या घटना।

#### नशेड़ियों का बना अड्डा

ऐसे स्कूल नशेड़ियों का ठिकाना बन गए हैं। ज्यादातर स्कूलों में रात समय नशेड़ियों का जमघट होता है। शहर के चोपड़ा स्कूल मैदान में शाम से ही शराबखोरी होने लगती है, इस तरह से शहरी क्षेत्र में ही कई स्कूल हैं। स्कूलों में स्वच्छता की भी अनदेखी की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल पूरी तरह ग्राम पंचायतों पर निर्भर हैं।

# आंधी से पेड़ गिरा: ट्रांसफार्मर चकनाचूर, 8 बिजली पोल टूटे

### 14 घंटे से 4 गांवों की बिजली गुल, जन जीवन पर असर

### आंधी से गांवों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित



**जागरण, सीधी।** जिले में आंधी-तूफान का कहर करीब एक सप्ताह से बरप रहा है। आंधी से सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित है। विद्युत पोल एवं विद्युत लाइनों के टूटने से ग्रामीण क्षेत्रों में कई दिन सुधार में लग जाते हैं। सुधार होते ही फिर आंधी-तूफान आया तो बिजली आपूर्ति कई दिनों के लिए ठप्प हो जाती है। कुछ ऐसा ही मामला जिले के रामपुर नैकिन अंचल के ग्राम लोढ़ाऊटा का सामने आया है यहां गुरुवार रात आए तेज आंधी-तूफान ने तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण एक विशाल आम का पेड़ बिजली ट्रांसफार्मर पर गिर गया, जिससे ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना से चार गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जो 14 घंटे से अधिक समय तक बाधित रही। गुरुवार रात करीब 9 बजे अचानक मौसम बिगड़ा और आंधी-तूफान शुरू हो गया। लोढ़ाऊटा गांव में ट्रांसफार्मर पर पेड़ गिरने से वह चकनाचूर हो गया। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने देखा कि करीब 8 बिजली के पोल भी धराशायी हो गए थे और कई जगह बिजली के तार टूटकर जमीन पर बिखर गए थे, जिससे बड़े हादसे का खतरा बना हुआ था। घटना के कारण ग्राम मढ़ा, लोढ़ाऊटा, आमडाड़ और बसेड़ी सहित आसपास के कई इलाकों में बिजली पूरी तरह गुल हो गई। बिजली बंद रहने से ग्रामीणों को पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और अन्य दैनिक कार्यों में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली व्यवस्था पहले से ही खराब चल रही थी। आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण गांवों के अंधेरे में डूबने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बदहाल थी, लेकिन समय पर रखरखाव न होने से नुकसान और बढ़ गया। बिजली कंपनी के कनिष्ठ अभियंता सत्य प्रकाश शाह ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई थी। टूटे हुए तारों को सुधारने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

#### गंगोत्री रिसार्ट क्षतिग्रस्त

जिले में गत दिनों आये तेज आंधी-तूफान ने कहर से शहर के डैनिहा स्थिति गंगोत्री रिसार्ट के हाल के टीन सेड टूटने से पीओपी धराशाही हो गई। गंगोत्री रिसार्ट के संचालक सतीश गुप्ता ने बताया कि गत 5 अप्रैल को सुबह आये तेज आंधी-तूफान में रिसार्ट का बड़े हाल के लोहे की एंगल टूटने से टीन सेड गिर गया। जिससे हाल में लगी पीओपी के पूरी तरह से छतिग्रस्त होने के साथ ही विद्युत सप्लाई एवं हाल में लगे एसी सहित अन्य विद्युत उपकरण नष्ट होने के साथ ही हाल में रखी कुर्सी-सोफा भी टूट गये। श्री गुप्ता ने बताया कि इस घटना में लगभग 40-50 लाख की क्षति हो गई है।

# रेडक्रॉस सिंगरौली ने सामाजिक संस्थाओं को किया सम्मानित

### ● मानव संवेदना वार्षिक पत्रिका का हुआ विमोचन

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सेवा समर्पण और मानवता का उत्सव




जागरण वैढ़न

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर डीडीआरसी भवन स्थित सभागार में सम्मान समारोह एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन रेडक्रॉस के संस्थापक महान मानवतावादी जीन हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में मानव सेवा स्वैच्छिक रक्तदान एवं सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष गौरव बैनल की अध्यक्षता रेडक्रॉस चेयरमैन एस.डी. सिंह उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह वाइस चेयरमैन गोविंद प्रसाद पांडेय सचिव डॉ ओ.पी. राय तथा एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय के सीएमओ डॉ बीके. भराली विशेष रूप से उपस्थित में संपन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ रेडक्रॉस संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात रेडक्रॉस चेयरमैन एसण्डीण् सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं विभिन्न संस्थाओं से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया तथा रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। अपने संबोधन में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित ब्लड सेंटर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि 31 अक्टूबर 14 से अब तक कुल 45,215 यूनिट रक्त संग्रहण तथा 42,865 यूनिट रक्त वितरण का कार्य सफलतापूर्वक किया गया है। इसके अतिरिक्त जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बालिका खुला आश्रय गृह एवं प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से संचालित विभिन्न सेवाओं एवं जनहितकारी योजनाओं की भी जानकारी प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि कलेक्टर सह रेडक्रॉस अध्यक्ष गौरव बैनल ने अपने उद्बोधन में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रेडक्रॉस सिंगरौली द्वारा सेवा समर्पण एवं मानवता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्लड सेंटर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी पहल है जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पा रहा है। उन्होंने सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवकों से समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कलेक्टर ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी विशेष सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों की पहचान कृत्रिम अंग निर्माण सहायक उपकरण वितरण फिजियोथेरेपी ऑडियोमेट्री स्पीच थेरेपी एवं विशेष शिक्षा जैसी सेवाएं समाजहित में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य हैं।

#### 30 संस्थाओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में जिले की लगभग 30 शासकीय एवं गैर.शासकीय संस्थाओं को वर्ष 08 मई 25 से 7 मई 26 तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन एवं रक्तदान जागरूकता में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। सभी संस्था प्रतिनिधियों को कलेक्टर द्वारा शाल श्रीफल माला मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित संस्थाओं में प्रमुख रूप से महान एनर्जन लिमिटेड अदानी प्रोजेक्ट हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड महान हॉस्पिटल बरगवाँ महान एनर्जन लिमिटेड ओ एंड एम अदानी पावर संत निरंकारी मंडल सिंगरौली अदानी माइनिंग लिमिटेड सुलियरी अमिलिया कोल माइनिंग लिमिटेड आदित्य बिरला ग्रुप रिलायंस सासन पावर एवं कोल माइंस भाजपा कार्यालय ढोटी ब्राह्मण समाज सिंगरौली श्री साईं शैल मंगलम कॉलेज मोरवा करणी सेना परिवार सिंगरौली एलएंडटी कंपनी प्रोडक्ट एंड सपोर्ट डिवीजन बैढ़न राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय महाविद्यालय बैढ़न जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर बैढ़न एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय वोल्टास लिमिटेड एल एंड टी गोंड देवसर प्रोजेक्ट शेमफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगवां होटल सत्या इंटरनेशनल सिंगरौली आरोग्य फाउंडेशन सेपियंट इंटरनेशनल एकेडमी मोरवा नवोदय मिशन ट्रस्ट विंध्याचल शकुंतला देवी फाउंडेशन पावर ग्रिड कॉरपोरेशन भाजपा मंडल शक्तिनगर भारत विकास परिषद एवं सृष्टि फाउंडेशन सहित अनेक संस्थाएं शामिल रहीं। सभी संस्थाओं द्वारा सम्मान पाकर बहुत ही गौरवान्वित हुए ।



# दुर्व्यवहार, प्रोटोकॉल और नियमों का उल्लंघन: बीसीसीआई ने आईपीएल के सभी फ्रेंचाइजी को जारी की एडवाइजरी

# खिलाड़ियों के कमरों में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक हनी ट्रैप, सुरक्षा जोखिम के प्रति दी चेतावनी

जेएनएन, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने संभावित 'हनी ट्रैप, कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों' के प्रति आगाह करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि बोर्ड की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई (एसीयू) ने 'दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल के उल्लंघन' की घटनाओं को उजागर किया था। बीसीसीआई ने आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के लिए जारी एक पत्र में कहा है कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के कमरों में मेहमानों के प्रवेश के लिए टीम मैनेजरों से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 10 फ्रेंचाइजी के सीईओ को पत्र लिखा है। सैकिया ने पत्र में कहा है, मौजूदा सत्र के दौरान कुछ घटनाओं को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है और इसका उद्देश्य आईपीएल से जुड़े सभी हितधारकों से अपेक्षित पेशेवरपन, अनुशासन, सुरक्षा जागरुकता और प्रोटोकॉल का पालन करने के मानकों को मजबूत करना है। बीसीसीआई के संज्ञान में आया है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र के दौरान खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों से जुड़े दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं हुई हैं। सौकिया ने कहा कि अगर इन घटनाओं पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे टूर्नामेंट, संबंधित फ्रेंचाइजी और संचालन संस्था के रूप में बीसीसीआई की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान हो सकता है। इसके अलावा इससे जुड़े व्यक्ति और फ्रेंचाइजियां कानूनी जिम्मेदारियों और गंभीर सुरक्षा जोखिमों का सामना भी कर सकती हैं।

### मैच के दौरान खिलाड़ियों से बातचीत नहीं कर सकते टीम ऑनर

बीसीसीआई ने उन अज्ञात टीम मालिकों द्वारा किए गए उल्लंघनों का भी जिक्र किया गया है जिन्होंने खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों की पहुंच वाले क्षेत्रों की (पीएमओए) की पवित्रता को नहीं बनाए रखा है। बोर्ड ने कहा, ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिक मैच के दौरान खिलाड़ियों से बातचीत करने, उनके पास जाने, उन्हें गले लगाने या किसी अन्य प्रकार से शारीरिक रूप से संपर्क करने का प्रयास करते हैं। पत्र के अनुसार, भले ही ऐसा व्यवहार सद्भावना से किया गया हो, लेकिन यह प्रोटोकॉल का सीधा उल्लंघन है और टीम की कार्यप्रणाली और मैच के संचालन में हस्तक्षेप माना जा सकता है। इस तरह से बीसीसीआई ने मैच के दौरान मालिकों को खिलाड़ियों से बातचीत करने से प्रतिबंधित कर दिया है। बीसीसीआई ने कहा, आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिकों और उनके प्रतिनिधियों को मैच के दौरान डगआउट, ड्रेसिंग रूम या मैदान में खिलाड़ियों या टीम के अधिकारियों के साथ संवाद करने या शारीरिक रूप से उन तक पहुंचने से सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है। इसमें कहा गया है, सभी फ्रेंचाइजी मालिकों को आईपीएल के पीएमओए प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करना होगा। किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा।



### पत्र में शामिल विषय

- होटल के कमरों में बिना अनुमति बाहरी लोगों का आना
- लाइव मैच के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्रों में फ्रेंचाइजी मालिकों का खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मिलना
- मैच वेन्यू पर वेपिंग करना
- बिना अनुमति टीम होटल छोड़ना


### वेप्स और ई-सिगरेट के इस्तेमाल पर बैन

एडवाइजरी में एक और गंभीर गलत व्यवहार का जिक्र किया गया है, जिसे रेगुलेटरी अधिकारियों ने पाया था-मैदान पर, जिसमें ड्रेसिंग रूम भी शामिल है, वेप्स और बैन चीजों का इस्तेमाल। राजस्थान के कप्तान रियान पराग पर जुर्माना लगाया गया, जब उन्होंने पिछले महीने न्यू चंडीगढ़ में पंजाब के खिलाफ मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में वेप करने की अपनी गलती मान ली। भारत में वेप्स और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का इस्तेमाल बैन है, इसलिए बीसीसीआई ने चेतावनी दी कि इनका इस्तेमाल करना न सिर्फ आईपीएल के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि लागू कानूनी ढांचे के तहत एक संज्ञेय अपराध भी है।

### कमरे में प्रवेश - टारगेटेड कॉम्प्रोमाइज और हनी ट्रैपिंग का खतरा

बीसीसीआई ने कहा कि यह देखा गया है कि कुछ खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों ने संबंधित आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम के मैनेजर की जानकारी या अनुमति के बिना अनधिकृत व्यक्तियों को होटल के अपने कमरों में प्रवेश करने की अनुमति दी है। कई मामलों में टीम मैनेजर को ऐसे मेहमानों की उपस्थिति के बारे में बिल्कुल भी पता नहीं था। इस चलन को तत्काल प्रभाव से सख्ती से प्रतिबंधित किया जाता है। सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को अब एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) दी गई है, जिसका पालन टूर्नामेंट की पूरी अवधि के दौरान करना आवश्यक होगा। पत्र के अनुसार बीसीसीआई सभी फ्रेंचाइजी का ध्यान शीर्ष स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में लक्षित यौन शोषण और 'हनी ट्रैपिंग' (सुनियोजित जासूसी या ब्लैकमेलिंग का तरीका, जिसमें किसी व्यक्ति को प्रेम, यौन आकर्षण या भावनात्मक प्रलोभन में फंसाया जाता है) के जोखिमों की तरफ आकर्षित करता है। आईपीएल फ्रेंचाइजी को ऐसे जोखिमों को कम करने के लिए हर समय सतर्क और सक्रिय रहना चाहिए।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| क्लासेन (हैदराबाद) | 494 |
| अभिषेक (हैदराबाद) | 475 |
| केएल राहुल (दिल्ली) | 445 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरू) | 17 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 17 |
| प्रिंस यादव (लखनऊ) | 16 |



### बाउंड्री मीटर

940 छक्के

1546 चौके

98 अर्धशतक



आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का यह 200वां आईपीएल मैच रहा। इतने मैच खेलने वाले वे 12वें खिलाड़ी बन गए हैं। उनके नाम 215 विकेट दर्ज हैं।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 | 0.737 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 | 0.571 |
| बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 12 | 1.234 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 | 0.510 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 | -0.147 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | 0.151 |
| दिल्ली | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.949 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 | -0.539 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.649 |
| लखनऊ | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.934 |

# रायल्स और टाइटंस में आगे निकलने की जंग

## मैच प्रीव्यू: राजस्थान और गुजरात दोनों के 12 अंक, रॉयल्स बेहतर एनआरआर के कारण आगे

**जयपुर, जेएनएन।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत गुजरात टाइटंस शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल के 52वें मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। राजस्थान और गुजरात की टीम की स्थिति लगभग समान है। इन दोनों ने अब तक 10 मैचों में छह जीत और चार हार दर्ज की हैं। रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट (0.510) के कारण गुजरात से आगे है। गुजरात ने हालांकि लगातार तीन जीत हासिल की हैं और वह शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। रॉयल्स को अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है। आईपीएल में राजस्थान के खिलाफ गुजरात का रिकॉर्ड भी मजबूत रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक नौ मैच हुए हैं, जिनमें गुजरात ने छह और राजस्थान ने तीन मुकाबले जीते हैं। हालांकि राजस्थान ने पिछले दो मैच अपने नाम किए हैं, जिसमें इस सीजन अहमदाबाद में खेला गया रोमांचक मुकाबला भी शामिल है। जयपुर में दोनों टीमों के बीच तीन मैच हुए हैं, जहां राजस्थान ने दो और गुजरात ने एक जीत दर्ज की है। ऐसे में प्लेऑफ की रेस को देखते हुए यह मुकाबला दोनों के लिए बेहद अहम रहने वाला है। यह मुकाबला सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां 220 से अधिक के स्कोर का दो बार सफलतापूर्वक पीछा किया जा चुका है, इसलिए टॉस जीतने वाली टीम पहले फील्डिंग करना पसंद करेंगी।



### फरेरा का बेहतरीन फिनिशिंग टच

डोनोवन फरेरा आईपीएल 2026 में डेथ ओवर्स के सबसे खतरनाक फिनिशर्स में शामिल हो चुके हैं। पिछली तीनों पारियों में उनका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा रहा है। दिल्ली के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 14 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए थे, जो इस सीजन 40 से ज्यादा रन की सबसे तेज पारी है। फरेरा इस सीजन अब तक 7 पारियों में 229 रन बना चुके हैं। उनका औसत 45.8 और स्ट्राइक रेट 178 का है, जबकि उनके बल्ले से दो अर्धशतक भी निकले हैं।

- शुभमन गिल ने 9 पारियों में 378 रन बनाए हैं। उनका औसत 42 और स्ट्राइक रेट 155 का रहा है। गिल ने इस सीजन 3 अर्धशतक लगाए हैं और कई मौकों पर तेज शुरुआत देकर गुजरात को मजबूत आधार दिया है। राजस्थान के खिलाफ आईपीएल में उनका रिकॉर्ड भी काफी अच्छा रहा है। गिल ने राजस्थान के खिलाफ 15 पारियों में 530 रन बनाए हैं, जिसमें 3 अर्धशतक शामिल हैं।
- साई सुदर्शन इस सीजन 10 पारियों में 385 रन बना चुके हैं। उनका औसत 38.5 और स्ट्राइक रेट 158 का है। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक और एक शतक भी निकला है। खास बात यह है कि पारी आगे बढ़ने के साथ उनका स्ट्राइक रेट लगातार बढ़ता जाता है। पहली 10 गेंदों में उनका स्ट्राइक रेट 124 का है, जो 31 गेंदों के बाद 204 तक पहुंच जाता है। सुदर्शन ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ 146 और स्पिनर्स के खिलाफ 188 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। राजस्थान के खिलाफ भी उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने पांच पारियों में 249 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं।

### गुजरात के मध्यक्रम के बल्लेबाजों को रन बनाने होंगे

गुजरात की टॉप ऑर्डर बल्लेबाजी भले शानदार फॉर्म में हो, लेकिन टीम का मिडिल ऑर्डर अब भी चिंता का विषय बना हुआ है। पंजाब के खिलाफ गुजरात आखिरी ओवर तक मैच खत्म नहीं कर सकी और अंत में वॉशिंगटन सुंदर ने टीम को जीत दिलाई। निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया और जेसन होल्डर जैसे बल्लेबाज असर छोड़ने में नाकाम रहे। आईपीएल 2026 में नंबर 4 से 7 तक के बल्लेबाजों की औसत के मामले में गुजरात का मिडिल ऑर्डर सबसे कमजोर टीमों में शामिल है। इस चरण में गुजरात के बल्लेबाजों की औसत सिर्फ 22.6 की है। वॉशिंगटन ने जरूर 209 रन बनाकर कुछ स्थिरता दी है। उनकी औसत 34.8 और स्ट्राइक रेट 148 का है। लेकिन तेवतिया ने सिर्फ 78 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 120 का रहा है, जबकि शाहरुख खान 43 रन ही बना सके हैं और उनका औसत 10.8 का है।

# भारत पहली बार अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल में



**सुझोउ (चीन), जेएनएन।** भारत ने शुक्रवार को अपने आखिरी ग्रुप-बी मैच में लेबनान के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत के साथ पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई करके इतिहास रच दिया। भारत का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना तब पक्का हो गया जब फिलीपींस और चीनी ताइपे अपने आखिरी ग्रुप-सी मैच को 12 या उससे च्यादा गोल के अंतर से जीतने में नाकाम रहे। सूझोउ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए मैच में भारत की ओर से प्रीतिका बर्मन ने छठे और 85वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि अल्वा देवी सेंजाम ने 36वें मिनट और जया ने 72वें मिनट में गोल कर टीम को ऐतिहासिक उपलब्धि के करीब पहुंचा दिया था। इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने से भारत का 2026 फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में स्थान पक्का हो जाएगा। भारत ने 2005 के बाद इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस शानदार जीत ने भारत को टूर्नामेंट की सबसे अच्छी तीसरे स्थान वाली टीमों में से एक के तौर पर क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने में मदद की। फिलीपींस को चीनी ताइपे को 12 गोल से हराना था।

**लेबनान को हराकर 4-0 से हराकर रचा इतिहास, 21 साल बाद जीता मैच**

## ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में होगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य देश में लोकप्रिय हो रही शतरंज संस्कृति का लाभ उठाना है। जीसीएल ने कहा कि मेजबान शहर की घोषणा जल्द की जाएगी। इस आयोजन का तीसरा सत्र पिछले दिसंबर में मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसमें एल्पाइन एसजी पाइपर्स टीम चैंपियन बनी थी। लीग ने खेल के प्रारूप में बदलाव किया है। रैपिड प्रारूप के मुकाबलों, मिश्रित टीमों और कड़े प्रतिस्पर्धी मैचों के जरिए इसे दर्शकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने की कोशिश की जा रही है।



## एस्टन विला यूरोपा लीग के फाइनल में

**लंदन, जेएनएन।** जॉन मैकगिन के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। यह पिछले 44 वर्षों में पहला अवसर है, जबकि एस्टन विला ने यूरोप के किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इंग्लैंड की दो टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल में एस्टन विला ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा था। वह सेमीफाइनल के पहले चरण में 0-1 से हार गया, लेकिन आखिर में 4-1 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करने में सफल रहा। एस्टन विला 20 मई को इस्तांबुल में होने वाले फाइनल में जर्मन क्लब फ्रीबर्ग से भिड़ेगा। फ्रीबर्ग ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में ब्रागा को 3-1 से हराकर कुल 4-3 से जीत हासिल की।



## रोनाल्डो ने दागा सऊदी प्रो लीग में 100वां गोल

**अल-नासर ने अल-शबाब को 4-2 से हराया**

**रियाद, जेएनएन।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में अपना 100वां गोल किया, जिससे अल-नासर ने अल-शबाब को 4-2 से हराकर तालिका में शीर्ष पर पांच अंकों की बढ़त बना ली। इस 41 वर्षीय फॉरवर्ड ने गुरुवार को मैच समाप्त होने से 15 मिनट पहले साडियो माने के क्रॉस पर हुए गोल किया, जो उनके करियर का 971वां गोल है। यह इस सत्र में लीग में उनका 26वां गोल भी था। चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी जोआओ फेलिक्स ने अल-नासर की तरफ से तीन गोल किए। इस जीत से अल-नासर के 32 मैचों में 82 अंक हो गए हैं, जो दूसरे नंबर पर काबिज अल-हिलाल से पांच अंक अधिक हैं। अल-हिलाल को अभी तीन मैच खेलने हैं जो अल-नासर से एक अधिक है। पांच बार के बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल-नासर से जुड़े थे, लेकिन उनकी मौजूदगी में इस टीम ने सऊदी अरब में अभी तक कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीती है।

## रैपिड के आखिरी दौर में कारुआना को हराकर चौथे स्थान पर रहे गुकेश

**वारसॉ (पोलैंड), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराकर संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। पिछले कुछ महीनों से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले गुकेश ने इस तरह से फॉर्म में वापसी की। अब ब्लिट्ज वर्ग में 18 दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। रैपिड के अंतिम दिन 19 साल के गुकेश ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ हार के साथ शुरुआत की और फिर आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ ड्रॉ खेला।

### मैदान से हटकर

## शिखर धवन ने गुरुग्राम में कराया शादी का रजिस्ट्रेशन



पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने गुरुग्राम में शादी का पंजीकरण करवाया। धवन अपनी पत्नी सोफी के साथ विकास सदर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय आए और शादी के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। अधिकारी ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य और एक पंडित भी वहां मौजूद था। जब उनकी पत्नी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर रही थीं तो पीछे से एक व्यक्ति ने मजाक में पूछा, क्या पंडित की फोटो आ रही है या नहीं? औपचारिकताएं पूरी होने के बाद विवाह रजिस्ट्रार के अधीक्षक वासुदेव ने विवाह प्रमाण पत्र जारी किया। गुरुग्राम रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारी ने बताया, शिखर धवन अपनी पत्नी सोफी के साथ विवाह रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे। उनके साथ परिवार के करीब सात सदस्य और दोस्त थे। दस्तावेजों की औपचारिकताएं पूरी होने में करीब 35 मिनट लगे और उन्हें विवाह प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। धवन ने 21 फरवरी 2026 को दिल्ली-एनसीआर में एक निजी समारोह में आयरलैंड की सोफी शाइन से शादी की थी। दोनों की 12 जनवरी को सगाई हुई थी। (जेएनएन)

### सिटी स्पोर्ट्स

# भोपाल के अनुभव को गोल्ड दुर्गा ने जीता रजत व कांस्य

**पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग 200 पाइंट टूर्नामेंट**

**भोपाल, खेप्र।** शहर के अनुभव तोलानी ने पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग 200 पाइंट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं दुर्गा सूर ने रजत और कांस्य पदक जीता। इनाया मूलचंदानी ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय और मध्यप्रदेश पिकलबाल एसोसिएशन द्वारा यह टूर्नामेंट इंदौर के सूर्या पिकलबाल अकादमी में खेला गया। यह सभी खिलाड़ी ऐस क्लब भोपाल में प्रशिक्षण हासिल करते हैं। ऐस अकादमी के आदित्य सूर ने बताया कि अनुभव ने पुरुष वर्ग 30 से अधिक आयु वर्ग में सोने का तमगा हासिल किया।




दुर्गा ने महिलाओं की 30 प्लस इवेंट में रजत और ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। इनाया ने अंडर-12 बालिका वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जून में भोपाल में पिकलबाल वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट ऐस क्लब में आयोजित होगा।

**भोपाल के साई में 15 मई से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज**

# अंडर-19 हॉकी पुरुष टीम की कमान केतन को, महिला टीम की कप्तानी करेंगी स्वीटी

**भोपाल, जेएनएन।** हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक होने वाली घरेलू सीरीज के लिए 24 सदस्यीय अंडर-18 पुरुष और महिला टीमों का ऐलान किया। चार मैचों की सीरीज भोपाल के साई पर खेली जाएगी। यह जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरुष और महिला अंडर-18 एशिया कप की तैयारियों के लिए अहम है। टीम का चयन राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान किया गया, जिसमें 42 खिलाड़ियों के समूह में से मैच फिटनेस और तकनीकी कौशल के आधार पर 24 को चुना गया। फॉरवर्ड केतन कुशवाहा अंडर-18 पुरुष टीम के कप्तान होंगे, जबकि महिला टीम की कमान स्वीटी कुजूर को सौंपी गई है। पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा कि शिविर के बाद हमने 24 खिलाड़ियों को चुना जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के योग्य हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच इस टीम की असल परीक्षा होगी। जापान में होने वाले अंडर 18 एशिया कप से पहले यह देखना होगा कि टीम ऑस्ट्रेलियाई शैली की हॉकी का दबाव कैसे झेल पाती है।



**पुरुष टीम: गोलकीपर:** सावन कुमार, आयुष रजक, विशाल बड़ा, **डिफेंडर:** अंश बहुत्रा, आशीष तानी पूर्ति, अरमान सोरेंग, दीपकप्रकाश टोप्पो, करण गौतम, करण धानुक, **मिडफील्डर:** प्रेमचंद सोय, राहुल यादव, वरिंदर सिंह, रोमित पाल, अर्जनदीप सिंह, गुरसिमरनप्रीत सिंह, अर्शदीप सिंह, अवि मानिकपुरी, **फॉरवर्ड:** आकाश दीप, केतन कुशवाहा (कप्तान), शाहरुख अली, गाजी खान, प्रहलाद राजभर, सिद्धार्थ बेन, जेसान कांडुल्ना।

**महिला टीम: गोलकीपर:** महक परिहार, हैरी, खिली कुमारी, **डिफेंडर:** सुगन सांगा, नीलम टोप्नो, रूबिना बक्सला, किरण इक्का, दिव्या यादव, सुलोचनी, **मिडफील्डर:** श्रुति कुमारी, दिया, हर्षिता, रशमीन कौर, लामिंगांबी एकोइजाम, नैंसी सरोहा, तोंगब्राम लांचेंबी देवी, स्नेहा दावडे, **फॉरवर्ड:** नौशीन नाज, स्वीटी कुजूर (कप्तान), प्रियंका मिंज, संदीपा कुमारी, नम्मी गीताश्री, प्रिंसेस प्रिया इक्का, पुष्पा मांझी।

## समाधान समारोह के तहत विशेष लोक अदालत शिविर 21 से 23 अगस्त तक

**सतना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना द्वारा समाधान समारोह 2026 योजना अंतर्गत विशेष लोक अदालत शिविर का आयोजन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस विशेष लोक अदालत में बैंकिंग एवं बीमा, सिविल (दीवानी), मोटर दुर्घटना प्रतिकर, उपभोक्ता विवाद, रेरा, पारिवारिक विवाद, वाणिज्यिक एवं आर्बिट्रेशन, भूमि अधिग्रहण, शासकीय सेवा, किराया नियंत्रण, सार्वजनिक परिसरों (बेदखली), श्रम एवं औद्योगिक विवाद सहित अन्य सभी समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

## नगर परिषद नागौद वार्ड 13 में उपचुनाव हेतु अधिकारी नियुक्त

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा नगर परिषद नागौद के वार्ड क्रमांक 13 के रिक्त पार्षद पद पर उप निर्वाचन संपन्न कराने हेतु आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जारी आदेश में उपचुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नागौद जीतेन्द्र कुमार वर्मा को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नागौद प्रज्ञा दुबे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।




# राशि आहरित मगर अब तक शुरू नहीं हुआ काम, जिला पंचायत सीईओ से हुई शिकायत

## जिला पंचायत सदस्य ने सरपंच, सचिव व उपयंत्री के विरुद्ध खोला मोर्चा

**जागरण, सतना**

राशि आहरित करने के बाद भी अब तक काम शुरू नही हो पाने से नाराज जिला पंचायत सदस्य ने सीईओ जिला पंचायत को शिकायत सौपी है। उल्लेखनीय है कि ज्यादातर ग्राम पंचायतों में कुछ इसी तरह के हाल देखे जाते है कि सरपंच सचिव द्वारा राशि तो आहरित कर ली जाती है मगर कार्य शुरू करने में आना कानी की जाती है। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत मैहर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जीत नगर का सामने आया है जिसमें जिला पंचायत सदस्य जयंती महेश तिवारी जिला पंचायत सीईओ के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। अब देखना ये है कि यह शिकायत सामने आने के बाद जिला पंचायत सीईओ क्या कार्यवाही करते है।



**ये है मामला :** जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 10 से निर्वाचित सदस्य श्रीमती जयंती महेश तिवारी ने शिकायत में स्पष्ट उल्लेख किया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद से डैम निर्माण के लिए स्वीकृत मिली थी मगर जनता के हित व मांग को देखते हुये विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा आरईएस विभाग व जनपद के उपयंत्री भौतिक स्थिति का आकलन कर कार्य में संशोधन का प्रस्ताव भोपाल भेजा गया था जिस पर पंचायत राज संचालनालय द्वारा संशोधित आदेश जारी कर डैम निर्माण के स्थान पर उचित मूल्य दुकान निर्माण जिला लागत राशि 11 लाख 84 हजार रूपये थी उसे स्वीकृत कर राशि भी जारी कर दी गई थी। शिकायत में उल्लेख किये गये है कि सरपंच सचिव और उपयंत्री द्वारा मिली भगत कर राशि तो आहरित कर ली गई मगर काम अभी तक शुरू नही हो पाया है।



सरपंच सचिव द्वारा राशि आहरित किये जाने के बाद भी अब तक शुरू नही किया गया जिससे ऐसा लगता जैसे उनकी मनसा कार्य करने की नही है। राशि आहरण कर कार्य प्रारंभ न करना वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। इस मामले की शिकायत जिला पंचायत सीईओ से कर कार्यवाही की मांग की गई है।

**जयंती महेश तिवारी सदस्य**
**जिला पंचायत सतना**

## लोक अदालत आज



**सतना।** नगर पालिक निगम सतना द्वारा शनिवार 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में शहर के कर बकायेदारों को बड़ी राहत दी जाएगी। लोक अदालत के माध्यम से संपत्तिकरए संलग्न करों एवं जलकर के लंबित प्रकरणों में अधिभार पर 100 प्रतिशत तक की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। संपत्तिकर के ऐसे प्रकरणए जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक हैए उनमें अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। वहीं 1 लाख रुपये तक की राशि वाले मामलों में 50 प्रतिशत तथा 1 लाख रुपये से अधिक राशि वाले प्रकरणों में 25 प्रतिशत अधिभार छूट प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार जलकर के बकायों में 10 हजार रुपये तक की राशि पर 100 प्रतिशतए 50 हजार रुपये तक पर 75 प्रतिशत तथा 50 हजार रुपये से अधिक की राशि वाले मामलों में 50 प्रतिशत अधिभार छूट का लाभ दिया जाएगा।करदाता संबंधित जोन कार्यालय अथवा निगम मुख्यालय से कर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। डॉ शेर सिंह मीना आयुक्त नगर पालिक निगम सतना ने निगम क्षेत्र के करदाताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में अधिभार छूट का फायदा उठाकर अपने लंबित कर प्रकरणों का निराकरण कराएं।










# धीमा चल रहा था निर्माण कार्य कलेक्टर ने दी अंतिम चेतावनी नोटिस



**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को महापौर योगेश ताम्रकार के साथ सोनौरा में निर्माणाधीन मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गति धीमी पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी को 15 दिवस का अंतिम चेतावनी नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई जाती है, तो संबंधित निर्माण एजेंसी का टेंडर निरस्त कर एजेंसी को टर्मिनेट करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में निर्माणाधीन एडमिन ब्लॉक, स्विमिंग पूल, मल्टी स्पोर्ट्स हॉल एवं इंडोर स्पोर्ट्स हॉल का अवलोकन किया तथा गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जिले के खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र साबित होगा। उन्होंने परिसर में खिलाड़ियों एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए कैंटीन अथवा रेस्टोरेंट विकसित करने का सुझाव भी दिया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा, उत्कर्ष प्रताप सिंह, ई.ई. मुकेश चतुर्वेदी, उपयंत्री अश्वनी सिंह, शैलेंद्र सिंह दहायत सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ई-प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन का आंकड़ा 60 हजार के पार

**जागरण, सतना।** प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर की प्रवेश प्रक्रिया क्रमशः एक और 2 मई को शुरू हो चुकी है। उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिये पंजीयन कराने के लिए दिनांक 7 मई 2026 तक विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों में कुल 60 हजार 768 पंजीयन हो गए हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों में 39 हजार 579, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 8,364 तथा एनसीटीई पाठ्यक्रमों में 12 हजार 825 पंजीयन हुए हैं। इसी प्रकार कुल 36,189 विद्यार्थियों द्वारा चॉइस फिलिंग तथा 23,964 आवेदनों का सत्यापन पूर्ण किया जा चुका है। उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई 2026 से पूर्व अपना पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर लें। प्रथम चरण की आवंटन सूची 20 मई 2026 को ई-प्रवेश पोर्टल पर जारी की जाएगी।

# उत्कृष्ट जनगणना कार्य करने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का हुआ सम्मान

**जागरण, सतना।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में जनगणना 2027 का कार्य निरंतर प्रगति पर है। जनगणना कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को शुक्रवार को तहसील रघुराजनगर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं एक हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें ग्राम रामपुर चौरासी एचएलबी-144 की प्रगणक श्रीमती प्रीतू बागरी और ग्राम कुवां एचएलबी-224 में प्रगणक सतीश चौधरी शामिल है। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी सौरभ मिश्रा ने बताया कि ग्राम रामपुर चौरासी एचएलबी-144 की प्रगणक श्रीमती प्रीतू बागरी द्वारा एचएलओ ऐप के माध्यम से 157 भवनों, 209 जनगणना मकानों एवं 145 परिवारों की 100 प्रतिशत प्रविष्टि सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा से पहले ही कार्य पूरा कर लिया तथा कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहा। इस कार्य में पर्यवेक्षक कुंतीश श्रीवास्तव का मार्गदर्शन रहा। इसी प्रकार ग्राम कुवां एचएलबी-224 में प्रगणक सतीश चौधरी ने 140 जनगणना मकानों का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें पर्यवेक्षक अनुराग सिंह का सहयोग रहा।



## हाइवा ने बाइक सवार को मारी ठोकर, मौके पर मौत

**सतना।** शुक्रवार को एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने आरोपी चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक की पहचान सभापुर निवासी जितेंद्र कुशवाहा 26 पुत्र हीरालाल कुशवाहा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसारए जितेंद्र बाइक से सतना की ओर आ रहा था। इसी दौरान कृपालपुर के पास पीछे से आ रहे हाइवा डंपर क्रमांक यूपी 93 ए टी 7469 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। लोगो ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाइवा चालक युवक को रौंदते हुए आगे निकल गया। हादसे के बाद बाइक हाइवा में फंस गई। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोलगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि जितेंद्र किसी परिचित से मिलने सतना आ रहा था। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा**- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com